# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 25 मार्च, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 80, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 1372 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 400 अंक की बढ़त रही। } 10

## राष्ट्रपति भवन ने तृणमूल कांग्रेस को मिलने का फिर नहीं दिया समय

राष्ट्रपति भवन ने तृणमूल कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने का समय मांगे जाने के अनुरोध को समयाभाव का हवाला देकर फिर ठुकरा दिया है। } 10



# युद्ध के हालात पर ट्रंप और मोदी ने की बात

## समुद्री सुरक्षा को लेकर किया मंथन, तनाव कम करने पर दिया जोर

एजेंसी



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत और अमेरिका के बीच उच्च स्तर पर अहम बातचीत हुई है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन पर बात कर क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने की जरूरत पर दोनों नेताओं ने गंभीरता से विचार किया, क्योंकि यह वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। अमेरिकी राजदूत की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हुई बातचीत में पश्चिम एशिया के हालात और समुद्री सुरक्षा पर फोकस रहा। दोनों नेताओं ने माना कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला रहना जरूरी है ताकि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब इस्राइल-ईरान तनाव के कारण क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ रही है। बातचीत के दौरान भारत ने तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सुगम बने रहना पूरी दुनिया के लिए बेहद जरूरी है। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में स्थिरता और शांति के प्रयासों को लेकर संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बातचीत के एक दिन पहले दावा किया था कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत हो रही है और कई मुद्दों पर सहमति बनने की स्थिति है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष समझौता चाहते हैं और अगर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ी तो कुछ ही दिनों में समाधान निकल सकता है। ट्रंप का यह भी कहना है कि बातचीत की पहल ईरान की तरफ से हुई है और अमेरिका सिर्फ उसका जवाब दे रहा है। हालांकि ईरान ने ट्रंप के इन सभी दावों को सिरे से खारिज कर दिया था। ईरान के शीर्ष नेताओं ने साफ ...शेष पृष्ठ 10 पर

# इजराइल और अरब देशों को ईरान ने बनाया निशाना

## ईरान और लेबनान पर हमले जारी रखेगा इजराइल : नेतन्याहू



दुबई। ईरान ने मंगलवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों को निशाना बनाकर लगातार हमले करना जारी रखा और इस दौरान उसकी एक मिसाइल तेल अवीव के मध्य में स्थित सड़क पर गिरी। वहीं इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका द्वारा युद्धविराम पर विचार करने के बावजूद ईरान और लेबनान पर इजराइल हमले जारी रखेगा।

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने ईरान को दी गई वह समय सीमा भी आगे बढ़ा दी जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए नहीं खोलने पर ईरान के बिजली संयंत्रों को हवाई हमलों में निशाना बनाने की चेतावनी दी गई है। इससे तेल की कीमतों में थोड़ी गिरावट आई और शेयर बाजारों में तेजी दिखी। सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान की ओर से एक-दूसरे को दी गई हमलों की धमकियों के बाद इस समयसीमा को आगे बढ़ाने से राहत मिली है। इन हमलों से ईरान और खाड़ी क्षेत्र के लाखों लोगों के घरों की बिजली गुल हो सकती थी और कई रेगिस्तानी देशों को पीने का पानी मुहैया कराने वाले जलशोधन संयंत्र ठप हो सकते थे। परमाणु संयंत्रों पर हमले की आशंका भी जताई गई थी, जिससे संभावित तबाही का डर पैदा हो गया था। लेकिन ट्रंप द्वारा ईरान के ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ईरान पर हमले का सुझाव सबसे रक्षा मंत्री ने दिया

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पश्चिम एशिया के मुद्दे पर करीबी सहयोगियों के साथ चर्चा के दौरान ईरान पर हमला करने का सुझाव सबसे पहले रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दिया था। ट्रंप ने यह बात सोमवार को टेनेसी में आयोजित मेम्फिस सेफ टास्क फोर्स गोलमेज बैठक में कही। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि निर्णय लेने से पहले उन्होंने हेगसेथ और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन, वायु सेना के जनरल डैन केन सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को फोन कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### सप्तम-कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोज्वलसमल्लोह लताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिभयंकरी॥

कालरूपी भय की भी रात्रि अर्थात काल की काल, भक्तों के भय रूपी अंधकार को प्रकाशित करने वाली एवं दुष्टों को भय देनी वाली कारात्रि ही मां दुर्गा का सप्तम स्वरूप हैं।

# अपराधियों और माफिया पर फिर बरसे सीएम योगी

## वैश्विक अनिश्चितता के दौर में यूपी बना सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश गंतव्य, उद्योगों में बाधा डालने वालों पर हो रही सख्त कार्रवाई: सीएम

विशेष संवाददाता




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को निवेश मित्र 3.0 सिंगल विंडो सिस्टम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश को औद्योगिक निवेश का प्रमुख गंतव्य बनाने के लिए पिछले 9 वर्षों में व्यापक प्रयास किए गए हैं। उन्होंने 2017 की स्थिति को याद करते हुए कहा कि जब निवेश के लिए उद्यमियों को यूपी आने का आमंत्रण दिया जाता था, तो वे इस पर हंसते थे और कई लोग तो पहले से ही यहां न आने का संकल्प लेने की बात करते थे।

उस समय प्रदेश की छवि इतनी खराब थी कि निवेश की बात करना भी असहज लगता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नकारात्मक धारणा के पीछे दो प्रमुख कारण थे। पहला, पहचान का संकट और दूसरा, माफिया व आपराधिक गिरोहों का प्रभाव, जो हर जिले और थाने में समानांतर सत्ता चलाकर उद्यमियों, व्यापारियों, महिलाओं और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ था। तब हमने इस माफिया की कमर तोड़ने, इसे पूरी तरह कुचलने का निर्णय किया। हमने तय किया कि हम उत्तर प्रदेश के अंदर अपराध और अपराधी के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत हम कार्य करेंगे। जीरो टॉलरेंस की वह नीति पहले दिन से आज तक अनवरत बनी हुई है। अपराधी कोई भी हो, माफिया कोई भी हो, किसी भी प्रकार का कोई सरपरस्त क्यों न हो, अगर उसने कहीं दुस्साहस किया तो ये मानकर चलिए कि वह अपने उस दुस्साहस के लिए यमराज के पास जाने के लिए अपना टिकट काट रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में पारदर्शी नीतियों, सख्त कानून-व्यवस्था, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग-अनुकूल माहौल के जरिए अपनी पहचान को पूरी तरह बदला है। आज उत्तर प्रदेश न केवल निवेशकों के लिए सुरक्षित गंतव्य बना है, बल्कि यहां उन्हें स्केलेबल बिजनेस के लिए अनुकूल इकोसिस्टम, विशाल उपभोक्ता बाजार, कुशल युवा मानव संसाधन और सीमलेस कनेक्टिविटी जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक साथ उपलब्ध हो रही हैं। यही कारण है कि जो निवेशक पहले प्रदेश आने से हिचकते थे, आज वही यहां निवेश के लिए आगे आ रहे हैं और उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख औद्योगिक एवं आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने नवरात्रि के दौरान आयोजित कार्यक्रम में 45 कंपनियों को इंसेंटिव वितरण और 62 कंपनियों को लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) प्रदान किए जाने को प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों के माध्यम से लगभग 50,000 करोड़ रुपये निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे करीब 50 हजार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने सभी उद्यमियों को बधाई देते हुए कहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

### क्रिकेटर रिंकू सिंह समेत छह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बने अधिकारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को लोकभवन में आयोजित समारोह में सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर पदक के पीछे एक कहानी होती है। केवल भाग्य ही नहीं, बल्कि उसके पीछे संघर्ष, अनुशासन व हार न मानने का दृढ़ संकल्प भी होता है। जितना पसीना बहेगा, जीत उतना ही निकट आएगी। खेल गिरना, उठना और जीतना सिखाता है। जो गिरेगा, वही उठेगा और जो उठेगा, वही जीतेगा। जो गिरने से कांप जाएगा, वह उठ नहीं पाएगा। उन्होंने नियुक्ति पत्र, लक्ष्मण व लक्ष्मीबाई अवॉर्ड हासिल करने वाले और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सम्मानित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार राशि को बढ़ाने का समय आ गया है। अगले वर्ष से इसे 3.11 लाख रुपये के बजाय 10-10 लाख किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वीरवर लक्ष्मण समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा व अनुशासन के प्रतीक हैं। रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार नारी गरिमा, स्वावलंबन और तेज का प्रतीक है। यह सम्मान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता है। सीएम योगी ने कहा कि युवा शक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की भी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रदेश सरकार नौ वर्ष के नवनिर्माण कार्यक्रम के साथ बढ़ रही है। इस दौरान हमारी सरकार ने पुरस्कार और प्रोत्साहन के रूप में 200 करोड़ रुपये खिलाड़ियों को उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा भारत की समृद्ध परंपरा के रूप में कबड्डी, कुश्ती, खो-खो समेत अनेक देसी खेल को बढ़ाया।

### संक्षेप

#### दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से बजट पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विधानसभा परिसर की तलाशी के बाद अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और तलाशी अब भी जारी है। सुबह सात बजकर 28 मिनट पर विधानसभा को बम की धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ।

#### लालू की जमीन के बदले नौकरी मामले में याचिका खारिज

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालूप्रसाद यादव को मंगलवार को एक बड़ा झटका लगा जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनके और उनके परिवार से जुड़े जमीन के बदले नौकरी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने पूर्व रेल मंत्री एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री यादव की याचिका खारिज कर दी, जिसमें 2022, 2023 और 2024 में दायर तीन आरोपपत्रों और बाद के संज्ञान लेने के आदेशों को रद्द करने का अनुरोध भी किया गया था।

# सीएम धामी ने बालिकाओं का किया पूजन

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। बेटियों के संस्कार, समर्पण और संवेदनशीलता समाज को नई दिशा देते हैं, इसलिए उनका संरक्षण, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उक्त विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेमनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर परिसर में आयोजित भव्य कन्या पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर 1100 बालिकाओं का श्रद्धापूर्वक पूजन किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में बेटियों को देवी के रूप में पूजनीय माना गया है और वे समाज के समग्र विकास की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों के संस्कार, समर्पण और संवेदनशीलता समाज को नई दिशा देते हैं, इसलिए उनका संरक्षण, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को समझने का महत्वपूर्ण अवसर भी है। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन हमारी परंपरा का ऐसा रूप है, जो हमें दया, करुणा और विनम्रता जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों को गति देते हैं। ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अब 35 दिन बाद मिलेगा सिलिंडर

## एक सिलिंडर वालों को मिलेगा 25 दिन में, तेल कंपनियों ने नये नियम किये लागू

एजेंसी



गाजियाबाद। यूपी एलपीजी एसोसिएशन और गाजियाबाद एलपीजी एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि नए नियमों को तत्काल लागू कर दिया गया है। तेल कंपनियों ने गैस आपूर्ति के नए नियम लागू कर दिए हैं। अब जिनके यहां दो सिलिंडर हैं उनको 35 दिन बाद गैस सिलिंडर की आपूर्ति की जाएगी। वहीं उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद सिलिंडर देने का नियम लागू किया गया है। यूपी एलपीजी एसोसिएशन और गाजियाबाद एलपीजी एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि नए नियमों को तत्काल लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी एजेंसियों पर यह सूचना आ गई है कि जिनके पास एक सिलिंडर है उन्हीं को 25 दिन बाद सिलिंडर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि कॉमर्शिलय सिलिंडर की आपूर्ति भी सिर्फ आपात सेवाओं और शिक्षण संस्थानों के लिए की जा रही है। इससे पहले एलपीजी सिलिंडरों की किल्लत के बीच भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने एक नई प्रक्रिया शुरू की थी। जिसमें जिन उपभोक्ताओं ने सालाना कोटे के 12 सिलिंडर रिफिल करा लिए हैं, उन्हें नई बुकिंग के लिए हेलो बीपीसीएल एप पर जाकर सवालों के जवाब देने होंगे। परिवार के सदस्यों की संख्या, आने वाले मेहमानों का विवरण, घर में शादी, भंडारा या कोई अन्य आयोजन है तो उसकी भी जानकारी देनी होगी। तभी सिलिंडर बुक होगा। इसके लिए कुछ सवाल का जवाब देना होगा जैसे- परिवार में छह या इससे अधिक सदस्य हैं परिवार में मेहमान आए हैं। शादी, भंडारा या अन्य कोई कार्यक्रम है एवं अन्य घरेलू उपयोग के लिए।

**विशेष खबर**

## सांसद रवि किशन व पूर्व सांसद डॉ. गिरीश सांधी की गरिमामयी उपस्थिति रही

# गोरखपुर में अखिल भारतीय वैश्य सम्मेलन में सम्मानित किये गये विराज सागर दास

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। महानगर के सिविल लाइंस स्थित गोरखपुर क्लब में मंगलवार को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में वैश्य महाकुंभ एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विराज सागर दास को वैश्य रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

जिसकी शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राज्यसभा व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश सांधी व विशिष्ट अतिथि विराज सागर दास अध्यक्ष उप्र ओलंपिक एसोसिएशन एवं प्रेसिडेंट बीबीडी ग्रुप, सुधीर एस. हलवासिया प्रदेश अध्यक्ष, ...शेष पृष्ठ 10 पर





# 13 साल से कोमा में चल रहे हरीश राणा का एम्स में निधन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद एम्स-दिल्ली में मंगलवार को निधन हो गया।

सूत्रों ने यह जानकारी दी। राणा (31) को 14 मार्च को गाजियाबाद स्थित उनके घर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की उपशामक देखभाल इकाई (पैलिएटिव केयर यूनिट) में स्थानांतरित किया गया था। वह 2013 से कोमा में थे। उससे तीन दिन पहले, 11 मार्च को उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में हरीश राणा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। राणा पंजाब विश्वविद्यालय में बीटेक के छात्र थे। वह 2013 में चौथी मंजिल की बालकनी से गिर गए थे और उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं। तब से वह कोमा में थे और उन्हें कृत्रिम पोषण और कभी-कभी ऑक्सीजन की सहायता दी जा रही थी। निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि मरणासन्न या लाइलाज बीमारी से जूझ रहे किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना, ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके।

# छह खिलाड़ियों को मिले नियुक्ति पत्र

## छह खिलाड़ियों को मिले नियुक्ति पत्र, नौ बने लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित समारोह में हॉकी खिलाड़ी गाजीपुर के राजकुमार पाल के अलावा पैरा खिलाड़ी प्रवीण कुमार (गौतमबुद्धनगर) को डीएसपी के नियुक्ति पत्र दिए। साथ ही पैरा खिलाड़ी अजीत सिंह (इटावा) सिमरन (गाजियाबाद) और प्रीतिपाल सिंह (मुजफ्फनगर) को जिला पंयायत राज अधिकारी के नियुक्ति पत्र दिए।

रिंकू सिंह (अलीगढ़) आईपीएल की तैयारियों के चलते समारोह में भाग नहीं ले सके। उन्हें खेल विभाग में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा सीएम ने प्रदेश के नौ खिलाड़ियों को प्रदेश के सबसे बड़े खेल सम्मान लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड से नवाजा। इसमें गाजीपुर के उत्तम सिंह (हॉकी), प्रयागराज के अभिजीत कुमार (जिम्नास्टिक), नोएडा के जोंटी कुमार (कुश्ती), आगरा के यश कुमार (पैरा कैनोइंग) और नोएडा के प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स) को लक्ष्मण अवॉर्ड और सहारनपुर की प्राची (एथलेटिक्स), बागपत की तान्या चौधरी (एथलेटिक्स), लखनऊ की प्रगति केसरवानी (पैरा टेबल टेनिस) और नोएडा की वंकिता अग्रवाल (शतरंज) को रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड दिया गया।

समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने वाले 14 खिलाड़ियों को एक करोड़ 64 लाख रुपए की धनराशि दी गई। सीएम योगी ने जापान के काईजेन (निरंतर सुधार) व मोनो जुकरी (उत्कृष्ट निर्माण कला) का जिक्र किया और कहा कि हर कार्य में निरंतर सुधार की गुंजाइश होती है। अच्छा करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। ये सिर्फ दो शब्द नहीं, बल्कि जीवन की अवधारणा है। जो जीवन को लक्ष्य तक पहुंचाने में नई कार्यशैली का हिस्सा होता है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के खेल सचिव सुहास एलवाई ओलंपियन हैं। उन्होंने कई बार देश के लिए ओलंपिक समेत अन्य बड़े खेल मंचों पर पदक जीते हैं। साथ ही खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह भारतीय हॉकी टीम को लीड कर चुके हैं। उस फील्ड से जुड़ा व्यक्ति कार्य करता है तो खेल की गतिविधियां भी बढ़ती हैं। उम्मीद है कि दोनों मिलकर प्रदेश में खेल को बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे।

### प्रोत्साहन राशि पाने वाले खिलाड़ी

- विनय- गोरखपुर- पैरा पावरलिफ्टिंग- 40 लाख
- विक्रांत बालियान- मेरठ- वुशु- 15 लाख
- सागर दांगी- बागपत- शूटिंग- 15 लाख
- दीपक- गाजियाबाद - पर्वतारोही- 15 लाख
- ले. कर्नल भानु पाठक- गोरखपुर- पर्वतारोही- 15 लाख
- तनुश्री पांडेय- लखनऊ- सॉफ्ट टेनिस- 14 लाख
- ओम यादव- लखनऊ- सॉफ्ट टेनिस- 12 लाख
- राजकुमार पाल- गाजीपुर- हॉकी- 10 लाख
- यश कुमार- आगरा- पैरा कैनोइंग- 10 लाख
- मुस्कान यादव- प्रयागराज - सॉफ्ट टेनिस- छह लाख
- अभय सिंह- वाराणसी- कयाकिंग व कैनोइंग- पांच लाख
- श्रवण कुमार- बागपत- शूटिंग- तीन लाख
- यश तोमर- बागपत- शूटिंग- दो लाख
- ईशान खान- बागपत- शूटिंग- दो लाख

# एआई और सिंगल विंडो सिस्टम से निवेश प्रक्रिया होगी आसान

## कम दस्तावेज, कम प्रक्रियाएं और रियल-टाइम ट्रैकिंग से निवेशकों को मिलेगा बेहतर अनुभव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ किया। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म निवेश मित्र 3.0 को विकसित किया गया है, जो निवेशकों के लिए एक तेज, पारदर्शी और उपयोगकर्ता-अनुकूल प्रणाली के रूप में सामने आया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और मजबूत करते हुए धारा 80 के तहत लैंड यूज की जटिल प्रक्रिया को समाप्त कर दिया गया है। अब मास्टर प्लान के तहत नक्शा पास होते ही लैंड यूज स्वतः स्वीकृत माना जाएगा और अलग से किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं होगी। साथ ही निवेश मित्र 3.0 को लॉन्च कर 43 से अधिक विभागों की 530 सेवाओं को सरल बनाकर 200 से कम सेवाओं में समेकित किया गया है। इसमें पैन आधारित सिंगल यूजर आईडी, डायनेमिक सीएएफ, एआई चैटबॉट, रियल-टाइम ट्रैकिंग, ऑटोमेटेड अलर्ट और एंड-टू-एंड ऑनलाइन मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं दी गई हैं। यह प्लेटफॉर्म एनएसडब्ल्यूएस, आईजीआरएस और जीआईएस लैंड बैंक से एकीकृत होकर निवेशकों को एक सीमलेस, ट्रांसपेरेंट और प्रिडिक्टेबल डिजिटल इकोसिस्टम प्रदान करता है, जिससे निवेश प्रक्रिया पूरी तरह आसान और हस्तक्षेप-मुक्त बन सके। निवेश मित्र 3.0 को खास तौर पर निवेशकों के अनुभव को सरल और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इसमें एआई आधारित चैटबॉट की सुविधा दी गई है, जिससे निवेशकों को तुरंत सहायता मिल सकेगी। साथ ही, आवेदन की स्थिति पर रियल-टाइम एसएमएस अलर्ट की व्यवस्था की गई है, जिससे निवेशकों को हर चरण की जानकारी तुरंत मिलती रहेगी। इस प्लेटफॉर्म की सबसे बड़ी विशेषता डायनामिक कम्बाइंड एप्लीकेशन फॉर्म (सीएएफ) है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों की अनुमतियां एक ही स्थान से प्राप्त की जा सकती हैं। इससे निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और समय की बचत होगी। निवेशकों के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए जीआईएस आधारित लैंड बैंक को भी इसमें शामिल किया गया है। इससे निवेशक अपनी जरूरत के अनुसार प्रदेश में उपयुक्त भूमि की पहचान आसानी से कर सकेंगे। निवेश मित्र 3.0 को नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) से जोड़ा गया है, जिससे केंद्र और राज्य स्तर की मंजूरियों में बेहतर समन्वय और तेजी आएगी। यह सुविधा बड़ी परियोजनाओं वाले निवेशकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित होगी।

सरकार ने निवेश प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इसके तहत आवेदन प्रक्रिया से जुड़ी विभागीय कार्यवाही में 25%, दस्तावेजों में 15% तथा अन्य प्रक्रियात्मक चरणों में करीब 20% की और कमी की गई है। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि अनुमोदन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। वर्ष 2018 में शुरू हुए निवेश मित्र प्लेटफॉर्म ने पहले ही अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। अब तक इस पोर्टल पर 21 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 97% का सफल निस्तारण किया जा चुका है।

# देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से बढ़ रहा है : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को जेवर, (गौतमबुद्धनगर) में पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आगामी 28 मार्च को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन एवं प्रस्तावित विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, जनसम्पर्क अभियान तथा व्यवस्थाओं के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। यह भी तय किया गया कि कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में देश ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति, औद्योगिक विकास तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तर प्रदेश में भी प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में विकास की नई धारा प्रवाहित हुई है। उन्होंने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे उत्तर भारत के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के साथ ही क्षेत्र को वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बनाएगी।

श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व का मंत्र आज धरातल पर साकार हो रहा है। सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच रही हैं, वहीं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही हैं।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी ही कार्यक्रम की सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक जनसंपर्क बढ़ाएं और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

# योगी ने दी प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई दिशा

## यूपी प्राइवेट बिजनेस पार्क डेवलपमेंट स्कीम, प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल शेड्स योजना का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में मंगलवार को नेक्स्ट-जेन सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने यूपी प्राइवेट बिजनेस पार्क डेवलपमेंट स्कीम-2025 और प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल शेड्स योजना का भी अनावरण कर औद्योगिक विकास को नई दिशा दी। डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट और ट्रांसफर मॉडल पर आधारित ये दोनों पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) योजनाएं निवेशकों को विश्वस्तरीय रेडी-टू-ऑपरेट इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराएंगी, जिससे उद्योग स्थापना की प्रक्रिया तेज और सरल होगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 85 से अधिक लेटर्स ऑफ कम्फर्ट, पात्रता प्रमाण पत्र और 2781 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित करते हुए इसे निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022, फूड प्रोसेसिंग नीति 2023, इलेक्ट्रॉनिक्स नीति 2020 और एफडीआई नीति 2023 के तहत इन निवेश प्रस्तावों से कुल मिलाकर लगभग 50,000 करोड़ रुपये निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावनाएं बनी हैं। निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत स्टील, सीमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल और बेवरेज जैसे क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों को इंसेंटिव और छङ्मउ२ प्रदान किए गए। गैलेंट इस्पात, जे.के. सीमेंट, वरुण बेवरेजेज, वंडर सीमेंट, यूनिलीवर इंडिया और हल्दीराम जैसी कंपनियों के साथ-साथ बलरामपुर चीनी मिल्स, ड्रीमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और एस्कॉर्ट्स कुबोटा को भी बड़े निवेश प्रस्तावों के साथ प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा हैवेल्स, मिंडा कॉर्पोरेशन, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स (सोनालिका) और फिजिक्स वाला जैसी कंपनियों की परियोजनाएं भी इस औद्योगिक विस्तार का हिस्सा बनीं हैं। इन निवेश प्रस्तावों से बायोप्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, कृषि उपकरण, एडटेक और खाद्य प्रसंस्करण जैसे विविध क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी, जिससे उत्तर प्रदेश एक बहुआयामी औद्योगिक हब के रूप में तेजी से उभर रहा है। इसके साथ ही उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए इन्वेस्ट यूपी की ओर से एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल व कौशल कनेक्ट सेल की स्थापना हेतु समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

इन पहलों से उद्योग और कौशल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे।

# कंपनी की क्षमता नहीं तो निरस्त होगा करार : सीएम

**लखनऊ।** प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) को बढ़ावा देने के लिए पुच एआई और इन्वेस्ट यूपी के बीच एआई पार्क की स्थापना के लिए हुए एमओयू पर सवाल उठ रहे है। इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने एक्स अकाउंट पर कहा कि इन्वेस्ट यूपी की ओर से हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन विस्तृत जांच-पड़ताल और परियोजना मूल्यांकन से पहले का प्रारंभिक कदम है। शर्तों को पूरा न करने वाले किसी भी संभावित निवेशक का समझौता ज्ञापन स्वतः ही रद कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश पारदर्शी, जिम्मेदार और भविष्योन्मुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पुच एआई ने इन्वेस्ट यूपी के साथ प्रदेश में एआई पार्कों के विकास के लिए 25 हजार करोड़ रुपये निवेश का एमओयू किया है। सोशल मीडिया पर पुच एआई की हैसियत व अनुभव को लेकर सवाल उठाए गए हैं। सोशल मीडिया पर कहा गया कि कंपनी की माली हालत महज 49 लाख के आसपास है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पुच एआई के साथ हुआ एमओयू इन्वेस्ट यूपी द्वारा एआई क्षेत्र में संभावनाओं का पता लगाने की प्रक्रिया की शुरूआत है। एमओयू राज्य सरकार पर बाध्यकारी नहीं हैं। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरन आनन्द का कहना है कि पुच एआई से प्रक्रिया के तहत डीपीआर, बिजनेस प्लान समेत अन्य विवरण मांगे गए हैं। दस्तावेजों के मूल्यांकन व जांच के बाद ही निवेश प्रस्तावों में आगे की प्रक्रिया अपनाई जाती है। अभी कोई अप्रूवल नहीं हुआ है।

# महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ की बैठक



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी की अध्यक्षता में कैसरबाग कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की चल रही मंडल कार्यशालाओं पर विस्तृत कार्य योजना बनाई।

अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान मंडल स्तरीय पर कार्यशाला का आयोजन सात सत्रों में आयोजित किया जा रहा हैं ये महाअभियान 13 अप्रैल तक आयोजित किया जाए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के सिद्धांतों से अवगत कराना हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों को लखनऊ महानगर की विधानसभा स्तर पर जिम्मेदारी के साथ लगाया गया हैं। बैठक में महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष कुमकुम राजपूत, योगेंद्र पटेल, सीता नेगी, विनायक पाण्डेय, मानवेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ बाल्मीकि, दीपक कुमार शुक्ला दीपू, जी.डी. शुक्ला, महानगर मंत्री आनंद कुमार पाण्डेय, सतीश चन्द्र मिश्रा, अपूर्व भार्गव, अर्चना साहू, चन्द्र प्रकाश अवस्थी, सचिन वैश्य, मीडिया प्रभारी अनुराग साहू, महानगर कोषाध्यक्ष मनोज के. गुप्ता, महानगर कार्यालय सह मंत्री शैलेन्द्र राय, मयंक बाजपेयी , महानगर संयोजक सोशल मीडिया टी.आर. जोशी, महानगर सह संयोजक सोशल मीडिया मणिकांत शुक्ला, महानगर संयोजक आई.टी. विभाग उत्तम प्रकाश मिश्रा, महानगर सह संयोजक आई.टी. विभाग संतोष सिंह, सतीश अडवानी उपस्थित रहें।

# 142 बीपीएचयू के जरिए उपलब्ध होंगी आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं

**लखनऊ।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को ब्लॉक स्तर तक मजबूत और आधुनिक बनाने की तैयारी तेज हो गई है। प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न ब्लॉकों में 142 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) स्थापित करने जा रही है। इन यूनिटों के जरिये ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जांच, पंजीकरण और प्राथमिक उपचार की बेहतर सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

हर ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट को करीब 50 लाख रुपये की लागत से हाईटेक बनाया जाएगा। इनमें इंचार्ज कक्ष, रजिस्ट्रेशन रूम, वेटिंग रूम, सेंट्रल इंटीग्रेटेड लैब समेत कई आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इनका निर्माण मौजूदा पीएचसी और सीएचसी के भीतर ही कराया जाएगा, ताकि पहले से उपलब्ध स्वास्थ्य ढांचे को और अधिक सक्षम बनाया जा सके। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि योगी सरकार की योजना केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इन इकाइयों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इससे ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान होगी और मरीजों को जिला अस्पतालों पर निर्भरता कम रहेगी। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मरीजों को अब छोटी-बड़ी जांच और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। ब्लॉक स्तर पर सुविधाएं बढ़ने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में भी सुधार आएगा।

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि बीपीएचयू मॉडल के लागू होने के बाद ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य ढांचा मजबूत होगा। इससे मरीजों को पंजीकरण से जांच तक की कई सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध हो सकेंगी। जनपद स्तर पर जिला पंचायतों की ओर से स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर निर्माण के लिए समस्त कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप जिलाधिकारी की समग्र देख-रेख में किए जाएंगे।

# डिजिटल हेल्थ में यूपी ने बनाया रिकॉर्ड

## 5.76 करोड़ इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किये, पूरे देश में शीर्ष पर यूपी

- **माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट में भी प्रथम स्थान, आयुष्मान योजना से करोड़ों को मिला सुरक्षा कवच**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। योगी सरकार ने इस दौरान न केवल आधारभूत ढांचे को मजबूत किया, बल्कि डिजिटल हेल्थ, आपात सेवाओं, मातृ-शिशु देखभाल समेत स्वास्थ्य सेवा के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश आज कई स्वास्थ्य मानकों पर देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।

प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डिजिटल हेल्थ के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 5.76 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किए हैं। माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट के तहत 35 माइक्रोसाइट्स का संचालन किया जा रहा है, जहां 4.4 लाख से अधिक रिकॉर्ड पंजीकृत कर प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के माध्यम से रोगों की निगरानी और रोकथाम को अधिक प्रभावी बनाया गया है। अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और उनकी कार्यक्षमता पर नजर रखने के लिए ह्यकेयर मॉडलह्न लागू किया गया है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए ई-वाउचर की सुविधा दी गई है। जननी सुरक्षा योजना के तहत 13,51,044 लाभार्थियों को लाभ मिला है, जबकि बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 8,79,642 बच्चों का उपचार किया गया है। दस्तक अभियान के जरिए एईएस-जेई जैसी बीमारियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 22,681 आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के तहत 13.18 करोड़ से अधिक लोगों का पंजीकरण किया गया है। हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री में 81,615 से अधिक पंजीकरण कर प्रदेश देश में अग्रणी बना है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.31 करोड़ परिवारों के 5.59 करोड़ लाभार्थियों के कार्ड बनाए गए हैं। 9 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क चिकित्सा सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 7.34 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत 50.64 लाख परिवारों के 1.50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई है।

# केन्द्र सरकार की डिप्लोमेसी फेल है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि केन्द्र सरकार की डिप्लोमेसी फेल है। इस सरकार ने देश को कमजोर किया है। आज भारत की विदेश नीति विदेशी लोग तय कर रहे है। सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। अमेरिका के साथ व्यापारिक डील और कारोबार की बात हो रही है।

सरकार समझौते पर समझौते कर रही है। पूरा बाजार दूसरे देशों को सौप दे रही है। सब कुछ विदेश से आएगा तो हमारा किसान क्या करेगा। केन्द्र सरकार बताएं कि उसने अपने किसानों के हितों और इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए क्या काम किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि विश्वगुरू बनने का दावा करने वाले अगर वाकई में विश्व गुरू होते तो युद्ध नहीं होता। प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि उनके हर देश से अच्छे सम्बंध हैं और इतने बड़े देश की सरकार चला रहे हैं तो इस युद्ध के वैश्विक संकट में उन्होंने क्या भूमिका निभाई? क्या विश्व गुरु केवल खुद के लिखने और बोलने के लिए होता है। अगर विश्वगुरु हैं तो अपनी भूमिका निभाते और युद्ध टलवा देते। श्री यादव ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया था। भारत को भी कहना चाहिए था, अगर युद्ध के कारण कहीं जान जाएगी तो भारत भी अमेरिका पर प्रतिबन्ध लगायेगा, व्यापार नहीं करेगा। अगर अमेरिका पर प्रतिबन्ध नहीं लगा सकते तो मान लेना चाहिए कि विश्व गुरु नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज कल लाल टोपी और लाल सिलेण्डर से घबराई हुई है। प्रधानमंत्री जी और भाजपा के नेता विपक्ष के लिए जो कह रहे हैं वैसा बर्ताव खुद क्यों नही करते है? भाजपा सरकार विपक्ष को बदनाम करती है। परेशान करती है। झूठा फंसाती है। विपक्ष के साथ अन्याय पूर्ण व्यवहार करती है। इस सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। यूपी में तो कानून व्यवस्था बर्बाद हो चुकी है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जी के क्षेत्रों में खुलेआम हत्याएं हो रही है। जिस नगरी को क्योटो बनाने का वादा किया गया था वहां गोलियां चल रही है। हत्या हो रही है। यूपी में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार ने पूज्यनीय शंकराचार्य जी को गंगा जी में स्नान नहीं करने दिया, अपमानित किया। सरकार का यह व्यवहार हम लोगों को अच्छा नहीं लगा। मुख्यमंत्री जी को शंकराचार्य जी के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं करना चाहिए था। पूज्यनीय शंकराचार्य को अपमानित नहीं करना चाहिए था। शंकराचार्य जी का अपमान हुआ। इसलिए हम सभी सनातनी लोग उनके साथ खड़े है। शंकराचार्य जी के गंगा जी में स्नान की परम्परा सदियों से रही है लेकिन भाजपा सरकार ने उसे रोक दिया। स्नान पर पाबंदी लगा दी। पुलिस ने प्राईवेट ड्रेस में धक्का मारा। शंकराचार्य जी के साथ चल रहे बटुकों की चुटिया खींची गयी, मारापीटा और अपमानित किया गया। सरकार को जिन शंकराचार्य जी का सम्मान करना चाहिए था, उन्हें सम्मन भेज रही थी और शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांग रही थी।

# 31 मार्च तक फसलों के नुकसान का सर्वे पूरा करें बीमा कंपनियांः शाही

## लापरवाही बरतने वाली बीमा कंपनियों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही

विशेष संवाददाता (vol)

- **अप्रैल के पहले सप्ताह में की जाएगी सर्वे की समीक्षा**



**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने हाल ही में हुई बेमौसम बारिश, आंधी और प्रतिकूल मौसम से फसलों को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। कृषि मंत्री ने बीमा कंपनियों को कड़े निर्देश दिए कि वे आगामी 31 मार्च तक प्रभावित जनपदों में मौके पर जाकर सर्वे का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि इस महत्वपूर्ण कार्य में ढिलाई बरतने वाली कंपनियों के खिलाफ शासन स्तर पर अत्यंत सख्त विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

श्री शाही ने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में बीमा कंपनियों द्वारा किए गए सर्वे की गहन समीक्षा की जाएगी, ताकि वास्तविक क्षति का आंकलन कर पीड़ित किसानों को राहत पहुंचाई जा सके। इस प्रक्रिया को गति देने के लिए उन्होंने मुख्य सचिव और कृषि उत्पादन आयुक्त को भी निर्देशित किया है कि वे जिलाधिकारियों के माध्यम से सर्वे कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग कराएं।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश की 'डबल इंजन' सरकार किसानों के साथ हर परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और प्रभावित अन्नदाताओं को त्वरित राहत प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक प्रदेश के 67.52 लाख लाभान्वित कृषकों को 5660.33 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान की जा चुकी है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, खरीफ 2025 में 20.68 लाख किसानों का बीमा किया गया है, जिसके सापेक्ष 5.39 लाख लाभान्वित कृषकों को 532.17 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति वितरित की गई है। इसी प्रकार, रबी 2025-26 हेतु अब तक 18.78 लाख कृषक बीमित किए जा चुके हैं, जिनमें कृषक प्रीमियम के रूप में 136.67 करोड़ रुपये तथा राज्यांश व केंद्रांश के रूप में 134.61-134.61 करोड़ रुपये का अंशदान जमा किया गया है।

रबी मौसम के अंतर्गत वर्तमान में गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, सरसों, अलसी और आलू जैसी 8 फसलें अधिसूचित हैं। इसके अतिरिक्त, पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत भी प्रदेश सरकार बागवानी फसलों की सुरक्षा के लिए सक्रिय है। वर्ष 2017-18 से अब तक इस योजना के माध्यम से 0.35 लाख लाभान्वित कृषकों को 29.01 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति दी गई है। वर्तमान खरीफ 2025 सीजन में केला, पान और मिर्च जैसी फसलों हेतु 5,671 कृषक बीमित हैं, जबकि रबी 2025-26 के अंतर्गत मटर, टमाटर, शिमला मिर्च और आम की फसलों के लिए 309 कृषकों का बीमा किया गया है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीमा क्लेम की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए ताकि पात्र किसान को योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी भी तकनीकी बाधा का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी, एमडी बीज निगम टी एम त्रिपाठी, निदेशक सांख्यिकी श्रीमती सुमिता सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मल्टीलेवल पार्किंग में महापौर ने मारा छापा

## अवैध गैराज और कार बाजार चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम की हजरतगंज मल्टीलेवल पार्किंग और डीएम आवास के सामने सरोजनी नायडू पार्क की भूमिगत पार्किंग में अवैध कार बाजार और गैराज चल रहे थे। यहां लिफ्ट बंद पाई गई, जिससे आम लोगों को काफी असुविधा हो रही थी।

महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मंगलवार को छापा मारा तो खेल पकड़ा गया। इस दौरान हजरतगंज पार्किंग के दो फ्लोर सील कर दिए गए हैं। अवैध कार बाजार वाले ने यहां ऑफिस खोलकर एक कर्मचारी भी बैठा रखा था। कार बाजार वालों पर कार्रवाई के लिए महापौर ने निर्देश भी दिए हैं।

मंगलवार को महापौर ने दोपहर करीब साढ़े 12 बजे यहां छापा मारा। महापौर व नगर आयुक्त के छापा मारने से हडकंप मच गया। इस दौरान पांच मंजिला पार्किंग के दो बेसमेंट में अवैध कार बाजार संचालित मिला। दोनों में करीब 30 गाड़ियां खड़ी थीं। इसके अलावा पार्किंग में करीब 50 ऐसी गाड़ियां भी मिलीं, जिन पर फरवरी और मार्च का मासिक पास लगा था। इसको लेकर बताया गया कि यह पास पूर्व में ठेकेदार ने ही जारी किए थे, जबकि उसका ठेका समाप्त हो गया था। लिफ्ट और शौचालय भी बंद मिला। हजरतगंज के बाद महापौर डीएम आवास के सामने स्थित सरोजनी नायडू पार्क की भूमिगत पार्किंग में पहुंचीं। यह पार्किंग ठेके पर है। यहां भी अवैध कार बाजार संचालित था, मगर यहां कोई सीलिंग नहीं की गई। पार्किंग में गंदगी और अव्यवस्था भी मिली।

अवैध कार बाजार और लंबे समय से खड़ी गाड़ियों को लेकर महापौर ने निर्देश दिए कि इन्हें आरटीओ से जांच कराने के बाद ही छोड़ा जाए कि वे किसकी हैं। हजरतगंज मल्टीलेवल पार्किंग में अवैध कार बाजार नगर निगम के पार्किंग बाबू की मिलीभगत से चल रहा था। ऊपर के अधिकारियों को भी उसने मिला रखा था। सूत्रों बताते हैं कि दो फरवरी को जब ठेकेदार से नगर निगम ने पार्किंग अपने कब्जे में लिया, उस समय भी अवैध कार बाजार चल रहा था, लेकिन हैंडओवर की कागजी खानापूरी कर बाबू ने मामले को दबा लिया। अब जब छापा पड़ा तो यह भी कहा जा रहा है कि पार्किंग के बिना टेंडर ठेके को लेकर भी बाबू ने फाइलों में हेरफेर किया। सूत्रों के मुताबिक, एक महीने के लिए बिना टेंडर पार्किंग संचालन की अनुमति ली गई और बाद में उसमें "जब तक ठेका न हो" की बात जोड़ दी गई। इसके बाद बाबू एक साल से ठेके को उलझाए रहा।

अवैध कार बाजार के लिए विनीत कुमार सिंह, पार्किंग प्रभारी, ओम प्रकाश सिंह, जोनल अधिकारी व अनुराग उपाध्याय, कर अधीक्षक की लापरवाही उजागर हुई है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नगर निगम की संपत्तियों का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं मिल सकें। हजरतगंज जैसे प्रमुख क्षेत्र में देश-विदेश से लोग आते हैं। यदि यहां की पार्किंग में गंदगी और अव्यवस्था मिलेगी तो इससे शहर की छवि भी खराब होगी। इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## एलपीजी वितरकों के खिलाफ 25 एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने व्यापक स्तर पर सख्त कदम उठाए हैं। सरकार की सख्ती का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रदेशभर में 12 मार्च से अब तक 12,732 निरीक्षण और छापेमारी की गई है। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 25 एफआईआर दर्ज की गईं, जबकि कालाबाजारी में शामिल अन्य 152 व्यक्तियों पर भी मुकदमे दर्ज हुए। कार्रवाई के दौरान 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 185 व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक आपूर्ति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की बाधा को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रदेश के 4,108 एलपीजी वितरकों के यहां बुकिंग के अनुरूप उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्तमान में सभी वितरकों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

# पुराने हाईकोर्ट के आस-पास अतिक्रमण पर हाइकोर्ट सख्त

- कोर्ट ने नगर निगम को तत्काल कार्यवाही के दिये निर्देश

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कैसरबाग स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय (पुराना हाईकोर्ट परिसर) के आसपास हो रहे अवैध अतिक्रमण पर कड़ा रुख अपनाते हुए लखनऊ नगर निगम को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने नगर निगम से कृत कार्यवाही की रिपोर्ट 7 अप्रैल को तलब किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चैहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की पीठ ने अधिवक्ता अनुराधा सिंह, अधिवक्ता देवांषी श्रीवास्तव तथा देंवाषी की माता अरूणिमा श्रीवास्तव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया है। याचियों ने उनके खिलाफ अधिवक्ता सुजीत कुमार बाल्मीकि की ओर से एस सी/एस टी एक्ट के तहत दर्ज करायी गयी प्राथमिकी को चुनौती दी है। उनकी ओर से कहा गया था कि उनके घर के पास अधिवक्ता सुजीत कुमार बाल्मीकि के सीनियर श्रवण कुमार ने उनके घर के पास अवैध रूप से अपना चैम्बर बना रखा है और शाम को कोर्ट बंद होने के बाद वहां पर शराब पीकर हुड़दंग किया जाता है। मना करने पर कई बार गंभीर कहा सुनी हो जाती है। कहा गया कि इसी के चलते उनके खिलाफ फर्जी रिपोर्ट लिखायी गयी है जबकि जिस दिन की घटना बतायी जा रही है उसी दिन उनकी ओर से पहले ही रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। मामले में गंभीर रूख अपनाते हुए कोर्ट ने याचियों के खिलाफ उक्त प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर किसी प्रकार की कार्यवाही करने से रोक दिया है और पुलिस को निर्देष दिया है कि इस मामले में निश्पक्ष जाचं कर रिपोर्ट दी जाये। इसी मामले की सुनवायी के दौरान के संज्ञान में आया कि पुराने हाई कोर्ट परिसर जहां अब जिला एवं सत्र न्यायालय की अदालतें चलती हैं, के चारों ओर बेतरतीब अवैध अतिक्रमण हो गया है। इस अतिक्रमण में न केवल अधिवक्ताओं के चैम्बर हैं अपितु वहां पर पक्का निर्माण कर फोटोकापी व टाइपिंग आदि की दुकानें हैं और यहां तक कि खाने पीने की दुकानें भी खुलीं हैं। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए नगर निगम से रिपोर्ट मांगी थी। नगर निगम ने मामले में रिपोर्ट पेश कर कहा कि संबंधित क्षेत्र में करीब 72 अतिक्रमण पाए गए हैं, जिनमें अधिकांश अधिवक्ताओं के चैंम्बर हैं और कुछ दुकानों का अवैध निर्माण शामिल है। नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अतिक्रमण हटाने के लिए पहले नोटिस देना आवश्यक होगा और इसके बाद पुलिस व जिला प्रशासन की मदद से कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसों पर लगाम के लिए युवाओं की सहभागिता जरूरी : परिवहन मंत्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परिवहन विभाग की ओर से आईजीपी में मंगलवार से शुरू दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन शुरु हुआ। जिसमें प्रदेश भर से जुटे स्काउट्स-गाइड्स को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सड़क हादसों पर लगाम के लिए युवाओं की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने स्काउट्स-गाइड्स से इसके लिए अपना योगदान देने को कहा।



कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद उन्होंने स्काउट्स-गाइड्स को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए सरकार कानून तो बना सकती है लेकिन सड़क सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही सुनिश्चित हो सकती है। भारत स्काउट एवं गाइड उत्तर प्रदेश के स्टेट चीफ कमिश्नर डॉ. प्रभात कुमार ने प्रदेश में होने वाले सड़क हादसों के कारणों पर प्रकाश डाला। इसे रोकने के लिए युवाओं से आगे आने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 70.4 ओवरस्पीड के कारण होते हैं।

45 प्रतिशत हादसे खुली सड़कों जैसे कि हाइवे और चौड़ी सड़कों पर होते हैं-सबसे ज्यादा 73.3 प्रतिशत हादसे तब होते हैं जब मौसम साफ होता है-लोडेड बाहनो के मुकाबले नार्मल बाहनों से ज्यादा हादसे होते हैं। देश में लगभग 5 लाख हादसे हर साल होता है। सुरक्षा पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में अयोध्या को पहला, रायबरली को दूसरा और सीतापुर को तीसरा स्थान मिला। मेरठ और बदायूं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम भारत स्काउट एवं गाइड, उप के स्टेट चौफ कमिश्नर डॉ. प्रभात कुमार, विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी अमित कुमार, परिवहन आयुक्त किंजल सिंह, आईआरटीई के निदेशक रोहित बालूजा आदि रहे। प्रदेश में पतिवर्ष 24 हजार मौर्तपरिवहन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 23 से 24 हजार मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती है। जबकि, कोरोना जैसी महामारी में भी इतनी संख्या में लोगों की मृत्यु नहीं हुई। इस दो दिवसीय संबाद कार्यक्रम का उद्देश्य है कि यहां से प्रशिक्षित होकर जाएं और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पूरे मनोयोग से प्रयास करें।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। एलडीए कॉलोनी, पराग चौराहा स्थित विधायक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद स्थापित किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित देवतुल्य जनता ने अपनी समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा तथा सरोजनीनगर के समग्र, समावेशी एवं सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। यह जनसंवाद कार्यक्रम जन-समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ-साथ जनता और जनप्रतिनिधि के बीच विश्वास, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की मजबूत कड़ी के रूप में स्थापित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. सिंह ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना तथा सभी शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनके जनप्रतिनिधित्व का मूल उद्देश्य है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ सरोजनीनगर के विकास को नई गति दी जा रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि किसी भी क्षेत्र का वास्तविक और स्थायी विकास तभी संभव है, जब उसमें जनभागीदारी और सामूहिक प्रयास की भावना सशक्त हो। सरोजनीनगर की जनता का विश्वास और सहयोग ही उन्हें निरंतर सेवा के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सिंह ने पुनः अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरोजनीनगर के समग्र विकास, सुशासन, पारदर्शिता और प्रत्येक नागरिक के कल्याण के लिए वे पूर्णतः समर्पित हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता की सक्रिय सहभागिता से सरोजनीनगर विधानसभा को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

# शहीदों की मूर्तियां खंडित करने वाली कंपनी के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर में सड़क चौड़ीकरण के दौरान शहीदों की मूर्तियां खंडित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई व मूर्तियों को ससम्मान पुनर्स्थापित करने का आदेश दिया है। सड़क चौड़ीकरण में शहीदों की मूर्तियां खंडित करने वाली कंपनी के खिलाफ मुख्यमंत्री के आदेश पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन अफसरों की जवाबदेही में काम हो रहा था, उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। सीएम योगी के आदेश पर कंपनी को तत्काल प्रभाव से ब्लैक लिस्ट करते हुए उससे काम भी वापस ले लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों का अपमान कतई स्वीकार्य नहीं है। ऐसी लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। सीएम योगी ने शहीदों की मूर्तियों को तत्काल सम्मानजनक तरीके से सही जगह पुनर्स्थापित करने का भी आदेश दिया है।

## तीन दिवसीय मोबाइल पासपोर्ट वैन शुरू

**लखनऊ।** आम नागरिकों को पासपोर्ट सेवाए अधिक सुविधाजनक और सुलभ तरीके से प्रदान करने की दिशा में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ द्वारा मोबाइल पासपोर्ट वैन पहल के अंतर्गत निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में पासपोर्ट आवेदन करने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे समय और संसाधनों की बचत सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में उप डाकघर, हंडिया, प्रयागराज में मोबाइल पासपोर्ट वैन के माध्यम से तीन दिवसीय पासपोर्ट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा की शुरूआत महोबा जनपद से की गई थी। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ नागरिकों को सहज, प्रभावी एवं समयबद्ध पासपोर्ट सेवाएँ उपलब्ध कराने के अपने संकल्प पर लगातार कार्यरत है।

## एकेटीयू में लगा स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। मेदांता अस्पताल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का माननीय कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराया। शिविर में चिकित्सकीय टीम ने रक्तचाप, शुगर, हड्डी की जांच, आंखों की जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किये। शिविर में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराया। इस दौरान चिकित्सकों ने लोगों को नियमित जीवनशैली, स्वस्थ एवं पोषक आहार लेने का परामर्श भी दिया। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक प्रो0 दीपक नगरिया, उपकुसचिव डॉ0 आरके सिंह, सहा0 कुलसचिव रंजीत सिंह, सहा0 कुलसचिव सौरभ सिंह, व्यवस्थाधिकारी प्रवीण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 माहीम मित्तल ने हेल्थ टॉक में क्षय रोग एवं अन्य बीमारियों से बचाव, सावधानी और उपचार के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि सही खान-पान, व्यायाम से बहुत सी बीमारियों से सहज ही बचा जा सकता है। बावजूद इसके यदि किसी को कोई बीमारी हो जाये तो तुरंत चिकित्सकों की परामर्श लेनी चाहिए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम ने 4.40 करोड़ की भूमि से कब्जे हटाये

**लखनऊ।** नगर निगम ने मंगलवार को सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की। बीकेटी क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर मजरा व अलीनगर सुनहरा में बड़ी कार्रवाई की गई। यहां नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जे पाए गए। इन भूमियों पर कुछ व्यक्तियों की ओर से बाउंड्रीवॉल बनाकर प्लाटिंग की जा रही थी और व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। इससे शासकीय भूमि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था। इसके अलावा ग्राम अलीनगर सुनहरा, तहसील सरोजनी नगर में बड़ी कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निमार्णों को तत्काल हटाने की कार्रवाई शुरू की। जेसीबी मशीन की सहायता से बाउंड्रीवॉल और अन्य अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया गया। इस अभियान के तहत लगभग 0.119 हेक्टेयर बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया।

# जर्मन टेक्नोलॉजी से लैस होंगी उत्तर प्रदेश की गौशालाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश की गोशालाओं को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके तहत अब गोशालाओं को जर्मन टेक्नोलॉजी से लैस करने की तैयारी है। गोशालाओं को नई तकनीक के जरिए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और सशक्त किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश की चयनित गोशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए नई टेक्नोलॉजी की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके तहत उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग और जर्मनी की प्रतिष्ठित संस्था के बीच मंगलवार को महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

आयोग कार्यालय में हुए औपचारिक कार्यक्रम में गो सेवा आयोग के अध्यक्ष और संस्था के प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त रूप से इस पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी के तहत प्रदेश की चयनित गोशालाओं के लिए तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनके संचालन को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जा सकेगा। समझौते के अनुसार गोशालाओं के लिए क्षमता निर्माण और मानव संसाधन कौशल विकास पर विशेष जोर रहेगा। गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर काम किया जाएगा। इसके लिए गोशालाओं का चयन गो सेवा आयोग द्वारा किया जाएगा।

खास बात यह है कि यह समझौता पूरी तरह तकनीकी सहयोग पर आधारित है। इसमें किसी प्रकार की वित्तीय सहायता का प्रावधान नहीं रखा गया है, बल्कि ज्ञान और कौशल के आदान-प्रदान पर फोकस किया गया है। गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता का मानना है कि इस पहल से प्रदेश की गोशालाएं अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनेंगी। साथ ही, गो सेवा से जुड़े लोगों को नई तकनीकों की जानकारी मिलने से उनकी कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। योगी सरकार की मंशा है कि गोशालाओं को केवल आश्रय स्थल तक सीमित न रखकर उन्हें संगठित और उत्पादक इकाई के रूप में विकसित किया जाए।

# क्रमबद्ध तरीके से नवीन ज्ञान का सृजन ही शोध

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के समाज कार्य विभाग द्वारा ह्यसमाज कार्य व्यवसाय में शोध के नवीन आयामह्नविषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय में समाज कार्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ए.एन.सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता का स्वागत समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सह-आचार्या डॉ. अर्चना सिंह एवं वक्ता का परिचय समाज कार्य विभाग के सह- आचार्य डॉ.रुपेश कुमार सिंह द्वारा दिया गया।

मुख्य वक्ता प्रो. सिंह ने अपनी अकादमिक यात्रा का जिक्र करते हुए शोध के नवीन पक्षों पर विस्तृत चर्चा की तथा अपने द्वारा पूर्व में की गयी शोध परियोजनाओं के अनुभवों को साझा किया। अपने वक्तव्य में प्रो. सिंह ने बताया कि व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध तरीके से नवीन ज्ञान का सृजन ही शोध है। सामाजिक शोध के विभिन्न चरणों के बारे में चर्चा करते हुये उन्होंने बताया कि विषय का चयन/समस्या का प्रतिपादन शोध का प्रथम चरण है। इसके बाद शोध के उद्देश्यों को निर्धारित कर शोध की परिकल्पना का निर्माण किया जाता है। परिकल्पना के माध्यम से शोध के संभावित परिणामों के बारे में अनुमान लगाया जाता है तथा साथ ही उनका परीक्षण किया जाता है। परिकल्पना के पश्चात शोध प्ररचना का निर्धारण कर शोध की एक रूपरेखा बनाई जाती है, जिसे शोध का ब्लू प्रिंट कहा जाता है। इसी क्रम में उन्होंने निदर्शन की अवधारणा एवं इसके विभिन्न प्रकारों की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि निदर्शन किसी भी शोध का अहम अंग है तथा निदर्शन के माध्यम से ही उत्तरदाताओं का चयन किया जाता है। इस प्रकार उन्होंने शोध के विभिन्न चरणों एवं आयामों के पक्षों पर प्रकाश डालते हुये छात्रों से प्रत्यक्ष संवाद किया। इसके पश्चात विभाग कीविभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने संपूर्ण वक्तव्य का सार प्रस्तुत करते हुए शोध के बारे कुछ नवीन पक्षों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समाज कार्य शोध में समाज कार्य हस्तक्षेप अधिक महत्त्वपूर्ण है।

# अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में मनाया गया ग्रेजुएशन डे







विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नन्हें हाथ, साहसी हृदय और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय में मंगलवार को यूकेजी एवं कक्षा-2 का ग्रेजुएशन डे विद्यालय के सभागार कक्ष में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की निदेशिका महोदया सुश्री देवांशी दास तथा आदरणीया प्रधानाचार्या अंजना स्वामी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा-1 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुआ इसके पश्चात कक्षा एक के छात्र 'सार्थक राय' द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण ग्रेजुएशन समारोह रहा, जिसमें यूकेजी एवं कक्षा-२ के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं विशेष उपाधियाँ प्रदान की गई जो उनके शैक्षणिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। एलकेजी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। अभिभावकों ने भी अपने भावपूर्ण विचार साझा करते हुए विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन यूकेजी और कक्षा-२ के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद गीत के साथ हुआ इसके पश्चात अनौपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया गया। निदेशिका महोदया जी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, वहीं प्रधानाचार्या महोदया जी ने भी उनके समर्पण एवं प्रयासों की प्रशंसा की। यह समारोह उपलब्धियों का उत्सव, आत्मविश्वास का संवर्धन तथा नए आरंभ का प्रतीक बनकर सभी के लिए एक यादगार अनुभव रहा।

# ट्रांसफार्मर किसी भी हाल मे नही फूंकना चाहिए

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- ओटीपी का कार्य 85 प्रशित तक हो गया है : रिया केजरीवाल

**लखनऊ।** अभी तक कितने प्रतिशत ओटीपी का कार्य हुआ, अनपेड उपभोक्तओं का बिल क्यो नही जमा हो पा रहा है, अधिकारी कार्य नही कर रहे है तो उनको निलंबित क्यो नही किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर फूंक रहे है लेकिन कोई ध्यान नही दे रहा है।



आप लोग के ट्रांसफार्मर फूंक जा रहे है और बात करने पर आप लोग कहते है ट्रांसफार्मर गांरटी मे था। गांरटी में था तो भी क्यो फूंक रहे है। इस तरह के तीखे सवाल पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल ने एमडी मध्यांचल रिया केजरीवाल से बीडियों कान्फ्रेसिंग मे मगंलवार को पुछा। गर्मी मे बिजली व्यवस्था सुधार के लिए मगंलवार को वीडियों कान्फ्रेसिंग में सभी डिस्काम के एमडी, चीफ और अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा मे एमडी मध्यांचल रिया केजरीवाल ने कहा कि ओटीपी का कार्य 85 प्रतिशत तक हो चुका है। 1 लाख 38 हजार का उपभोक्ता का मीटर रिचार्ज हुआ है। 84 लोगों पर बिजली चोरी का एफआईआर दर्ज कराया गया है। चेयरमैन ने पुछा कि वर्कआर्डर क्यो नही हो रहा है इसकी जांच कराई जाय तो एमडी मध्यांचल ने कहा कि जल्द ही सौ प्रतिशत वर्कआर्डर पास कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर की जांच समय पर कराई जा रही है। मध्यांचल सेंन्ट्रल जोन के चीफ रवि अग्रवाल ने कहा कि 480 घरो के मीटर की जांच किया गया है जिसमें 140 घर बंद मिले है। जिसमें 290 का बिजली कनेक्शन काटा गया है जिसमे 50 प्रतिशत उपभोक्ता ने पैसा भी जमा कर दिया है। एमडी मध्यांचल ने कहा कि गोण्डा, बस्ती और बहराईच, गोला में बिल वुसली के लिए टीम बनाई गयी है। जिसमे अधीक्षण अभियंता, एक्सीएन, एसडीओ और जेई को 31 मार्च तक सही अपडेट सूची देने के लिए कहा गया है इसके बाद भी सुधार नही होता है तो कुल 53 अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई किया जायेगा। वीसी के दौरान चेयरमैन ने कहा कि पावर ट्रांसफार्मर फूंकेगें तो अधीक्षण अभियंता पर भी कार्रवाई होगी। उन्होने कहा कि आप लोग कहते है पावर ट्रांसफार्मर में ज्यादा नुकसान नही हुआ है तो उसमें आत्मा ही बची है बाकी शरीर तो जल ही गया है।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.04.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00272026 दिनांक 21.03.2026 | | | |
| 2. | निविदा संख्या | 1. | 34-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 2. | 35-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| | | 3. | 36-SrDEN-V-LKO-2025-26 | 4. | 37-SrDEN-V-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | 1. | Sr.DEN&V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, ADEN/AYC के अधीन SSE/W/AYC के AYC में यार्ड ड्रेन का निर्माण कार्य एवं ABP.SLW सेक्शन में शेष कार्य। | | |
| | | 2. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पुलों पर स्टील चैनल स्लीपरों के स्थान पर H-Beam स्लीपरों को लगाना। (प्रा.सं. 18–2025 & 39–2026) | | |
| | | 3. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN-AYC के अधीन, SSE-W-AYC सेक्शन में (AY और AYC को छोड़कर) ABP (Ex.) से DYD स्टेशन तक स्टेशन भवन की मरम्मत का कार्य। (प्रा.सं. 38–2026) | | |
| | | 4. | Sr.DEN-V/LKO के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ADEN/AYC खंड में पुल का विविध मरम्मत कार्य। (प्रा.सं. 37–2026) | | |
| 4. | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 3,28,81,100.85 | 2. | Rs. 2,61,50,224.36 |
| | | 3. | Rs. 1,99,91,966.96 | 4. | Rs. 49,99,248.13 |
| 5. | धरोहर राशि | 1. | Rs. 6,57,700.00 | 2. | Rs. 5,23,000.00 |
| | | 3. | Rs. 3,99,900.00 | 4. | Rs. 1,00,000.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 2 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | |
| | | 3 एवं 4 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह। | | |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 02.04.2026 | | | |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 16.04.2026 at 15:00 hrs | | | |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 977/26

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# दो ड्रग तस्करों को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

● कई बड़े शहरों में पबों, होटलों, पार्टियों व क्लबों में करते थे ड्रग की तस्करी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुम्बई समेत कई बड़े शहरों में पबों, होटलों, पार्टियों व क्लबों में ड्रग की तस्कर करने वाले गिरोह के दो तस्करों को एसटीएफ ने चारबाग में टेंपो स्टैंड से गिरफ्तार किया है। दोनों महाराष्ट्र से वांछित थे। एसटीएफ गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पता कर रही है।

एसटीएफ के मुताबिक महाराष्ट्र की वसई स्थित नायगाव पुलिस से इंस्पेक्टर सूर्यवंशी, कांस्टेबल खंडवी और चेतन ठाकरे के साथ ऑफिस पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि नायगाव पुलिस स्टेशन में दर्ज एनडीपीएस व अन्य धाराओं में भावेश चौहान और शोएब अशरफ वांछित हैं। दोनों ने लखनऊ में अपना ठिकाना बनाया हुआ है। एसटीएफ टीम ने महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर दोनों ड्रग तस्करों को ट्रेस करना शुरू किया। 23 मार्च को एसटीएफ को दोनों आरोपितों की लोकेशन चारबाग रेलवे स्टेशन के पास टेंपो स्टैंड पर मिली। एसटीएफ टीम और महाराष्ट्र पुलिस मौके




पर पहुंच गई। एसटीएफ ने दोनों को पकड़ लिया। एसटीएफ के मुताबिक तस्कर भावेश हरदोई के संडीला और शोएब पूर्वी मुम्बई सोपारा का रहने वाला है। आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि वह लखनऊ छोड़कर भागने की फिराक में थे। दोनों मिलकर कई राज्यों में ड्रग्स की तस्करी करते थे।

**केमिकल से ब्राउन शुगर बनाते थे :** पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि वह अपने गिरोह के साथ मिलकर केमिकल से ब्राउन शुगर बनाते थे। आरोपित करीब 5 वर्षों से ड्रग्स की तस्करी कर रहे हैं। 5 फरवरी को दोनों के ड्रग्स पुलिस ने पकड़ा था। इसके बाद दोनों वहां से भाग निकले थे। वह लखनऊ होते हुए नेपाल भागने की फिराक में थे। दोनों आरोपितों ने बताया कि वह पबों, होटलों व पार्टियों में ड्रग की तस्करी ऑन डिमांड करते थे। आरोपित भावेश के खिलाफ महाराष्ट्र के अलग-अलग पुलिस स्टेशन में 8 आपराधिक मामले दर्ज है। एसटीएफ इस बारे में पता कर रही है कि दोनों आरोपितों की लखनऊ में रुकने में किसने मदद की।

## 15 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा

**लखनऊ।** अपराध शाखा व मड़ियांव पुलिस की संयुक्त टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15 हजार रुपए का ईनामिया अभियुक्त हलीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि वांछित/इनामिया अभियुक्त मो. हलीम पुत्र मुटरू निवासी सज्जाद गंज कुल्फी मोहल्ला थाना ठाकुरगंज , मूल पता लिधौरा वाजिद अली थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को सूचना मिलने पर नीबू पार्क के पास थाना क्षेत्र चौक से गिरफ्तार किया गया है। हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**धोखाधड़ी कर जमीन बेचने वाला गिरफ्तार :** मड़ियांव पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर स्वयं को मालिक बताकर भूमि विक्रय करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि 10 अक्टूबर 2024 को डाक पैड़ के माध्यम से आवेदक एक प्रार्थना पत्र बावत विपक्षीगण द्वारा आवेदकगण की भूमि को धोखाधडी व बेईमानी व कूटरचना करके फर्जी बैनामा तैयार कराकर व अपने को असल मालिक बताकर विक्रय करने के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मामला दर्ज किया गया। साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 61(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। 23 मार्च को मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार उर्फ पंकज यादव पुत्र किशोरी लाल निवासी मुबारकपुर थाना सैरपुर लखनऊ को उसके घर के बाहर से समय 'ा करीब 09 बजे गिरफ्तारी किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**फर्जी दस्तावेज से लिया लोन, गिरफ्तार :** मड़ियांव पुलिस फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैंक से लोन लेने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि 19 अक्टूबर 2024 को आवेदक डाक पैड़ के माध्यम से आवेदक आवेदक पंकज कुमार सिंह प्राधिकृत अधिकारी हीरो हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड पुत्र जे.एन. सिंह निवासी 1/160 विशाल खण्ड गोमतीनगर का प्रार्थना पत्र बावत आरोपीगण द्वारा धोखाधड़ी करके कूटरचित दस्तावेज का प्रयोग करके लोन प्राप्त कर जमा न करने तथा बैंक द्वारा पता करने पर मकान किसी और का होने के संबन्ध में प्राप्त हुआ था। इसी प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना में संजय श्रीवास्तव पुत्र त्रिलोकीनाथ श्रीवास्तव आदि के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

23 मार्च को मुकदमा से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार वर्मा पुत्र श्रीकृष्ण वर्मा निवासी ग्राम भवनियापुर पो0 जौरास थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी को उसके निवास स्थान से समय करीब 18.00 बजे कारण गिरफ्तारी बताकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

## कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहा था हुक्का बार, 8 गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैसरबाग स्थित एसके कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार पुलिस ने छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर मैनेजर समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। मौके से 8 हुक्के, चिलम, पाइप, अमेरिकन व जाफरान फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस हुक्का बार के संचालक की तलाश कर रही है।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दिनों से डॉल्फिन होटल के नीचे एसके कैफे में चल रहे हुक्का बार की सूचना मिल रही थी। 22 मार्च की देर रात सूचना पर उपनिरीक्षक रामकेश सिंह पुलिस टीम को लेकर वहां पहुंची। कैफे के हॉल में धुआं फैला और टेबल पर हुक्के रखे थे। पुलिस को देख वहां अफरा-तफरी मच गयी। इसी दौरान एक युवक भागने में सफल हो गया, जबकि तीन लोगों को पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया।

पूछताछ में तीनों ने अपना नाम शुभम सिंह उर्फ राघव सिंह निवासी बेलदारी लाइन हजरतगंज, यश सोनकर उर्फ लक्ष्य निवासी दीनदयाल नगर खदरा हसनगंज, सुहैल खान निवासी ख्यालीगंज कैसरबाग बताया। आरोपियों ने कबूला कि कैफे के मालिक आशियाना निवासी तनवीर हैं। जो आपको देखकर भाग निकले। पकड़े गए तीनों आरोपी वहीं पर हुक्का परोसने का काम करते हैं।

इंस्पेक्टर अजय नारायण मिश्र ने बताया कि आरोपी शुभम हुक्का बार में मैनेजर है। पुलिस ने मौके से 8 हुक्के, चिलम, पाइप, चार पैकेट अमेरिकन फ्लेवर्ड तंबाकू, एक पैकेट जाफरान फ्लेवर्ड तंबाकू व अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी मैनेजर से लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा सका। उपनिरीक्षक रामकेश सिंह ने चारों आरोपियों के खिलाफ कैसरबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** आलमबाग थाना क्षेत्र के दुगार्पुरी इलाके में मंगलवार को युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन का कहना है कि युवक मानसिक रूप से बीमार था। वहीं, कैंट इलाके में पत्नी से झगड़ा करने के बाद युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार सुबह परिजन ने शव लटका देखा। सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

आलमबाग के दुगार्पुरी ब्लंट स्क्वायर में रहने वाला सचिन गौतम (27) मजदूर था। परिवार में मां सुनीता और बड़ा भाई सुजीत है। मां सुनीता मंगलवार को बड़े बेटे के बच्चों को स्कूल लेने गई थी। वापस घर लौटी तो उसने देखा कि सचिन फंदे से लटका हुआ था। चीखपुकार सुनकर आसपड़ोस के लोग दौड़े। बड़े भाई ने बताया कि सचिन गौतम मानसिक रूप से बीमार था। उसका इलाज भी चल रहा था। सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कैंट के थिमैया मार्ग स्थित सर्वेंट क्वार्टर निवासी पप्पू ठाकुर (32) ट्रांसपोर्ट नगर में प्राइवेट काम करता था। परिवार में पत्नी अंजली और दो बच्चे हैं। साले आदित्य ने बताया कि जीजा पप्पू का अक्सर पत्नी अंजली से विवाद होता था। सोमवार रात भी पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद पप्पू अपने कमरे में चला गया और अंदर से कुंडी लगा ली। पत्नी और दोनों बच्चों के साथ दूसरे कमरे में सो गई। मंगलवार सुबह पत्नी बुलाने गई तो दरवाजा नहीं खुला। इस पर उसने परिजन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे घरवालों ने दरवाजा तोड़ा। भीतर गए तो पप्पू को पंखे में बंधी साड़ी के फंदे के सहारे लटका हुआ मिला। परिजन ने पप्पू को फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने पप्पू को मृत घोषित कर दिया।

# डिवाइडर से टकराकर ट्रक पलटा, चालक की मौत, एक घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र स्थित आगरा एक्सप्रेस-वे जीरो प्वाइंट के पास सोमवार देर रात ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। हादसे के बाद वहां चींख-पुकार मच गयी। राहगीर मदद के लिए दौड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां एक घायल को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल की हालत नाजुक बतायी जा रही है। मूल रूप से बिहार के सहरसा निवासी बबलू (30) पेंटर था। परिवार में पत्नी अनीता और तीन बच्चे हैं। घरवालों ने बताया कि बबलू कुछ सामान खरीदने दिल्ली गया था। वहां से वापस आते वक्त वह ट्रक में बैठ गया। सोमवार देर रात ट्रक आगरा एक्सप्रेस-वे हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास पहुंचा। इसी दौरान ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला।

घटना देखकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। राहगीरों ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पारा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक में फंसे दो लोगों को राहगीरों की मदद से बाहर निकाला। गंभीर हालत में दोनों को पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने बबलू को मृत घोषित कर दिया। दूसरे की हालत गंभीर होने पर भर्ती कर लिया। पुलिस ने तलाशी ली तो जेब में मिले आधार कार्ड और मोबाइल से परिजन को घटना की जानकारी दी। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवारवालों को सौंप दिया। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि परिजन ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

**सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम :** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में बीते 13 मार्च को महमूद नगर ढाल गांव के पास हुए सड़क हादसे में घायल 18 वर्षीय युवक आशीष पुत्र रामनाथ की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद से उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां 11वें दिन उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि घटना 13 मार्च शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे की है। मलिहाबाद क्षेत्र के रहमत नगर निवासी राम अवतार (55), पंकज मौर्य (24), आशीष (18) और दो वर्षीय परी बाइक से उन्नाव के सफीपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान महमूद नगर ढाल के पास मलिहाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी।

**युवक को वाहन ने मारी टक्कर, हाथ की हड्डी टूटी :** थाना सरोजनीनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक और मामला सामने आया है। नादरगंज की ओर से आ रहे एक तेज गति वाहन ने सब्जी खरीद रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम गिन्दनखेडा निवासी कुलदीप यादव ने थाना सरोजनीनगर में दी गई तहरीर में बताया कि उनका भाई विनय यादव नहर के पास स्थित सब्जी की दुकान पर सब्जी खरीद रहा था। इसी दौरान वाहन संख्या 2104 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए विनय को टक्कर मार दी।हादसे में विनय यादव के बाएं हाथ की हड्डी टूट गई और मांस भी फट गया।

**डीसीएम पलटने के बाद बवाल, भीड़ ने लगाया जामः** नादरगंज चौकी क्षेत्र के गिन्दनखेड़ा नहर के पास रविवार शाम एक डीसीएम वाहन के पलटने के बाद हालात बेकाबू हो गए। हादसे में एक युवक घायल हो गया, वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर पुलिस कार्रवाई में बाधा डाली और पुलिसकर्मियों से अभद्रता की। मामले में कई नामजद व करीब 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

## सड़क हादसे में शटरिंग कारीगर की गयी जान

**लखनऊ।** ठाकुरगंज स्थित रिंग रोड पुलिस चौकी के पास सोमवार रात सड़क पार कर रहे शटरिंग कारीगर को बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कारीगर करीब डेढ़ सौ मीटर दूर तक घिसटता हुआ चला गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ठाकुरगंज न्यू हैदरगंज रिंग रोड निवासी सनी राजपूत (26) शटरिंग कारीगर था। सोमवार रात करीब 11 बजे वह रिंग रोड पुलिस चौकी के सामने सड़क पार कर रहा था। इस दौरान बेकाबू ट्रक ने सनी को टक्कर मार दी। हादसे में सनी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों को आता देख चालक ट्रक लेकर भाग निकला। राहगीरों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में घायल को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सनी ने दम तोड़ दिया। जेब की तलाशी के दौरान पुलिस को आधार कार्ड मिला। पुलिस ने आधार कार्ड पर लिखे पते पर पहुंचकर परिजन को घटना की जानकारी दी। सनी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश की जाएगी।

## ठाकुरगंज में दो कारों की भिड़ंत, 10 घायल

**लखनऊ।** ठाकुरगंज स्थित चोरघाटी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार तड़के दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दो महिलाएं समेत दस लोग घायल हो गए। चीखपुकार सुनकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घायलों की गंभीर हालत अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है।

सआदतगंज स्थित बड़ा चौराहा निवासी हरिशंकर परिवार के अभिषेक, वीरेंद्र गुप्ता, पुष्पा देवी, श्वेता गुप्ता व सुभाष साहू के साथ कार से बरेली मनौना धाम दर्शन करने गए थे। दर्शन कर वे लोग वापस लौट रहे थे। मंगलवार तड़के करीब पांच बजे जैसे ही वे ठाकुरगंज चोर घाटी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी बालागंज की ओर से आ रही आई-20 कार से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला।

पुलिस ने ईको चालक सआदतगंज पुराना चबूतरा निवासी सुभाष साहू व अन्य लोगों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जबकि आई-20 कार सवार ठाकुरगंज शेखपुर निवासी अनुभव शर्मा, वैभव शर्मा, ठाकुरगंज अमन विहार निवासी मो. सोहेल और मो. अतीक को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह को हाईकोर्ट से राहत नहीं

● भानवी सिंह द्वारा लगाये गये आरोपों को माना गंभीर, याचिका खारिज

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भईया की पत्नी भानवी सिंह द्वारा एमेलसी अक्षय प्रताप सिंह पर लगाए गए धोखाधड़ी सहित तमाम आरोपों के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एमएलसी व अन्य को को राहत देने से इंकार कर दिया है। न्यायालय ने अक्षय प्रताप सिंह व अन्य की ओर से दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें विशेष न्यायाधीश, एमपी-एमएलए, लखनऊ के आदेश को चुनौती दी गई थी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने अक्षय प्रताप सिंह, रोहित कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह एवं रामदेव यादव की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। याचियों की ओर से विशेष न्यायाधीश, एमपी-एमएलए, लखनऊ के 18 फरवरी के आदेश को चुनौती दी थी। दरअसल भानवी सिंह ने याचियों को आरोपी बनाते हुए सभी के विरुद्ध धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की थी।

भानवी सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी मेसर्स सारंग एंटरप्राइजेज नाम की फर्म की मूल्यवान संपत्तियों को हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाए गए तथा कूटरचना करके उनको अन्यत्र स्थानांतरित किया गया। मांग की गई कि हजरतगंज पुलिस को निर्देश दिया जाए कि वह मुकदमा दर्ज करके आरोपियों के विरुद्ध विवेचना करे।

## दबंगों ने मां-बेटी को पीटा, घायल

**लखनऊ।** सआदतगंज के बावली इलाके में घर के सामने शराब पीकर गाली-गलौज करने से टोकने पर दबंगों ने मां-बेटी को धमकाया। विरोध पर हाथापाई की। सड़क पर गिरने पर महिला चोटिल हो गयी। शोर सुनकर आसपड़ोस के लोग जुटे तो आरोपी भाग निकले। आरोप है कि आरोपियों की मां व बहन ने शिकायत करने पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर धमकाया।

बावली इलाके में मुस्कान गौतम रहती हैं। पीड़िता ने बताया कि 21 मार्च की रात वह घर के दरवाजे पर कूड़ा फेंक रही थी। इसी दौरान पड़ोसी पंकज यादव, विशाल यादव, रितिक रावत, अक्षय सोनकर और शुभम विश्वकर्मा घर के सामने दारू पीते हुए गाली-गलौज कर रहे थे। मुस्कान ने गाली-गलौज व शराब पीने से टोका तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

## खोये हुए मोबाइल पाकर खिले चेहरे



**लखनऊ।** राजधानी में लोगों के 23 गुमशुदा मोबाइल बरामद विकासनगर, पुलिस कमिश्नरेट लोगों को वापस किए, जिन्हें पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। मोबाइल फोन्स की कीमत लगभग पांच लाख रुपए बताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत मोबाइल धारक महिलाओं को उनके गुमशुदा फोन सुपुर्द किये गये हैं। विकासनगर पुलिस का कहना है कि पुलिस आयुक्त लखनऊ द्वारा नागरिकों के खोये हुये मोबाइल फोन बरामद किये जाने के लिए चलाये जा रहा है। जिसमें लखनऊ के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 23 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए है। मंगलवार को मोबाइल फोन्स उनके वास्तविक मोबाइल धारकों को प्रदान किए गए।

## महिला से 3.64 लाख रुपये की ठगी

**लखनऊ।** हजरतगंज इलाके में महिला साइबर ठगी का शिकार हो गयी। जालसाजों ने पार्सल के नाम पर टैक्स जमा कराने का झांसा देकर महिला से करीब 3.64 लाख रुपये ठग लिए। इंकार करने पर महिला व परिवार को गिरफ्तार कर जेल भेजने की धमकी दी। पीड़िता ने हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से मामले की जांच की जा रही है। लालबाग बेलदारी निवासी अनीता कश्यप ने बताया कि 3 मार्च को उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर पर फोन आया। फोन करने वाले ने व्यक्ति ने कहा कि उनके नाम का एक पार्सल आया है। जिस पर टैक्स जमा करना होगा। अनीता ने पार्सल लेने से इंकार कर दिया। इसपर आरोपी ने धमकी दी कि टैक्स नहीं भरने पर उन्हें जेल भेज दिया जाएगा और घरवालों को भी उठा लिया जाएगा।

### सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र बृजेश उर्फ बबलू को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। गनेश पुत्र राम नरायन निवासी-ग्राम मरकामऊ, थाना बदोसराय, तहसील सिरौली गौसपुर, बाराबंकी।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजय मौर्य पुत्र जगदीश प्रसाद मौर्य निवासी ग्रा. व पो. सेउर चमुरखा, थाना व ब्लॉक कूरेभार जनपद सुल्तानपुर का स्थाई निवासी हूँ। मैं यह शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि शपथी का सेउर चमुरखा में गाटा संख्या 277 में पैतृक जमीन पर मकान स्थित है। जिसमें शपथी व राजीव मौर्य, रवि मौर्य व सौरभ मौर्य हिस्सेदार है। शपथी मकान के अपने हिस्से के अंश को अपनी पत्नी नीतू मौर्या के पक्ष में दानपत्र तहरीर कर दिया है। जिसमें अन्य हिस्सेदारों को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। संजय मौर्य पुत्र जगदीश प्रसाद मौर्य निवासी ग्रा. व पो. सेउर चमुरखा थाना व ब्लॉक कूरेभार जनपद सुल्तानपुर। शपथपत्र संख्या IN-UP72320041631839Y

### सूचना

सूचित करना है कि मेरे आईडीबीआई बैंक खाता संख्या 0315104000068545/81699769 मे मेरा नाम विनोद गुप्ता छोटू अंकित है जोकि गलत है। समस्त अभिलेखों में सही नाम विनोद कुमार गुप्ता दर्ज है। भविष्य मे मुझे विनोद कुमार गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाये। विनोद कुमार गुप्ता पुत्र जयजय राम गुप्ता निवासी-मोहल्ला दशहराबाग, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम स्कूली दस्तावेजों में अर्श चौधरी (ARSH CHAUDHARY) अंकित है, जबकि उसका सही नाम अर्श राज सिंह (ARSH RAAJ SINGH) है। अर्श चौधरी (ARSH CHAUDHARY) एवं अर्श राज सिंह (ARSH RAAJ SINGH) दोनों ही नाम मेरे पुत्र के हैं। स्कूली दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम अर्श चौधरी के स्थान पर अर्श राज सिंह दर्ज किया जाय। नेहा सिंह चौधरी पुत्री श्री संजय कुमार सिंह निवासी-2/557, विकास नगर, लखनऊ।

## कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, जनपद-उन्नाव

पत्रांकः- 693/15 वॉ.वि.आ./अल्पकालीन नि.सू./न.पं. ऊगू/2025-26 दिनांक-24/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारो/फर्मो/एजेन्सियों को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्याः-5028/21-एल.बी.सी./2025 दिनांक 06 मार्च 2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की 15 वॉ वित्त आयोग की बुनियादी अनुदान की प्रथम किस्त एवं निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम किस्त व द्वितीय किस्त की धनराशि से नगर पंचायत, ऊगू जनपद उन्नाव में कराये जाने वाले कार्यो हेतु निविदाये दिनांक -15/04/2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत ऊगू जनपद उन्नाव में आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत ऊगू जनपद उन्नाव मे ठेकेदार अथवा प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदाओं के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद/एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि ''अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऊगू'' के नाम बन्धक करना अनिवार्य होगा। निविदा फार्म कार्यालय नगर पंचायत, ऊगू जनपद उन्नाव से दिनांक-13/04/2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजें से अपरान्ह 4:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त किये जा सकते है। यदि उक्त तिथि में कोई अवकाश होता है तो अगली तिथि में निविदाएं क्रय व डाली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (जी.एस.टी. रहित) | 10% प्रतिभूति धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य + 18% जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **बुनियादी अनुदान की प्रथम किस्त** | | | | | |
| 1. | वार्ड नं0 07 मे अनिल कश्यप के मकान से श्रीराम के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 2,85,763.00 | 28,576.00 | 300+54=354 | तीन माह |
| **निर्दिष्ट अनुदान की प्रथम किस्त** | | | | | |
| 2. | जलकल परिसर मे वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य। | 1,30,099.00 | 13,010.00 | 200+36=236 | तीन माह |
| 3. | कान्हा गौशाला मे वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य। | 1,30,099.00 | 13,010.00 | 200+36=236 | तीन माह |
| **निर्दिष्ट अनुदान की द्वितीय किस्त** | | | | | |
| 4. | नगर पंचायत कार्यालय मे वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य। | 2,60,223.00 | 26,022.00 | 300+54=354 | तीन माह |

नोटः- 1. दरे ओवर आल प्रतिशत में ही मान्य होगी।
2. निविदा पर कटिंग या उपरिलेखन होने पर निविदा अमान्य की जा सकती है।
3. विस्तृत जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत ऊगू से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत ऊगू
उन्नाव

अध्यक्ष
नगर पंचायत ऊगू
उन्नाव

# चैत्र नवरात्र : मां कात्यायनी के जयकारों से गूंजे देवी मंदिर





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चैत्र नवरात्र के छठे दिन मंगलवार को मां कात्यायनी की आराधना देवी मन्दिरों से लेकर घरों तक हुई। भोर से ही राजधानी के सभी देवी मंदिर मां कात्यायनी के जयकारों से गूंजते रहे। शास्त्रीनगर के दुर्गा मन्दिर, चौपटिया के सन्दोहन देवी मन्दिर, ठाकुरगंज के मां पूर्वी देवी मन्दिर में पुजारी द्वारा मां भगवती की पूजा अर्चना और सुबह शाम की अम्बे तू है जगदम्बे काली जय दुर्गे खप्पर वाली..., आरती की गई। चौक के बड़ी काली जी मन्दिर, छोटी काली जी मन्दिर, कैसरबाग के कालीबाड़ी मन्दिर, बीकेटी के चन्द्रिका देवी मन्दिर और इक्यावन शक्तिपीठ मे चैत्र नवरात्र की पूजा हुई। चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर में माता रानी का अर्धनारीश्वर रूप में श्रृंगार हुआ। माता का एक भाग नारी और एक भाग नर रूप का है। माता ने नन्दी पर सवार होकर भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर परिसर को रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया। ठाकुरगंज स्थित मां पूर्वी देवी मंदिर में माता का कात्यायनी स्वरूप में श्रृंगार हुआ। माता को गुलाबी रंग के वस्त्र पहनाए गए। भवन को गेंदे के फूलों से सजाया गया। माता को नारियल, इलायची पेड़ा व पांच प्रकार के फल का भोग लगाया गया। भक्तों ने दुर्गा सप्तशती के मंत्रों पर हवन किया। महिला मंडली ने भर दे मां झोली, धीरे धीरे खेलो भवानी, जैसे मां को समर्पित गीत गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। वहीं चौपटिया स्थित काली बाड़ी मंदिर में माता को मछली और पापड़ का भोग लगाया गया। साथ ही पक्का पुल स्थित मरी माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, संतोषी माता आदि मंदिरों में माता को भोग लगाकर आरती उतारी गई।

**श्री राधा कृष्ण मन्दिर में हुई पूजा:** श्री राधा कृष्ण मन्दिर,विवेक खण्ड-२ में छठे नवरात्रि पर मां कात्यायनी की पूजा बड़े धूमधाम से की गई। मंदिर के पंडित जनार्दन ने विधि-विधान से माँ का पूजन कराया। उसके बाद कीर्तन में मुख्यतः शैल पाण्डे, सुधा( भोजाई जी), संतोष, रंजना, रेखा, आशा, अंजू अधलखा, कामिनी अनीता मीना, लीना आदि के साथ सैंकड़ों महिलाओं ने भजन-कीर्तन के साथ बड़े धूमधाम से की। पूजा के बाद प्रसाद वितरण के साथ पूजा सम्पन्न हुई।

**श्री बड़ी काली जी मंदिर में उमड़ी दर्शकों की भीड़:** चैत्र नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में संपन्न हुई। प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में संपन्न होने वाली सभी आरतियों का



विशेष महत्व है। प्रातः एवं रात्रि आरती के दौरान भक्तों ने भजन-कीर्तन के साथ मां की आराधना की, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। आरती के समय श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी की महिमा का गुणगान करते हुए उनकी कृपा प्राप्त करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर महान संत विवेकानंद गिरी बाबा ने मां कात्यायनी के स्वरूप का दिव्य वर्णन करते हुए कहा कि मां कात्यायनी शक्ति, साहस और धर्म की प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि मां का यह स्वरूप भक्तों के जीवन से सभी बाधाओं को दूर कर उन्हें सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करता है। बाबा ने श्रद्धालुओं को सच्ची श्रद्धा और भक्ति के साथ मां की उपासना करने का संदेश दिया। मां कात्यायनी से प्रार्थना है कि वे सभी भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखें और सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करें। मंदिर प्रबंधक देवराज सिंह बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर प्रशासन द्वारा भक्तों की सुविधा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मंदिर में सुचारु व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। दर्शन के लिए सुव्यवस्थित कतारें, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल की सुविधा एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। साथ ही मेले की व्यवस्था भी सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही है, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**51 शक्ति पीठ में मां का पीतांबर श्रृंगार हुआ:** नंदन बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में वासंतिक नवरात्र के छठें दिन माँ कात्यायनी की स्तुति की गई।

मन्दिर में स्थापित स्फटिक शिवलिंग का पीतांबर श्रृंगार किया गया। सती के पति का सुंदर व दर्शनीय श्रृंगार रायबरेली आचार्य विवेक मिश्रा द्वारा किया गया। इसके अलावा मन्दिर मे अन्य पूजन मे आचार्य धनंजय पाण्डेय, आचार्य प्रवीण मिश्र, आचार्य अनुराग पाण्डेय, आचार्य सुलभ शुक्ला , आचार्य मोनू पाण्डेय, आचार्य दीपक तिवारी, आचार्य अनुपम तिवारी द्वारा सम्पन्न हुआ। मंदिर की की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र के प्रतिदिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में रंगों में पूजा अर्चना की जाएगी शाम को भजन कीर्तन के आयोजन किए गए। भजन की शुरूआत पुष्पा, आकांक्षा, गीता, वंदना, कुमकुम ने मैया पहाड़ों वाली के भजन सुनाये।

**मनोकामना पूरी होने पर घंटा बांधने की है परम्परा:** राजधानी के अर्जुनगंज इलाके में पुल पर स्थापित मरी माता मंदिर में भक्तों की अटूट श्रद्धा है। इस मंदिर में न तो कोई मूर्ति है और न ही किसी देवी की प्रतिमा। मनोकामना पूर्ण होने पर मंदिर में घंटा बांधने की परंपरा है। मंदिर में लाखों घंटे इस मंदिर से जुड़ी लोगों की आस्था को बयां करते हैं। इतनी अधिक संख्या में मंदिर में घंटे बंधे होने से यह घंटे वाला मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध है। मंदिर की पुजारी सोनम बताती हैं यह मंदिर करीब 200 वर्ष पुराना है। यहां आकर जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा के साथ माता की पूजा करते हैं मां उनकी फरियाद जरूर पूरी करती हैं। पुजारी सोनम के पिता इस मंदिर की देख.रेख करते थे। उनके गुजरने के बाद बीते सात वर्ष से वह मंदिर की पूरी जिम्मेदारी निभा रही हैं।

## आज विधि-विधान से होगी मां कालरात्रि की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालात्रि को व्यापक रूप से माता देवी- काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यिू, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री और धुमोरना देवी कालात्री के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं।

यह ध्यान रखना जरूरी है कि नाम, काली और कालरात्रि का उपयोग एक दूसरे के परिपूरक है, हालांकि इन दो देवीओं को कुछ लोगों द्वारा अलग-अलग सत्ताओं के रूप में माना गया है। काली का उल्लेख हिंदू धर्म में लगभग 600 ईसा के आसपास एक अलग देवी के रूप में किया गया है। कालानुक्रमिक रूप से, कालरात्रि महाभारत में वर्णित, 300 ईसा पूर्व के बीच वर्णित है जो कि वर्त्तमान काली का ही वर्णन है। माना जाता है कि देवी के इस रूप में सभी राक्षस, भूत, प्रेत, पिसाच और नकारात्मक ऊजाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं।

**मां कालरात्रि की पूजा विधि:** नवरात्र में मां कालरात्रि की विशेष रूप से आराधना की जाती है। देवी को प्रसन्न करने के लिए जातक पूजा करते समय लाल, नीले या सफेद रंग के कपड़े पहन सकते हैं। मां कालरात्रि की प्रातः काल सुबह चार से 6 बजे तक करनी चाहिए। जीवन की कठिनाइयों को कम करने के लिए सात या सौ नींबू की माला देवी को अर्पित कर सकते हैं। सप्तमी की रात में तिल या सरसों के तेल की अखंड ज्योति जलाएं। इसके अलावा अर्गला स्तोत्रम, सिद्धकुंजिका स्तोत्र, काली चालीसा और काली पुराण का पाठ करना चाहिए। सप्तमी की पूरी रात दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

# मानव से महा मानव बनने की प्रेरक कहानी है 'मांझी रे'

- दो दिवसीय राज्य नाट्य समारोह के पहले दिन नाटक मांझी रे का मंचन किया गया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ की कला संवर्धन-संरक्षण की नीति के अनुपालन में एवं जयवीर सिंह की प्रेरणा व मार्गदर्शन में तथा प्रो जयंत खोत अध्यक्ष, श्रीमती विभा सिंह उपाध्यक्ष के कुशल निर्देशन में उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी, द्वारा इस साल भी भव्य दो दिवसीय राज्य नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। एसएनए द्वारा बिहार के दरभंगा स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, के सहयोग से इसका आयोजन 24 और 25 मार्च को स्थानीय गोमती नगर स्थित संत गाडगे जी महाराज ऑडिटोरियम में किया गया है।

इसकी पहली संध्या पर एमओयू के अंतर्गत पंचम प्रकाश के लिखे नाटक मांझी रे का मंचन सागर सिंह के कुशल निर्देशन में किया गया। दरभंगा के कामेश्वर नगर स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, के संगीत एवं नाट्य विभाग की ओर से मंचित इस नाटक ने संदेश दिया गया कि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। सच्ची घटना पर आधारित इस नाटक के नायक, माउंटेन मैन नाम से मशहूर दशरथ मांझी ने विश्व को इंसानियत, अदम्य साहस, प्रेम, संघर्ष और दृढ़ निश्चय का संदेश दिया। मांझी रे नाटक के नायक, बिहार के गया जिले के गहलौर गाँव में रहने वाले जुझारू दशरथ मांझी आ है, जो एक बेहद गरीब मजदूर होता है जो पत्थर तोड़ने का काम करता है। कहानी में एक दुःखद मोड़ तब आता है जब फगुनिया पहाड़ पार करते समय गिर जाती हैं और गंभीर रूप से घायल हो जाती हैं। अस्पताल दूर होने के कारण उन्हें समय पर इलाज नहीं मिल पाता और उनकी मृत्यु हो जाती है। यह घटना दशरथ मांझी के जीवन को पूरी तरह बदल देती है। ऐसे में दशरथ मांझी एक दृढ़ संकल्प लेते हैं कि वह इस पहाड़ को काटकर एक आम रास्ता बनाएंगे ताकि भविष्य में किसी और को ऐसी पीड़ा न सहनी पड़े। गाँव के लोग शुरू में उनके इस निर्णय का मजाक उड़ाते हैं और उन्हें पागल कहते हैं, लेकिन दशरथ मांझी अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटते हैं। नाटक में उनके संघर्ष को बहुत मार्मिक ढंग से दिखाया गया। कई वर्षों तक लगातार मेहनत करते हुए वह अकेले ही पहाड़ को काटकर रास्ता बनाते हैं। मंच पर दशरथ मांझी का केन्द्रीय किरदार रौशन कुमार दास, फल्गुनिया का प्राची कुमारी, दशरथ के पिता मंगरु का मोहन कुमार, मांझी के दोस्त जुगनू का मिथिलेश कुमार, जुगनू की पत्नी चमेली का दिव्या कुमारी, जमीदार का अर्जुन कुमार राय, पत्रकार का चंदन कुमार, नटुओं का हुकुमदेव यादव, जमीदार के लठैत एक का नीरज कुमार पाण्डेय और दूसरे का विजय कुमार पासवान ने प्रभावी रूप से निभाया।

## कथक में दिखा भगवान शिव का अद्भुत रूप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** बिरजू महाराज कथक संस्थान (संस्कृति विभाग, उ0प्र0) द्वारा प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली मासिक कथक संध्या के अन्तर्गत मंगलवार को कथक संध्या का आयोजन राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो. सुनीता मिश्रा, (प्रभारी कुलपति, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष डॉ0 कुमकुम धर एवं उपाध्यक्ष डॉ0 मिथिलेश तिवारी भी उपस्थित रहे।

कथक संध्या के शुभ अवसर पर डॉ. मनीषा मिश्रा ने अपनी भावपूर्ण कथक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का प्रारंभ ॐ नमः शिवाय पंचाक्षरी महामंत्र पर आधारित नृत्य से किया, जिसमें भगवान शिव के विभिन्न रूपों का प्रभावशाली चित्रण प्रस्तुत किया गया। कर्पूरगौरं एवं जटाटवीगलज्जलप्रवाहपावितस्थले जैसे पदों के माध्यम से शिवत्व की अभिव्यक्ति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत उन्होंने शुद्ध पारंपरिक कथक शैली में सोलह मात्रा (तीनताल) पर आधारित प्रस्तुति दी, जिसमें ठाठ, आमद, तोडे, परन एवं जुगलबन्दी का सुन्दर प्रदर्शन किया गया। उनकी लयकारी एवं नृत्य-कौशल ने उपस्थित दर्शकों की सराहना प्राप्त की। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति दादरा रही, जिसके बोल थे- डगर बिच कैसे चलूं, पग रोके कन्हैया। इस भावप्रधान प्रस्तुति में राधा-कृष्ण के मधुर संबंधों का सजीव चित्रण किया गया, जिसने वातावरण को रसपूर्ण बना दिया। इस दौरान सहयोगी कलाकारों के रूप में तबले पर रविनाथ मिश्रा एवं आराध्या प्रवीण, गायन एवं हारमोनियम पर प्रवीण कश्यप तथा मंजूषा मिश्रा, सितार पर नवीन मिश्रा तथा पढ़न्त पर आराध्या प्रवीण द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# महादेव प्रसाद व लक्ष्मी सिंह को मिला डॉ. दरबारी लाल अस्थाना स्मृति सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. दरबारी लाल अस्थाना ट्रस्ट की ओर से उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार 24 मार्च को गोमती नगर विवेक खंड दो स्थित टी.डी. गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम ह्लजय होह्व का प्रदर्शन वरिष्ठ नृत्य निर्देशिका रत्ना अस्थाना के निर्देशन में किया गया। इसमें विभिन्न प्रेरक गीतों पर मनभावन प्रस्तुतियां देखते ही बनी।

इस अवसर पर प्राइवेट विद्यालय, महाविद्यालय प्रबंधक, शिक्षक एवं अभिभावक एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक महादेव प्रसाद यादव एवं टी.डी. गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या लक्ष्मी सिंह को डॉ. दरबारी लाल अस्थाना स्मृति सम्मान के तहत स्मृति चिन्ह, पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र भेंट कर अलंकृत किया गया। सुभाष वाजपेई के कुशल संचालन में हुए इस कार्यक्रम में डॉ. दरबारी लाल अस्थाना के पुत्र वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना पुनीत अस्थाना ने बताया कि वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना का जन्म 24 जुलाई 1905 को आगरा में हुआ था। प्रखर प्रवक्ता, क्रान्तिकारी समाज सुधारक और संगठनकर्ता रहे डॉ.दरबारी लाल अस्थाना का स्वर्गवास 3 मार्च 1985 को लगभग 80 वर्ष की आयु में हो गया था। स्वतंत्रता संग्राम में स्मरणीय योगदान के लिए राष्ट्र की ओर से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें 15 अगस्त 1972 को ताम्रपत्र से सम्मानित किया था।

कार्यक्रम जय हो का आरंभ, परंपरा के अनुसार सरस्वती मां को पुष्प अर्पित करने के उपरांत गणेश वंदना एक दंताए भाव नृत्य से हुआ। इसमें एंजल मौर्या, वीरा मौर्या, अग्रिमा चौरसिया, रक्षा शर्मा, आर्या मौर्या ने प्रतिभाग किया। इस क्रम में टी.डी. गर्ल्स इंटर कॉलेज की छोटी सी बिटिया शिवांगी ने सेव अर्थ का प्रभावी संदेश दिया। रत्ना अस्थाना के निर्देशन में समारोह की टाइटल प्रस्तुति जय हो ने आयोजन को परवान चढ़ाया। इसमें एंजल मौर्या, वीरा मौर्या, अग्रिमा चौरसिया, रक्षा शर्मा, आर्या मौर्या ने रोमांचक कलाबाजियां भी पेश कर तालियां बटोरीं। इस क्रम में आरंभ हैं प्रचंड में अग्रिमा चौरसिया के साथ वीरा मौर्या, रक्षा शर्मा, एंजल मौर्या ने बेहतरीन नृत्य संयोजन पेश कर वाहवाही लूटी। दूसरी ओर टी.डी. गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राएं प्रियंका यादव, सौम्या मौर्य, आरती राजभर, अनुप्रिया, भाविका यादव, अदिति गुप्ता, आंचल राजभर की देश मेरे प्रस्तुति ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया वहीं प्रीति यादव ने देश के क्रान्तिवीर भगत सिंह पर प्रेरक कविता का पाठ कर सबका दिल जीत लिया। अंत में रत्ना अस्थाना के निर्देशन में तेरी मिट्टी गाने पर एंजल मौर्या के साथ वीरा मौर्या और रक्षा शर्मा ने प्रभावी नृत्य संयोजन प्रस्तुत कर आंखे नम कर दी।

# चैती महोत्सव के मंच पर कृष्णलीला संग बही भक्ति की सरिता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ ।** मंगलवार को ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव के सांस्कृतिक मंच की शुरूआत भक्ति बीटस भजन जैमिन विथ प्रतीक शर्मा द्वारा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित भगवान श्रीगणेश की अत्यंत लोकप्रिय और स्तुतिपूर्ण पद वंदना गाइये गणपति जग बंदन से आरंभ हुई जिसके बाद संगीतमय हनुमान चालीसा और बृज के भजनों को फ्यूजन गिटार और बीट बॉक्स के संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया । प्रतीक शर्मा की आवाज में भजनों को आर्यन द्वारा फ्यूजन गिटार और दिनेश्वर द्वारा बीट बॉक्स के संगीत से सजाया गया ।

इसके उपरांत सूरदास जी द्वारा रचित भ्रमर गीत काव्य से उद्धव जो श्री कृष्ण के सलाहकार और चचेरे भाई थे और गोपिकाओ के बीच हुए ब्रह्म ज्ञान और प्रेम ज्ञान पर हुयी चर्चा पर आधारित नृत्य नाटिका का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसका निर्देशन एवं परिकल्पना नृत्य गुरु सय्यद शमशुर रहमान (नवेद) द्वारा किया गया, तबले से पंडित विकास मिश्रा जी, बांसुरी से अल्का ठाकुर व सरोद से श्री हृदय ने संगीत को सजाया, कथन तृप्ति भारद्वाज के साथ प्रखर पांडेय के सुर से सुसज्जित इस संगीतमय नृत्य नाटिका को सय्यद शमशुर रहमान नवेद, अनुष्का प्रकाश, आर्यका श्रीवास्तव, पंकज पांडेय, अभिलाषा सिंह, अनुष्का श्रीवास्तव, आकृति भारद्वाज, शैली मौर्या, दिया चंद्रा ने अपने नृत्य कला के कौशल से सजाया । गणेश वंदना बाल कलाकार श्री, स्वस्तिका, मायशा, आराध्या, अनन्या, मिश्का, मेहर, प्रिशिता, सताक्षी, काव्या, दृष्टि, तृश्या, अनाएशा, श्रेयान, आर्वित, सृष्टि, समृद्धा, शानवी एवं वेदिका ने प्रस्तुत की । इसके उपरांत चैती महोत्सव के मुख्य आकर्षण कृष्णलीला का मंचन आरंभ हुआ जिसे भास्कर नृत्य कला केंद्र कोलकाता के कालकारों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है । कृष्णलीला में कंस वध के उपरांत देवकी और वसुदेव को कंस के कारागार से मुक्त कराने के बाद विस्थापित राजा उग्रसेन का पुनः राज्याभिषेक किया जाता है, इसके बाद नंद बाबा की मथुरा से विदाई के करुणा से भरे दृश्यों को देख कुछ श्रोताओं की आंखें छलक उठीं । इसके उपरांत श्रीकृष्ण और बलराम को शिक्षा ग्रहण करने हेतु संदीपन ऋषि के आश्रम भेजा जाता है जहाँ कन्हैया अपने भाई बलराम और मित्र सुदामा के साथ गुरु संदीपन से मात्र 64 दिनों में चौसठ कलाओं, चौदह विद्याओं, चार वेदों और अठारह पुराणों का ज्ञान प्राप्त किया । इसके बाद मगध के अत्याचारी राजा जरासंध जो बेहद शक्तिशाली और क्रूर था तथा जिसने 86 राजाओं को बंदी बना रखा था और 100 राजाओं की बलि देकर चक्रवर्ती सम्राट बनना चाहता था, इसी कड़ी में वह श्रीकृष्ण से भी युद्ध लड़ने जाता है जहाँ कृष्ण उसे अपमानित कर देते हैं । उधर भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र व चचेरे भाई उद्धव जो श्रीकृष्ण के निर्गुण ब्रह्म रूप के उपासक भी थे। पर उन्हे अपने भक्ति ज्ञान घमंड भी था, ऐसे मे कृष्ण ने उद्धव के ज्ञान के अहंकार को दूर करने के लिए उन्हें गोपियों के पास वृंदावन भेज दिया, जहाँ उद्धव का गोपियों के साथ शास्त्रार्थ होता है, गांव की गोपियों के निस्वार्थ प्रेम के आगे नतमस्तक होकर उद्धव ज्ञान पर भक्ति की सर्वोच्चता को स्वीकार करते हैं । और इसी के साथ छठे दिन की लीला का समापन हो जाता है ।


## कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, जनपद-उन्नाव

website :- www.upoonp.in
E-mail :- nppugu@gmail.com

पत्रांक:-694/ई-निविदा सू./न.पं.ऊगू/2025-26
दिनांक:- 24 मार्च 2026

### ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्या :-5028/21-एल.बी.सी./2026 दिनांक 06 मार्च 2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 मे 15 वॉ वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत बुनियादी अनुदान की द्वितीय किस्त की प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव मे कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है।

:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी वित्तीय बिड खोलने का विवरण:-

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 25/03/2026 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 25/03/2026 प्रातः 09:00 बजे से |
| (c) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 15/04/2026 अपरान्ह 01:00 बजे |
| (d) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 15/04/2026 अपरान्ह 02:00 बजे |
| (e) | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त |
| (f) | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव |

**नोट:-** निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण/नियम व शर्ते www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ऊगू**
**उन्नाव**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ऊगू**
**उन्नाव**

संक्षेप

## आवासीय क्रीड़ा छात्रावास के लिए सात खेलों में ट्रायल संपन्न

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों के लिए ट्रायल लिया गया, दूसरे दिन सात खेलों में ट्रायल लिए गए, जिसमें जिम्नास्टिक तैराकी कुश्ती हॉकी वॉलीबॉल बैडमिंटन टेबल टेनिस में चयन किया गया स सभी खेलों में आज बालिका संवर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयनित खिलाड़ियों की सूची मंडल ट्रायल से पूर्व खेल कार्यालय में चस्पा कर दी जाएगी। ये जानकारी क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने दी। इस अवसर पर स्टेडियम कोच प्रदीप यादव, श्याम धर ओझा, आशुतोष गुप्ता, प्रवीण मिश्र, राम नरेश, आनंद श्रीवास्तव चंचल भट्टाचार्य मौजूद रहे।

## परिंदों के लिए कटका क्लब ने लगाये जलपात्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार को कटका बाजार में गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों के लिए एक सराहनीय अभियान चलाया जा रहा है। कटका क्लब सामाजिक संस्था के तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए जलपात्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। अभियान का नेतृत्व संस्था के डॉ. सौरभ मिश्र ह्यविनम्रह्व कर रहे हैं। उनके निर्देशन में क्लब के सदस्य सक्रिय रूप से इस पुनीत कार्य में जुटे हुए हैं और आम लोगों को भी पक्षियों के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डॉ. मिश्र ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण कई पक्षियों का जीवन संकट में पड़ जाता है। ऐसे में समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास जल की व्यवस्था करे। संस्था का यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और मानवता का संदेश भी देता है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए सहयोग का भरोसा जताया है। इस मौके पर बृजेन्द्र मिश्र, राजकुमार मिश्र, अंजनी तिवारी, हर्षित, ऋषभदेव शुक्ला, कांति सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। साथ ही अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में संचारी रोग कार्यशाला आयोजित

**नसीराबाद, रायबरेली।** शासन के निर्देश पर मंगलवार को ब्लाक संसाधन केन्द्र छतोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश एवं स्वास्थ्य अधिकारी मोहम्मद इरफान के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संचारी रोग से संबंधित समस्त प्रधानाध्यापकों को विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया गया कि रोग वे बीमारियां हैं जो वायरस, बैक्टीरिया, कवक या परजीवी जैसे सूक्ष्मजीवों के कारण होती हैं और संक्रमित व्यक्ति, जानवर, या दूषित पानी/भोजन के माध्यम से एक से दूसरे में फैलती हैं। इसके मुख्य उदाहरण डेंगू, मलेरिया, टीबी (ज्क्षयतबनसवेपे), फ्लू, और एचआईवी हैं। लक्षणों में बुखार, खांसी और कमजोरी प्रमुख हैं। संचारी रोग की बीमारियां हवा (छींकने/खांसने), सीधा शारीरिक संपर्क, दूषित सतहों, या मच्छरों/कीड़ों के काटने से तेजी से फैलती हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से ,ए आर पी रीता, उमेश कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार शुक्ला, कृता सरोज, गीता सिंह सलोनी, लाल जायसवाल, सहित ब्लाक के समस्त प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान में सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा



**लालगंज, रायबरेली।** गेगासो मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल महा प्रशिक्षण अभियान के उद्घाटन सत्र में पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने भाजपा की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की एकता और विकास की नीतियों ने विपक्षियों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है। निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। सरकार हर मोर्चे पर पूर्ण तया सफल है। धीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं और उनका लाभ आम जनता तक पहुंचाया है। वहीं दूसरे सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव पाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास और विकास बहुत ही रोचक है। 6 अप्रैल 1980 को स्थापित, भाजपा का मूल श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा 1951 में निर्मित भारतीय जनसंघ से जुड़ा हुआ है। भाजपा ने 1989 में 85 सीटें जीतकर राष्ट्रीय राजनीति में अपनी उपस्थिति दर्ज की। प्रशिक्षण अभियान के तृतीय सत्र में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने वैचारिक प्रतिष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और पार्टी के विचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता चंद्र प्रकाश पांडे ने किया और अध्यक्षता जगन्नाथ पांडे ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजयपाल पासवान, महामंत्री नीरज पांडे, महामंत्री दल बहादुर सिंह, अभिषेक शुक्ला, मंतोष पांडे, विकेश द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह सुशील दीक्षित, अलका पांडे, सीपी शुक्ला, विनोद सिंह, अशोक यादव, शंकर साहू बृजेंद्रसिंह आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का हुआ भव्य आयोजन

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह ब्लॉक स्थित भगवान परशुराम की तपोस्थली नगर पंचायत परशदेपुर कस्बे के उत्तरी छोर पर स्थित माता मेढुरिन देवी मंदिर में मंगलवार को श्रीराम दल ग्रुप परशदेपुर के तत्वाधान में भव्य संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में श्रीराम दल ग्रुप के सदस्यों के अलावां क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद के वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

मंदिर के पुजारी भोलानाथ मिश्रा ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य का जीवन भवसागर से पार हो सकता है। पुजारी प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली महराज की अराधना है,इसके पाठ करने से महाबली बजरंगबली अति प्रसन्न होते हैं। श्रीराम दल ग्रुप के अध्यक्ष डाक्टर रवि ने कहा कि विश्व के कल्याण की भावना से श्रीराम दल के सदस्यों द्वारा संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया है जो प्रति वर्ष इसी तरह हर्षोल्लास के साथ कराया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर प्रबन्धक श्री कांत त्रिवेदी, श्रीराम दल ग्रुप के उपाध्यक्ष शिवम कौशल, सुशांत सिंह, आशीष केशवानी, अमित सोनी, संतोष सिंह, राधेश्याम सिंह,लल्लू सिंगरौर ,मोती विश्वकर्मा, अभिषेक सरोज, शिवकुमार कौशल, रमेश कौशल, हरिशंकर सोनी, समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश सेवा रत्न से समाजसेवी बउवा सिंह सम्मानित

**रायबरेली।** संकल्प मानव सेवा संस्था के सातवें स्थापना दिवस पर प्रदेश सेवा रत्न सम्मान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्रीएवं उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबीरानी मौर्य ने किया। संस्था के अध्यक्ष उमेंद्र राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम में यूपी के अलावा जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा के समाजसेवियों को प्रदेश सेवा रत्न से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारायण सिंह व संचालन किरण यादव ने किया। समारोह के दौरान संस्था की नई कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। महिला प्रदेश अध्यक्ष दीपिका राजपूत, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु प्रताप वर्मा, जिलाध्यक्ष शिवानी कटारा, धर्मेंद्र राजपूत, महानगर अध्यक्ष कमल कांत शर्मा एवं ग्रामीण अध्यक्ष दशरथ सिंह को बनाया गया।

## अध्यक्ष पद पर सिद्धनाथ निर्विरोध निर्वाचित



**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ तहसील बार एसोसिएशन में अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें कुल सात पदों पर चुनाव होना था लेकिन महामंत्री पद को छोड़ दिया जाए तो सभी पदों के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। अध्यक्ष पद हेतु पहले दो पर्चे सिद्धनाथ यादव और पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह यादव के द्वारा भरे गए लेकिन चुनाव से ठीक एक दिन पहले पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह यादव के द्वारा अपना पर्चा वापस ले लिया गया जिस कारण अध्यक्ष पद पर सिद्धनाथ यादव निर्विरोध निर्वाचित हो गए शेष अन्य पदों पर कोई प्रत्याशी खड़ा ही नहीं हुआ। महामंत्री पद पर दो पर्चे भरे गए जिनमें से प्रथम पर्चा संतोष कुमार यादव के द्वारा और दूसरा पर्चा पूर्व मंत्री मनोज कुमार सिंह के द्वारा भरा गया जिस पर चुनाव संपन्न हुआ ।संतोष कुमार यादव के द्वारा महामंत्री पद के दूसरे प्रत्याशी और पूर्व महामंत्री मनोज कुमार सिंह को भारी मतों से पराजित कर एक पक्षी जीत दर्ज की गई पहले तो यह मुकाबला बहुत ही कांटे का लग रहा था लेकिन जैसे-जैसे सुबह से मतदान शुरू हुआ धीरे-धीरे मुकाबला एक पक्षी होता दिखाई पड़ने लगा और अंत में संतोष कुमार यादव महामंत्री के पद पर पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह को भारी मतों से पराजित करके विजई घोषित हुए यह चुनाव एल्डर कमेटी के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह एवं एवं कमेटी के अन्य सदस्य रामकुमार द्विवेदी अशोक कुमार सिंह ,प्रदीप कुमार तिवारी, एवं शीतल प्रसाद यादव तथा सुरेश बहादुर सिंह एडवोकेट एवं दिलीप कुमार पटेल की निगरानी में संपन्न हुआ।

# बिरला कॉर्पोरेशन की सहायक आरसीसीपीएल इकाई में तीसरी उत्पादन लाइन का शुभारंभ

- उत्पादन क्षमता बढ़कर 21.4 मिलियन टन हो गयी

जिला संवाददाता (vol)




**बछरावां, रायबरेली।** बिड़ला कॉरपोरेशन की सहायक कंपनी आरसीसीपीएल द्वारा कुंदनगंज इकाई में तीसरी उत्पादन लाइन शुरू की गई है जिससे की उत्पादन क्षमता बढ़कर 21.4 मिलियन टन हो गई।

आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड ने 23 मार्च को अपने कुंदनगंज यूनिट में तीसरी उत्पादन लाइन शुरू कर दी है। इस विस्तार से उत्पादन क्षमता में 1.4 मिलियन टन की वृद्धि हुई है। इस विस्तार के बाद, बिड़ला कॉरपोरेशन लि. की कुल कंसोलिडेटेड उत्पादन क्षमता बढ़कर 21.4 मिलियन टन हो गई है। कंपनी ने पहले ही घोषणा की थी कि 2028-29 तक कुल क्षमता 27.6 मिलियन टन तक बढ़ाया जाएगा। कुंदनगंज विस्तार परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 300 करोड़ रुपये है। उत्पादन क्षमता में 1.4 मिलियन टन की वृद्धि से लगभग 100000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है ।इस उत्पादन वृद्धि से मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुख्य बाजार में बिड़ला कॉरपोरेशन लि. की प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत होगी। कुंदनगंज फैक्ट्री विस्तार के लिए अतिरिक्त क्लिंकर की आपूर्ति कंपनी की एकीकृत इकाइयों (सतना, चंदेरिया और मुकुटबन) से की जाएगी।कंपनी ने कुंदनगंज फैक्ट्री में अत्याधुनिक तकनीक में निवेश किया है, ताकि फ्लाई ऐश के अधिकतम उपयोग से पोर्टलैंड पोजोलाना सीमेंट का उत्पादन किया जा सके। बिड़ला कॉरपोरेशन लिमिटेड ने निरंतर रूप से पीपीसी की बिक्री एवं उपयोग में वृद्धि को बढ़ावा दिया है। कंपनी को इस परियोजना में किए गए पूंजी निवेश पर 12 वर्षों तक वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े रियायत भी प्राप्त होंगे।

# एम्स में मनाया गया विश्व क्षय रोग दिवस



**रायबरेली।** एम्स, के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर एक वैज्ञानिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया। विश्व क्षय रोग दिवस पूरे विश्व में डॉ. रॉबर्ट कोच द्वारा 1882 में ह्यमाइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिसह्य की खोज की याद में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम, ह्लहाँ ! हम टीबी को खत्म कर सकते हैंह्व क्षय रोग को समाप्त करने की वैश्विक प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन ने किया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ) नीरज कुमारी (डीन अकादमिक), कर्नल यू. एन. राय (वित्तीय सलाहकार), डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव (अपर चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. सना इस्लाही (सह-प्रोफेसर), जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ. प्रमोद कुमार (सह-प्रोफेसर) और डॉ. श्वेता सिंह (सहायक प्रोफेसर) सहित रेजीडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, चिकित्सालय कार्मिक, मरीज तथा उनके तीमारदार उपस्थित थे।

कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन ने सभा को संबोधित किया और टीबी को नियंत्रित करने में शीघ्र निदान, समय पर उपचार और जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें तपेदिक के प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया; इनमें टीबी निदान में हालिया प्रगति, नमूना संग्रह और दवा-प्रतिरोधी टीबी का निदान तथा टीबी प्रबंधन के लिए ॅभ्व के अद्यतन दिशानिर्देश शामिल थे।

आउटरीच कार्यक्रम के तहत एम्स रायबरेली के सामुदायिक चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो स्थानों पर व्यापक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए गए। ओल्ड ओपीडी परिसर में एमबीबीएस इंटर्न्स द्वारा मरीजों एवं तीमारदारों के साथ नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य वार्ता के माध्यम से टीबी के लक्षण, रोकथाम एवं उपचार के बारे में संदेश दिया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. भोला नाथ द्वारा जनसमुदाय से संवाद किया तथा टीबी की शीघ्र पहचान, पूर्ण उपचार एवं पूर्ण स्वस्थ होने के महत्व पर बल दिया। दूसरे कार्यक्रम दरियापुर गांव में आयोजित किया गया, जहां ग्राम प्रधान, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ, आशा वर्कर, स्कूल शिक्षकों एवं समुदाय के लाभार्थियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर हितधारक चर्चा आयोजित की गई, जिसमें टीबी नियंत्रण में सामुदायिक भागीदारी, शीघ्र पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा सत्र में टीबी के प्रमुख पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. नीरज पवार ने टीबी नियंत्रण में पोषण के महत्व पर विशेष जोर देते हुए सभी से टीबी जागरूकता एवं उन्मूलन प्रयासों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

## मिशन शक्ति अभियान को एसपी ने दिखायी हरी झंडी

**गौरीगंज, अमेठी।** महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सरणवन टी ने ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान में जागरूकता रैली निकालकर महिलाओं वबालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की अपील की। साथ ही, समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। एसपी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में शासन की योजनाओ के बारे में महिलाओ को जानकारी प्राप्त होगी।

# चंद्रशेखर शुक्ल को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** लोकाधिकार सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, लोकप्रिय समाजसेवी स्व. चंद्रशेखर शुक्ल ह्यबेबी भइयाह्ण की प्रथम पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव रेवारी-बेलहरी में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं और क्षेत्रीय लोगों की बड़ी संख्या ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन उनके सुपुत्र एवं समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल ह्यरिंकूह्ण, प्रशांत चंद्रशेखर शुक्ल तथा ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल के संयोजन में किया गया। वक्ताओं ने स्व. बेबी भइया के समाजसेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित कर दिया। श्रद्धांजलि सभा में कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया और उनके कार्यों को प्रेरणास्त्रोत बताया। बताया गया कि स्व. बेबी भइया ने अपने निजी संसाधनों से 1280 निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कराए। इसके साथ ही उन्होंने कंबल वितरण, मोतियाबिंद ऑपरेशन, दिव्यांगों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने और जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग जैसे अनेक सराहनीय कार्य किए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि उन्होंने सामाजिक व सांस्कृतिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। रामलीला मंचन, कजरी महोत्सव और बंदी सुधार जैसे कार्यक्रम उनके बहुआयामी व्यक्तित्व को दशार्ते हैं। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि उनके आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए समाजसेवा का यह सिलसिला निरंतर जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक जयसिंहपुर राजप्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, विधायक कादीपुर राजेश गौतम, विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्रा, एडीजे प्रथम राकेश कुमार शुक्ला, पीटीएस अधीक्षक बृजेश मिश्रा, डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला, एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी, तहसीलदार देवानंद त्रिपाठी, एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात सिंह, तहसीलदार मयंक मिश्रा, नायब तहसीलदार धर्मेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## समरथपुर में फायर स्टेशन का सपना अधूरा आठ साल से नहीं शुरू हुआ निर्माण

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के समरथपुर में प्रस्तावित अग्निशमन विभाग का फायर स्टेशन पिछले आठ वर्षों से निर्माण के इंतजार में है। भूमि आवंटन के बावजूद अब तक भवन निर्माण शुरू न होने से यह योजना कागजों तक सीमित रह गई है, जिससे क्षेत्रीय लोगों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। वर्तमान में फायर ब्रिगेड की सेवाएं बलीपुर में एक निजी स्थान से अस्थायी रूप से संचालित की जा रही हैं। ऐसे में किसी भी आपात स्थिति में समय पर राहत पहुंचाना चुनौती बना हुआ है, जिससे जन-धन के नुकसान की आशंका बनी रहती है। ग्राम प्रधान राजेश तिवारी के अनुसार, फायर स्टेशन के लिए भूमि का आवंटन वर्षों पहले हो चुका है, लेकिन संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। किसान करुणानन्द मिश्र ने कहा कि फायर स्टेशन का निर्माण न होने से क्षेत्र के लोग हर समय खतरे के साये में जी रहे हैं। आगजनी की घटनाओं में समय पर सहायता न मिलने से किसानों की फसल और संपत्ति को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं भानू पाठक ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि वर्षों से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई प्रगति नहीं दिख रही। उन्होंने मांग की कि जिम्मेदार अधिकारी तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराएं। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक ताहिर खान ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि वह जल्द ही इस मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे और गृह सचिव को पत्र लिखकर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द फायर स्टेशन का निर्माण शुरू कराया जाए, ताकि क्षेत्र को समय पर अग्निशमन सुविधा मिल सके और संभावित हादसों से बचाव हो सके।

## रोटरी क्लब ने दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण




**सुलतानपुर (वीओएल)।** रोटरी क्लब सुलतानपुर द्वारा दिव्यांगजन सहायतार्थ आयोजित चार दिवसीय उपकरण वितरण शिविर का सफल समापन हुआ। इस दौरान कुल 687 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, कृत्रिम अंग और श्रवण यंत्र जैसे आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता और सुविधा बढ़ी। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने किया। पहले दिन ही बड़ी संख्या में लाभार्थियों को उपकरण वितरित किए गए। दूसरे दिन वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधाकर सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां जरूरतमंदों को सहायता सामग्री देकर उनके जीवन को नई दिशा देने का प्रयास किया गया। तीसरे दिन वरिष्ठ सर्जन डॉ. ए.के. सिंह और वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया और लाभार्थियों को उपकरण वितरित किए। समापन समारोह में जयपुर फुट (श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति) की टीम और सहयोगी स्टाफ को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन नीरव पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि अध्यक्ष अखिल अग्रवाल और सचिव डॉ. अभिषेक पांडेय ने सभी सहयोगियों का आभार जताया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में रोटेरियन सदस्य उपस्थित रहे। यह शिविर सेवा, समर्पण और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया, जिसने सैकड़ों दिव्यांगजनों के जीवन में नई उम्मीद जगाई। इस मौके पर रोटरी क्लब से विजय सेठ, संदीप कुमार, सागर तिवारी, प्रमोद मेहरोत्रा, बी. के. झा, डॉ. संजय मिश्रा, संजय केसरवानी, अंकित श्रीवास्तव, अजीत अग्रहरि, अलंकार टंडन, निमेन्द्र गोयल, प्रमोद मिश्रा, मनमोहित सिंह, वेद जायसवाल, तपन टंडन, अभिषेक पांडेय, अखिल अग्रवाल, आकांक्षा श्रीवास्तव, तनु टंडन, रितु मेहरोत्रा, गुर्लीन कौर, प्रतीक्षा गुप्ता, प्रतिमा सिंह आदि मौजूद रहे।

## मृत युवकों के घर पहुंचे डॉ. आशीष तिवारी ने दी आर्थिक सहायता

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत कोइरीपुर निवासी दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। हादसा लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर ढकवा बाईपास के पास बीते बुधवार देर रात हुआ, जहां तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दोनों युवकों की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोइरीपुर निवासी शिवा मोदनवाल (पुत्र हनुमान मोदनवाल) एवं श्याम अग्रहरि (पुत्र प्रदीप अग्रहरि) की उक्त दुर्घटना में मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं, साहिल सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है ।घटना की सूचना मिलते ही डॉ आशीष तिवारी सोमवार को मृतकों के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवारों को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। इस दौरान शिव मोदनवाल के परिजनों को 50 हजार रुपये तथा श्याम अग्रहरि के परिजनों को 25 हजार रुपये की सहायता दी गई। वहीं घायल साहिल सोनी के इलाज के लिए पहले ही 21 हजार रुपये की मदद की जा चुकी है ।डॉ. तिवारी ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सेवार्थम फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## जिले में दबंगों की दबंगई जारी, विधवा को नहीं मिल रही उसकी जमीन

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ तहसील में जिले की डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इसमें फरियादी अपनी फरियाद लेकर आए। इन्हीं फरियादियों में से एक फरियादी थी सरोज वती पत्नी स्वर्गीय बदलू निवासी गांव सेंदुरामऊ जो एक विधवा महिला है। इनके द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें प्रतिपक्षी चंद्रिका प्रसाद पुत्र सत्ती, कालिका प्रसाद पुत्र सत्ती एवं दसउ पुत्र सत्ती का नाम है। इनका कहना है कि प्रतिपक्षी अत्यंत ही दबंग और सरहंग किस्म के व्यक्ति हैं जो उनकी भूमि को कब्जा करके रखे हैं उनके द्वारा प्रार्थना पत्र में कहा गया कि जब भी प्रार्थनी भूमि बंटवाने जाती है तो प्रतिपक्षीगण उन्हें मारपीट के वहां से भगा देते हैं सरोज वती के द्वारा थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया गया था उनका कहना है कि उस प्रार्थना पत्र में थाने में प्रतिपक्षी गणों और सरोजवती के बीच पुलिस वालों के द्वारा एक समझौता कराया गया जिसमें यह कहा गया कि सरोज वती को उनके हिस्से की जमीन दी जाए ।लेकिन जब भी प्रार्थनी अपनी जमीन बंटवाने के लिए जाती है प्रतिपक्षी गण उसे गाली गलौज के साथ मारपीट कर भगा देते हैं और कहते हैं कि यहां से छोड़कर और कहीं चली जाओ नहीं तो तुम्हें जान से मार देंगे। सरोजवती का कहना है कि वह एक असहाय और गरीब महिला है जो दिहाड़ी काम करके अपना जीवन यापन कर रही हैं कभी-कभी जब उन्हें काम नहीं मिलता है तो उनके घर में चूल्हा भी नहीं जलता यदि उन्हें उनके हिस्से की जमीन मिल जाए तो उसी में काम करके अपनी रोजी-रोटी का जुगाड़ कर सकती हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से संपूर्ण समाधान दिवस में गुहार लगाई है कि प्रतिपक्षी गणों के खिलाफ उचित कार्रवाई करके और उनके हिस्से की जमीन उन्हें दिला करके उनके साथ न्याय किया जाए।

# पत्रकारों के आपसी सामंजस्य में लघु समाचारपत्रों की भूमिका अहम




**अमेठी।** अमेठी एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित हिन्दी-उर्दू दैनिक सहारा जीवन अपने संघर्ष, समर्पण एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की पहचान के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इसी क्रम में संस्थान ने अपना बारहवां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया ।इस अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित स्थानीय निरीक्षण गृह में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के वरिष्ठ पत्रकारों, युवा संवाददाताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर समाजसेवी सतीश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इसके उपरांत विभिन्न समाचार पत्रों एवं मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों—चिंतामणि मिश्र , पवन यादव , अजय मिश्र, पप्पू पांडेय , रमन पांडेय, सीपी मौर्य, विनोद सिंह , विकास शुक्ल , विनीत मिश्रा, बीपी सिंह, राजेंद्र शुक्ला, हर्षित सिंह, अनिल भदौरिया , राजकुमार उपाध्याय सहित अनेक पत्रकारों ने माल्यार्पण कर शुभकामनाएं व्यक्त कीं ।इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव ने कहा कि सहारा जीवन ने जिस प्रकार लोगों के बीच अपनी पहचान बनाई है, वह इसके कुशल संचालन का परिणाम है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर पत्रकारों के आपसी सामंजस्य में लघु समाचारपत्रों की भूमिका अहम होती है। वहीं समाजसेवी सतीश श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें इस गरिमामय कार्यक्रम में सम्मानित होकर अत्यंत प्रसन्नता हुई और आज सहारा जीवन जिले का एक प्रमुख समाचार पत्र बन चुका है ।अपने संबोधन में न्यूज 18 के जिला प्रतिनिधि पप्पू पांडेय ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सहारा जीवन ने पत्रकारिता के क्षेत्र में सशक्त पहचान बनाई है, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता कई चुनौतियों से गुजर रही है, ऐसे में निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है ।पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रमन पांडेय ने कहा कि आज पत्रकारिता का दौर संकटपूर्ण है और हमें स्वच्छ एवं निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए सदैव सजग रहना होगा ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहारा जीवन के संपादक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी संस्था की सफलता उसके पीछे कार्यरत लोगों की निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने बताया कि संस्थान ने प्रारंभ से ही अनेक संघर्षों का सामना किया, लेकिन अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। यही कारण है कि आज यह समाचार पत्र प्रदेश के कई जनपदों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

संक्षेप

## युवक फांसी के फंदे पर झूला, मौत

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र के गांव घाघऊ में पत्नी से विवाद के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक के आत्महत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। विकास (30) पुत्र इच्छाराम निवासी घाघऊ थाना नसीरपुर की 5 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। युवक का अपनी पत्नी से पारिवारिक कारणों से विवाद होता रहता था। इस दौरान उसके एक बालक भी हुआ। 24 मार्च को भी दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिससे नाराज होकर युवक ने कमरे में बंद होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने युवक को फांसी के फंदे पर झूलता देखा तो परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। युवक के आत्महत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज के लिए भेज दिया। इस बारे में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार सोलंकी ने बताया कि पत्नी से विवाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## मथुरा में टीबी उन्मूलन को मिली नयी गति

**मथुरा।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जनपद मथुरा में टीबी उन्मूलन अभियान को नई गति देने हेतु इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) भवन, डैंपियर नगर में ह्लटीबी मुक्त ग्राम पंचायतह्व विषयक एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति, मथुरा द्वारा किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस वर्ष की थीम ह्लहम टीबी को समाप्त कर सकते हैं-प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामह्व के अनुरूप कार्यक्रम में जनभागीदारी को टीबी उन्मूलन की मुख्य आधारशिला बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि टीबी जैसी बीमारी को समाप्त करने के लिए सरकार के प्रयासों के साथ-साथ समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय सघन क्षय रोग खोज अभियान के अंतर्गत जनपद में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की गई। अभियान के तहत 5,93,609 लोगों की स्क्रीनिंग, 5,60,916 उच्च जोखिम आबादी की जांच, 1,35,057 एक्स-रे जांच तथा 17,144 मरीजों को पोषण किट वितरण किया गया। साथ ही सभी संभावित मरीजों का निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर जनपद की कुल 106 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करते हुए उनके ग्राम प्रधानों को गांधीजी की प्रतिमा, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें 16 ग्राम पंचायतें गोल्ड, 28 सिल्वर तथा 62 ब्रोंज श्रेणी में शामिल रहीं। ब्लॉक नौहझील की 22, राया की 16, मांट की 13, बलदेव की 12, गोवर्धन की 9, नंदगांव की 5, चैमुहां की 7, फरह की 11, छाता की 10 तथा मथुरा-वृंदावन की 1 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि टीबी पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है और समय पर जांच तथा नियमित उपचार अत्यंत आवश्यक है। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश राठौर ने ह्लटीबी मुक्त ग्राम पंचायतह्व की अवधारणा, चयन प्रक्रिया एवं मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओपीडी सेवाएं शुरू



**मथुरा।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने आज अमर हेल्थकेयर, मथुरा में अपनी यूरो-ऑन्कोलॉजी और गायने-ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा? के यूरो-ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जरी एवं एंडोयूरोलॉजी? विभाग के सीनियर डायरेक्टर?? डॉ. पंकज वाधवा? और फीमेल यूरोलॉजी, गायने-ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी? विभाग के सीनियर कंसल्टेंट? डॉ. द्वीप जिंदल की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अमर हेल्थकेयर, मथुरा के ओनर और डायरेक्टर डॉ. संजय सूद एवं डॉ. मीना सूद भी मौजूद रहे।

डॉ. पंकज वाधवा और डॉ. द्वीप जिंदल हर महीने के तीसरे मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अमर हेल्थकेयर, मथुरा में मरीजों के लिए प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा? के यूरो-ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जरी एवं एंडोयूरोलॉजी? विभाग के सीनियर डायरेक्टर?? डॉ. पंकज वाधवा? ने कहा, ह्लरोबोटिक टेक्नोलॉजी ने किडनी, ब्लैडर, प्रोस्टेट और एड्रिनल ग्लैंड से जुड़े कैंसर के इलाज के तरीके को काफी बेहतर बनाया है। इसकी मदद से हम हाई प्रिसिशन और पेशेंट-सेंट्रिक केयर दे पा रहे हैं। यूरो-ऑन्कोलॉजी में हमारी विशेषज्ञता के चलते हम मिनिमली इनवेसिव ट्रीटमेंट ऑप्शंस प्रदान कर सकते हैं। प्रोस्टेट, किडनी और ब्लैडर से जुड़े ऑपरेशंस में रोबोटिक्स बेहतर विजुअलाइजेशन और सटीकता देता है, जिससे कैंसर को प्रभावी तरीके से हटाया जा सकता है, साथ ही जरूरी स्ट्रक्चर्स और फंक्शन्स सुरक्षित रहते हैं। इससे मरीजों की रिकवरी तेज होती है, कॉम्प्लिकेशन्स कम होते हैं और उनकी क्वालिटी ऑफ लाइफ बेहतर होती है ह्वमैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा? के फीमेल यूरोलॉजी, गायने-ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी? विभाग के सीनियर कंसल्टेंट? डॉ. द्वीप जिंदल ने कहा, ह्लकई महिलाएं व्यस्त दिनचर्या या जागरूकता की कमी के कारण शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देती हैं, जबकि कैंसर के मामलों में देरी, रिस्क को काफी बढ़ा सकती है। फीमेल यूरोलॉजी में भी रोबोटिक्स के इस्तेमाल से काफी प्रगति हुई है, जिससे यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस और पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स जैसी समस्याओं का इलाज बेहतर हुआ है। रोबोटिक सर्जरी मिनिमली इनवेसिव अप्रोच के साथ बेहतर एनाटॉमिकल रिजल्ट देती है।

# अवैध प्रवासियों को देश में न मिले रोजगार : मोहन भागवत

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत में घुसपैठ को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से संदिग्ध अवैध प्रवासियों की जानकारी अधिकारियों को देने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उन्हें देश में रोजगार न मिले। वृंदावन के रुक्मिणी विहार स्थित नव-निर्मित जीवनदीप आश्रम का लोकार्पण करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने अमेरिका और चीन जैसे देशों की आक्रामक प्रवृत्ति की निंदा की और भारत को अन्य दृष्टिकोणों के प्रति अधिक उदार बताया। उन्होंने कहा कि विदेशियों की पहचान के लिए कड़ी जांच होनी चाहिए और लोगों से अपील की कि वे सुनिश्चित करें कि अवैध प्रवासियों को देश में रोजगार न मिले। उन्होंने कहा कि हालांकि, भारतीय नागरिकों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि यदि ऐसे उपाय लागू किए जाएं तो पांच से दस वर्षों में स्थिति में सुधार संभव है और घटती जन्म दर स्थिर हो सकती है।

संघ प्रमुख ने तीन संतान नीति पर जोर देते हुए कहा कि उच्च जन्म दर आवश्यक है। डॉक्टर परिवार के स्वास्थ्य के लिए तीन बच्चों की सलाह देते हैं, क्योंकि बचपन में होने वाले मेलजोल से बच्चों में सामाजिक कौशल और समूह में सामंजस्य स्थापित करने की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने जनसंख्या संबंधी अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि तीन से कम प्रजनन दर दीर्घकालिक जोखिम पैदा कर सकती है। कम जन्म दर वाले कई देशों ने अपनी जनसंख्या वृद्धि दर तीन से ऊपर ले जाने के प्रयास किए हैं। परिवारों को दो बच्चों तक सीमित रहने के बजाय तीन बच्चों का लक्ष्य रखना चाहिए, हालांकि कोई भी नीति बनाते समय जनहित सर्वोपरि होना चाहिए। भागवत ने जबरन धर्मांतरण को रोकने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार कानून बना सकती है, लेकिन समाज को भी इसे रोकने की जिम्मेदारी निभानी होगी। अनेक धर्मांतरित लोग मूल रूप से हिंदू रहे हैं और यदि वे वापस आना चाहते हैं तो उनका स्वागत किया जाना चाहिए। संघ प्रमुख ने अमेरिका और चीन जैसे देशों की आक्रामक प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए कहा कि भारत का दृष्टिकोण दूसरों पर कुछ थोपने का नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भले ही यह कहे कि हमारा आर्थिक मॉडल सबसे अच्छा है और सबको इसका अनुसरण करना चाहिए, वहीं चीन यह कह सकता है कि हमने एक ऐसा मॉडल स्थापित किया है जो सबके लिए सबसे उपयुक्त है।

# मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत किया जागरूक



**टूंडला।** मिशन शक्ति फेज 05 के द्वितीय चरण अंतर्गत नारी शक्ति नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन के तहत थाना टूंडला मिशन शक्ति टीम ने विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया।इस दौरान थाना टूंडला प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह व मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक रूचिका सिंह के नेतृत्व में ठा. बीरी सिंह महाविद्यालय उसायनी मंदिर राजा का ताल में मिशन शक्ति के तहत युवक-युवतियों में प्रेम प्रसंग एलोप्मेन्ट के अंतर्गत घर से चले जाने के मामलों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम हुआ। व उससे होने वाले दुष्परिणामो के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही साथ आज के आधुनिक युग में साइबर ठगों द्वारा जो लोगो के साथ साइबर ठगी कर अलग अलग माध्यम से फ्रॉड किया जा रहा हैं उसके बारे में बताया गया। तथा हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1098,1930 आदि के बारे में भी अवगत कराया गया। इस मौके पर पुलिस स्टॉफ छात्र छात्राएं क्षेत्रीयजन मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत, परिवार में कोहराम

**फिरोजाबाद।** थाना नसीरपुर क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के धनपुरा के पास सर्विस रोड पर बाइक, ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इच्छाराम (30) पुत्र अनोखे लाल निवासी रजोपुरा थाना नसीरपुर सोमवार की रात बुलेट बाइक नंबर यूपी 83 बी पी 6362 से अपने घर जा रहा था। जब युवक की बाइक आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के धनपुरा सर्विस रोड के पास पहुंची ही थी कि तभी सामने आते से आते हुए ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस बारे में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार सोलंकी ने बताया कि बीती रात बाइक ट्रैक्टर की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## डंडे से पीट-पीट कर पत्नी की हत्या , आरोपित गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** जिले में मंगलवार को पत्नी की डंडे से पीट-पीटकर कथित तौर पर हत्या करने के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह धनपतगंज ब्लॉक के सेवरा चरथई गांव निवासी नक्छेद (45) सोमवार को लिंटर डालने का काम कर रहा था और इस दौरान उसने अपनी पत्नी कुसुम (42) को फोन किया। पुलिस के मुताबिक, कुसुम किसी काम में व्यस्त होने के कारण फोन नहीं उठा सकी, जिससे नक्छेद नाराज हो गया और रात करीब 12 बजे घर जाकर अपने दोनों बच्चों उदयभान (9) और दीक्षा (8) के सामने पत्नी से मारपीट करने लगा। दोनों बच्चे जब अपनी मां को बचाने आए तो नक्छेद ने उन्हें भी धक्का दे दिया। आरोपी की बेटी दीक्षा ने पुलिस को बताया कि रात में पापा मम्मी को मार रहे थे। मैं मम्मी को लेकर बड़ी मम्मी के घर चली गई और रात भर हम वहीं रहे। सुबह जब हम वापस घर आए तो पापा ने फिर डंडे से मम्मी को मार दिया। मृतका के बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पिता गांजा पीते हैं। बल्दीराय के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी अंजू मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी नक्छेद को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ में उसने बताया कि उसने मारपीट की लेकिन उसे पत्नी की मौत का अंदाजा नहीं था।

# मेलबोर्न के अप्रवासी हिंदू सम्मेलन में महेंद्र प्रताप सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से विस्तार ले रहा है। पांच वर्ष पूर्व शुरू हुआ यह आंदोलन देश-विदेश में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। आंदोलन की गति को देखते हुए इसके वैश्विक स्तर पर फैलने के संकेत मिल रहे हैं। इसी क्रम में ब्राह्मण आस्ट्रेलिया महासभा के अध्यक्ष चंदर शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण के हिंदू पक्षकार एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट को 20 जून को मेलबोर्न (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित अप्रवासी हिंदुओं के विराट सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। वह सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे। ग्लोबल सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष आजाद शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय महामंत्री विजय प्रभाकर, सुनील प्रभाकर एवं अनूप कश्यप वृंदावन पहुंचे। उन्होंने श्री कृष्णा इंटरनेशनल होटल स्थित कैंप कार्यालय पर न्यास अध्यक्ष से भेंट की और ऑस्ट्रेलिया में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान के रजिस्टर सौंपे। प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान उनका स्वागत कर तलवार भेंट की। न्यास अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान के सभी दस्तावेज राष्ट्रपति को भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि मूल गर्भगृह स्थल पर मंदिर निर्माण की मांग को लेकर वह मेलबोर्न सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि भविष्य में स्पेन, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, जर्मनी, न्यूजीलैंड और कनाडा में भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विजय प्रभाकर ने कहा कि कनाडा लौटते ही कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी। आजाद शर्मा ने बताया कि वह विशेष रूप से निमंत्रण देने ऑस्ट्रेलिया से आए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर गर्भगृह स्थल के दर्शन किए और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने भव्य मंदिर निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने वृंदावन स्थित चिंतामणि कुंज में पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद जी महाराज, भगवताचार्य कृष्णचंद्र शास्त्री, राधाबल्लभ मंदिर के महंत मोहित मराल जी महाराज एवं नवल नागरी महाराज और कई अन्य प्रमुख संतों से भेंट कर जन्मभूमि विवाद और आंदोलन को गति देने की रणनीति पर चर्चा की।

# रोजगार मेले में युवक-युवतियों को मिले कंपनियों के नियुक्ति पत्र



**टूंडला।** ठा.बीरी सिंह महाविद्यालय प्रांगण में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में आए विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने फीता काटकर एवं सरस्वती माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने की वृहद रोजगार मेला में आए दर्जनों युवक युवतियों को अलग अलग कंपनियों के नियुक्ति पत्र दिए गए। सैकड़ों को संख्या में युवकों ने निःशुल्क रजिस्ट्रेशन किए मेला में अलग अलग शहरों एवं प्रदेशों से आईं चालीस कंपनियों ने अपने अपने स्टॉल लगाए। इस दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के वृहद रोजगार मेला प्रत्येक जनपदों में समय समय पर लगाए जाते हैं ।उक्त कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षित युवाओं को अपने ही शहर में रोजगार के अवसर मिलते हैं। इसी क्रम में आज टूंडला विधानसभा के नगर में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया हैं, जिसका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ युवाओं को रोजगार प्राप्त होना है। जनपद के समस्त युवाओं से अपील करता हूं कि आप लोग उक्त रोजगार मेलाओ के माध्यम से विभिन्न कंपनियों में सर्विस देते हुए अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करें। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने कहा कि इस आज के उक्त रोजगार मेला में नियुक्त हुए सभी युवाओं को मैं शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि आप एक जागरूक नागरिक बनकर राष्ट्र सेवा और समाज सेवा में समर्पित होते हुए कार्य करें जैसा कि आप सभी को ज्ञात है विश्व के कई देशों में आपसी युद्ध हो रहा है परन्तु हमारा देश सुरक्षित है लाखों की संख्या में बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं इस लिए अपने भविष्य को सुरक्षित रखते हुए कार्य करें।इस दौरान सुशील पोनियां, जिला महामंत्री अकाश शर्मा, शिव शंकर शर्मा, रामतीर्थ सिंह चक, आजाद जैन, दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एडीए की रोक के बाद भी दबंग करा रहे वन क्षेत्र में निर्माण

**आगरा।** थाना कमलानगर क्षेत्र के राधानगर स्थित शाक्य समाज की बगीची में अतक्रिमण करने व हरे पेड़ काटने का मामला सीएम योगी तक पहुंचने के बाद जिम्मेदार विभागों की नींद उड़ गई है। इस मामले को लेकर वन विभाग, एडीए, नगर निगम तथा पुलिस विभाग फंसते नजर आ रहे हैं। सीएम ने वन व पशु-पक्षी के साथ की गई क्रूरता को गम्भीर से लिया है। सीएम ने शनिववार को विश्व वन दिवस के आयोजन में भाग लेने के दौरान सभी जिम्मेदार विभागों को सीधा संदेश दिया है। आगरा में यमुना की खादर व उसके हरित व डूब क्षेत्र को अतिक्रमण से बचाने को सोमवार को शिकायत के बाद एडीए टीम मौके पर पहुंची तथा निर्माण कार्य रुकवा दिया। टीम ने मंदिर के बंद किए रास्ते सहति बगीचे में किए गये अतिक्रमण को रूकवा दिया। हिदायत के बाद भी दबंग व विल्डर नहीं मामने तथा टीम के जाने के बाद फिर से कार्य शुरू करा दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि उक्त लोगों द्वारा वाउन्ड्री तोड़ने के दौरान गिरे हुए पेड़े को सबूत मिटाने के लिए कटवाकर फिकवा दिया गया है। इस मामले में अब त जिला प्रशासन व वन विभाग तथा पुलिस विभाग चुप्पी साधे बैठे हैं। बता दें कि आगरा में यमुना की खादर में बनी गौशाला तमाम हरे पेड़ों को काटकर कब्जा किया जा रहा था। उक्त क्षेत्र में एनजीटी के निर्देश व सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एडीए ने किसी भी प्रकार के पक्के निर्माण आदि पर प्रतिबंध लगाकर ध्वस्तीकरण का नोटिश जारी किया गया था। उक्त मंदिर व समूची विभव पुरम कालोनी डूब क्षेत्र में है तथा उक्त कालोनी का अवैध निर्माण जारी है, जबकि एडीए उक्त कालोनी के सभी निमार्णों को ध्वस्तीकरण के नोटिश 2010 में दे चुका है। इस मामले में एडीए की भूमिका इस लिए संग्धिद है उक्त विभाग द्वारा 16 वर्ष में भी अपने नोटिश का अनुपालन न कराते हुए उक्त अवैध निर्माण को मोटा सुविधा शुल्क लेकर संरक्षण दिया जा रहा है। एनजीटी के निर्देश स्थानीय पुलिस के लिए भी हैं लेकिन थाना कमलानगर पुलिस का भी संरक्षण अवैध निर्माणकर्ताओं को मिला हुआ है। शुक्रवार 20 मार्च 2026 को लोग उस समय हैरत में पड़ गये जब थाना पुलिस खुद अवैध निर्माण को कराने में जुटी हुई थी। जब कि तीन दिन पूर्व ही थाना प्रभारी कमलानर ने उक्त निर्माण कार्य को रूकवा दिया था। जब शाक्य समाज के लोगों व जमीन दान देने वाले परिवार को उक्त निर्माण का पता चला तो वह मौके पर पहुंचे तथा काम ररूकवाने का प्रयास किया लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस व दो दरोगाओं के चलते उनका हा प्रयास असफल रहा। योगी बाबा की सरकार में पुलिस विभाग व एडीए तथा जिला प्रशासन की यह भूमिका सरकार की छवि पर भी पलीता लगाते नजर आयी। यहां सवाल यह उठ रहा है कि योगी सरकार में सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के निदेर्शों का अनुपालन नहीं किया जा रहा। इस मामले में पुलिस प्रशासन, एडीए, जिला प्रशासन व यूपी की योगी सरकार पर कोर्ट की अवमानना करते साफ नजर आती है। उक्त मामले में सपा नेता नितीन कोहली ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकरी ली तथा उक्त कार्य की निंदा की तथा उक्त मामले में एडीए उपाध्यक्ष व डीएम से मिलकर मामले की जानकारी देने की बात कही। वहीं उक्त भूमि के किसान व स्वामी जग्गो शाक्य ने कहा वह इस मामले में डीएम से मिलकर अपना पक्ष रखेंगे। यहां सबसे बड़ी बात यह है कि पूर्व की सरकार ने लाल किला यमुना किनारा से लेकर पोईया घाट दयालबाग तक की भूमि यमुना एक्शन प्लान के तहत 1970 में अधिग्रहण की गई थी तथा खादर से 200 मीटर डूब क्षेत्र की जमीन का सभी किसानों को मुआवजा भी दिया जा चुका है। यहां सवाल यह भी है कि जब यमुना के डूब क्षेत्र का सरकार 1970 में अधिग्रहण कर चुकी है तो उसके बाद उक्त भूमियां कैसे खरीदी व बेची जा रही है। वहीं जोंस मिल बम कांड के बाद आगरा के जिला प्रशासन ने घटवासन के सभी खसरों की जमीन की रजिस्ट्री को प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस मामले में आगर जांच हो तो दूध का दूध व पानी का पानी हो जायेगा। रंगमुनि आश्रम रामजानकी मंदिर राधानगर बल्केश्वर थाना कमलानगर में इन दिनों आश्रम के खादर वाले बगीचे को कब्जाने के आरोप में शाक्य समाज आक्रोशित है। आश्रम व मंदिर की जमीन के मालिक जगदीश शाक्य व पवन शाक्य आदि ने बताया कि हमारी पुरखों की जमीन पर सतीश विभव नाम के पूर्व विधायक ने फजीर्बाड़ा कर दबंगों के साथ मिलकर कब्जा कर लिया था। उक्त जमीन डूब क्षेत्र में आती है जिसमें पक्के निर्माणों को लेकर किसानों को एडीए ने ध्वस्तीकरण का नोटिश भी दिया था। उक्त जमीन जो हमारे पुरखों ने सामाज के मंदिर आदि के लिए दान दी गई थी उक्त समूची भूमि पर अवैध कब्जा कर विभव पुरम नामक कालोनी खड़ी कर दी गई। उक्त निर्माणों पर एडीए सभी को ध्वस्तीकरण के नोटिश भी दे चुका है, अब उक्त अवैध कालोनी के लोग मंदिर व आश्रम की भूमि व बगीचे को कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं।

- **गिरे पड़े पेड़ सहित तमाम पेड़ काटे तमाम नोटिश के बाद भी डूब क्षेत्र में नहीं हटा अतिक्रमण**

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान यमुना षष्ठी निकाली भव्य कलश शोभायात्रा, गाजे बाजे के साथ किया यमुना पूजन



**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की पुण्य प्राकट्य जन्मस्थली से परंपरागत श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के तत्वावधान में यमुना षष्ठी के अवसर पर मंगलवार को एक भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। श्री यमुना महारानी के पूजन हेतु निकाली गयी शोभायात्रा हेतु मंगलवार को सुबह से ही श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में विशेष उत्सव का माहौल रहा। प्रातः लगभग 9:00 बजे गाजे-बाजे के साथ यमुना पूजन हेतु एक भव्य मंगल कलशयात्रा श्रीकृष्ण जन्मस्थान प्रांगण में स्थित श्रीकेशवदेवजी मंदिर से प्रारंभ हुई।इस भव्य शोभायात्रा में सर्वप्रथम ध्वज पताकाऐ लेकर चल रहे भक्त, वैण्ड-बाजे की मधुर संगीत के मध्य मंगल कलश व पूजन सामग्री लिये एवं मांगलिक परिधान धारण किये महिलायें तथा उद्दाम संकीर्तन करते हुये साधु-संतजन एवं माँ यमुनाजी की झाँकी ने संपूर्ण शोभायात्रा मार्ग को श्रीकृष्ण एवं श्रीयमुनाजी के प्रेम में सराबोर कर दिया। विश्राम घाट पर पहुँचने पर बैण्ड-बाजों की सुमधुर ध्वनि में भावविभोर होकर भक्तजन श्रीयमुनाजी की भक्ति में लीन होकर नृत्य कर उठे। विश्राम घाट पर विद्वान पण्डितों द्वारा श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, उप प्रबन्धक श्री अनुराग पाठक, श्रीकृष्ण संकीर्तन मंडल के सभी भक्तजन आदि को पूजन से पूर्व अविरल यमुना-निर्मल यमुना का संकल्प कराते हुये विधिविधान पूर्वक पूजन कराया, तदोपरान्त सभी भक्तजन को प्रसाद वितरण किया गया। श्रीयमुनाजी के दुग्धाभिषेक एवं पूजन के मध्य भक्तजनों द्वारा अर्पित की गयी पूजा सामग्री से श्रीयमुनाजी का जल और भी सुन्दर दिखने लगा। दूध की धारा एवं पुष्पों की वर्षा से यमुनाजल में एक अनूठी व चित्ताकर्षक छटा उत्पन्न हो गयी । श्री यमुनाजी के पूजन में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ-साथ श्रीकृष्ण संकीर्तन मंडल के श्री अनिलभाई ड्रेसवाले एवं सेवाभावी सदस्य आदि के अलावा नगर के तमाम श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

## धोखाधड़ी कर बीमा की राशि हड़पने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद।** एक व्यक्ति ने एलआईसी में बीमा धारक के फर्जी कागजात बनाकर बीमा की धनराशि अपने खाते में डलवा ली। जांच में मामला आने पर आरोपी को विभागीय नोटिश दिया लेकिन आरोपी ने धनराशि वापस नहीं लौटाई। एलआईसी के मैनेजर ने एसएसपी से मामले की शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पंकज खंडेलवाल मैनेजर एल आई सी शाखा शिकोहाबाद ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि एलआईसी में पॉलिसी धारक सुरेशचन्द्र पुत्र तालेसिंह निवासी नगला जाट जसराना की बीमा पोलिसी थी। जिसकी परिपक्वता 28 जुलाई 2022 थी। बीमा निगम की जांच में सामने आया कि पॉलिसी धारक सुरेशचन्द्र की मृत्यु 3 दिसंबर 2020 को हो चुकी थी। पॉलिसी परिपक्वता के समय धीरज यादव पुत्र रामव्रज सिंह निवासी ग्राम रूधऊ घाघऊ ने मूल पॉलिसी के फर्जी दस्तावेज तैयार करके अपने खाते में दावा की धनराशि 52632 रुपए स्थानान्तरित करा ली। आरोपी धीरज ने पॉलिसी धारक सुरेशचन्द बनकर खाते को जोड़कर दस्तावेज तैयार कराये थे। जब अधिकारियों को धोखाधड़ी की जानकारी हुई तथा आरोपी को नोटिस जारी किया तो 27 जनवरी 2025 को दस हजार रुपए बीमा निगम में जमा कर दिए। आरोपी ने बताया कि भूलवश हो गया है। उसने शेष धनराशि जल्द जमा करने का आश्वासन दिया। बीमा निगम ने आरोपी को नोटिस जारी किए धोखाधडी से प्राप्तधनराशि को निगम में जमा नहीं किया। आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके कपटपूर्वक बीमा पॉलिसी धारक की मृत्यु दावा की रकम हडप ली। एसएसपी ने शिकायत के आधार पर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिला जज, डीएम-एसएसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिला जज डॉ.बब्बू सारंग, डीएम रमेश रंजन और एसएसपी सौरभ दीक्षित ने जिला जेल का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण का उददेश्य जेल के भीतर कानून व्यवस्था सुरक्षा और कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं की जांच करना रहा, इस दौरान उन्होने बैरकों की तलाशी ली साथ ही साथ जेल परिसर में स्वच्छता के स्तर को भी परखा। मंगलवार को जिला जज डीएम एवं एसएसपी ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था बैरकों की साफ-सफाई बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों ने जेल परिसर में बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान भोजन की गुणवत्ता पेयजल व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाएं और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत करने, नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा बंदियों को सरकार द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि जेल में अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए।


**जिला जेल में लगा स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर :** संयुक्त निरीक्षण के दौरान कारागार की व्यवस्थाओं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं स्वच्छता स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। विशेष रूप से सीएमओ के निर्देशन में कारागार परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार चिकित्सीय परामर्श एवं औषधियां उपलब्ध कराई गईं। संयुक्त निरीक्षण के उपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद के तत्वावधान में कारागार परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ.बब्बू सारंग द्वारा अपने संदेश में कहा गया कि प्रत्येक व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने का अधिकार है तथा कोई भी व्यक्ति आर्थिक अथवा सामाजिक कारणों से न्याय से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा द्वारा बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत मध्यस्थता एवं विभिन्न विधिक प्रावधानों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई तथा उनकी समस्याओं को भी सुना गया।

## आगरा में दो युवक यमुना में डूबे

**आगरा।** आगरा में सोमवार शाम एक बेहद दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। यमुना नदी में नहाने गए दो किशोर गहरे पानी में समा गए, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हालत में मौके पर पहुंचे और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। दोनों किशोरों के डूबने की खबर से परिवारों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार यह हादसा एत्माददुदौला थाना क्षेत्र में जवाहर पुल के नीचे हुआ। बताया जा रहा है कि सोमवार शाम करीब 6 बजे दोनों किशोर यमुना नदी में नहाने के लिए उतरे थे। नहाने के दौरान वे धीरे-धीरे गहरे पानी की ओर चले गए, जहां अचानक संतुलन बिगड़ने से दोनों डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। हादसे में डूबे दोनों किशोर बलकेश्वर क्षेत्र के लाल मस्जिद निवासी बताए जा रहे हैं। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों तक पहुंची, परिवार के लोग बदहवास होकर घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में मातम का माहौल है।

# औद्योगिक पार्कों का विकास

निवेश योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए और औद्योगिक विकास तेज करने के लिए जरूरी है कि सरकार तमाम सरकारी मंजूरियों के साथ औद्योगिक पार्क विकसित करे। इससे निवेश योजनाओं को जमीन पर जल्द उतारने में मदद मिलेगी। इस दिशा में सरकार ने अब ठोस पहल भी की है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में 33,660 करोड़ रुपये की स्कीम 'भव्य' (भारत औद्योगिक विकास योजना) को मंजूरी दी है। इसके तहत 100 प्लग-एंड-प्ले यानी इस्तेमाल के लिए तैयार औद्योगिक पार्कों की स्थापना की जानी है। यह देश के विनिर्माण आधार को मजबूती देने, रोजगार निर्माण को बढ़ावा देने और कारोबारी सुगमता में सुधार करने की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण कदम है। ये पार्क 33,000 एकड़ में फैले होंगे और इन्हें छह साल में तैयार किया जाएगा। ये उद्यमों के लिए पूर्व मंजूरी वाली जमीन, तैयार अधोसंरचना और एकीकृत सेवाएं मुहैया कराएंगे। इसके लिए राज्यों की ओर से मजबूत एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली और नियमन में ढील जैसे उपाय अपनाए जाएंगे। मूल बुनियादी ढांचे मसलन




आंतरिक संपर्क के लिए सड़कों, अंडरग्राउंड सुविधाओं, नाली और साझा सुविधाओं आदि के लिए एक करोड़ रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। अनुमान बताते हैं कि इससे करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। क्लस्टर आधारित विकास के जरिये घरेलू आपूर्ति श्रृंखला मजबूत हो सकती है। धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र, शेंद्रा-बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र, विक्रम उद्योगपुरी और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक क्षेत्र जैसे मौजूदा औद्योगिक केंद्र 'प्लग-ऐंड-प्ले' इकोसिस्टम की संभावनाओं को अच्छी तरह प्रदर्शित भी करते हैं। जहां पूर्व-स्वीकृत भूमि, एकीकृत बुनियादी ढांचा और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी तेज औद्योगिकीकरण को संभव बनाते हैं। राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास निगम, जो वर्तमान में 13 राज्यों में 20 परियोजनाओं को लागू कर रहा है, उसने दिखाया है कि ऐसे मॉडल प्रवेश बाधाओं को कम करके और परियोजना की तत्परता में सुधार करके सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के साथ-साथ बड़े व्यवसायों को भी आकर्षित कर सकते हैं। हालांकि निर्माण में देरी और कार्य पूरा करने के लिए लंबी समयसीमा जैसी चुनौतियां अक्सर लागत बढ़ा देती हैं और निवेशकों के विश्वास को कमजोर करती हैं। अतीत के अनुभवों में चेतावनी देने वाला सबक भी छिपा है। विभिन्न राज्यों में कई औद्योगिक क्षेत्र ऐसे हैं जिनका पूरा इस्तेमाल नहीं हो सका। उदाहरण के लिए कर्नाटक के कुछ पार्कों में कुल आवंटित इकाइयों में केवल 25 फीसदी ही संचालित हैं। इसकी वजह खराब कनेक्टिविटी, कमजोर संचालन नियामकीय देरी और मांग की कमी आदि हैं। इसी प्रकार कई विशेष आर्थिक क्षेत्र और औद्योगिक कॉरिडोर विभिन्न दिक्कतों से जूझते रहे हैं। आंतरिक बुनियादी ढांचे को बाहरी नेटवर्क जैसे राजमार्गों, रेल मालवाहक कॉरिडोर और बंदरगाहों के साथ समन्वित करने में देरी अक्सर औद्योगिक पार्कों के परिचालन को बाधित कर देती है। भूमि और बुनियादी सुविधाएं तैयार होने पर भी कंपनियों को बिजली, पानी और डिजिटल कनेक्टिविटी तक भरोसेमंद तरीके से पहुंचने में रुकावटों का सामना करना पड़ता है, जिससे परिचालन लागत बढ़ती है और प्रतिस्पर्धात्मकता में कमी आती है। यह दर्शाता है कि 'कारोबारी सुगमता' केवल नीति निर्माण का विषय नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर निरंतर क्रियान्वयन और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का भी है। इसमें सफल होने के लिए, भव्य को क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। योजना का जोर पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के माध्यम से निर्बाध रूप से 'अंतिम सिरे तक संपर्क' सुनिश्चित करने पर है। इस तरह से देखा जाये तो योजना की रूपरेखा बेहद नियोजित है लेकिन इसे ठीक से लागू करने और समयबद्ध पूरा करने की जरूरत है।

# यूवी किरणों से जैव विविधता को बढ़ता खतरा

मनोज वार्ष्णेय

भारत में इस समय यूवी (अल्ट्रावायलेट) किरणों ने जीना हराम कर दिया है। इंसान गर्मी के कारण परेशान है, तो जीव-जंतु असमय ही काल के ग्रास बन रहे हैं। हालत का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि जिन दिनों में पंखे चलते थे, उन दिनों एसी पूरी ताकत के साथ चलाए जा रहे हैं। मौसम विज्ञानी, पर्यावरण-कृषि विज्ञानी तथा जीव विज्ञानी कुछ भी समझ नहीं पा रहे हैं। हर कहीं से सिर्फ एक उत्तर आ रहा है कि यह ग्लोबल वार्मिंग के कारण है। जब तापमान सुहावना होना चाहिए, तो 42 डिग्री हो गया है। यूवी किरणों ने सड़क पर अघोषित कर्फ्यू जैसी स्थिति पैदा कर दी है। इस समय देश में यूवी इंडेक्स 13 के तक दर्ज हुआ है, यह डब्लूएचओ के अनुसार खतरे का उच्चतम स्तर है।

साल 2025 में सर्दी तो नाम मात्र की रही पर वसंत की ऋतु आने के साथ ही खत्म हो गई। न तो प्रकृति को वसंत का लाभ मिला और न ही इंसान या अन्य प्राणियों को। सिमटती वसंत ऋतु का ही परिणाम है कि इस वक्त पराबैंगनी किरणें जिन्हें यूवी किरणें भी कहते हैं, ने मई-जून की गर्मी ला दी है। चिंता की बात यह है कि इस समय गर्मी के साथ ही यूवी किरणें इतनी प्रखर हैं कि 35 डिग्री में भी 40 डिग्री की गर्माहट महसूस हो रही है और शायद सिमटते वसंत तथा वातावरण में नमी नहीं होने के कारण फसलें तो अर्ध विकसित जैसी हो ही रही हैं, साथ ही जिन जीव-जंतुओं के माध्यम से प्रकृति संतुलित रहती है, वे भी असमय ही मर रहे हैं। मरने वालों में सबसे अधिक तितलियां, भौंरे, पीली बर्र और शहद की रानी मधुमक्खी हैं। यूवी किरणों पर बात करने से पहले पर्यावरण और जीव विज्ञान के संबंधों को समझना होगा। गुजरी सर्दियां इस बार सूखी ही बीत गयीं। एक-दो स्थानों पर हल्की सी ह्यमावठह्न हुई और जहां पर बर्फ के पांच-छह फीट के पहाड़ हो जाते थे, वहां पर इतनी बर्फ है कि बस यह कह सकते हैं कि यहां पर स्नो फाल होता है। एक प्रकार से ये सर्दियां ठंडी कम गर्म अधिक रहीं। ड्राइ सर्दी का सीधा असर पड़ा मौसम पर और अपने निर्धारित समय से बदलने वाला मौसम एकाएक बदल गया।

> मौसम विज्ञानी बताते हैं कि यूवी किरणों को नापने के लिए रेडियोमीटर या ऑप्टोमीटर के माध्यम से हम पता कर सकते हैं कि कितना खतरनाक स्तर है। माना जाता है कि यूवी की मात्रा 8 से 10 के बीच होनी चाहिए, इससे ऊपर जाने पर यह हर प्रकार के जीवों के लिए खतरनाक है।



वर्तमान की स्थिति यह है कि दिन निकलने के साथ ही गर्मी आरंभ हो जाती है। सुहानी सुबह तपती जून की सुबह में बदल गई है। इसका नतीजा यह हुआ है कि जो फसलें अप्रैल में आती थीं, वह फरवरी के आखिर में ही आ गई हैं। तरबूज, खरबूज, ककड़ी और कैरी उत्तर भारत में हर कहीं बहुतायत में उपलब्ध हैं। यह बात अलग है कि इनमें ग्रीष्म ऋतु वाला स्वाद और मिठास नहीं है।

## ग्लोबल वार्मिंग

अब इन असमय की फसलों की आवक ने कृषि विज्ञानियों को इस चिंता में डाल दिया है कि जिस तरह से गेंहू कम मीठा तथा सूखा सा हो रहा है, उससे आगामी फसलें किस तरह से स्वस्थ रहेंगी। सरसों की भी दशा यही बताई जा रही है। पर इन सबसे बड़ी चिंता यह है कि यूवी किरणें प्रकृति को संतुलित करने वाले उन जीवों पर घातक सिद्ध हो रही हैं, जिनके माध्यम से पर्यावरण संतुलन सधता है। एक फूल, खाद्यान्न की बालियां, वृक्षों की कोमल पत्तियों तथा अन्य माध्यमों से जो परागण होता था, वह यूवी किरणों के कारण नहीं के बराबर हुआ। तितलियां, बर्र, भौंरे तथा मधुमक्खी आदि मूलतः ठंडी जलवायु के अनुकूल होते हैं। इस बार उन्हें गर्मी जैसी सर्दी के कारण फूलों आदि से अधिक लाभ नहीं मिले, जिससे उनके टिश्यू कमजोर रह गए। वसंत के आरंभ होते ही गर्मी आरंभ हो गई, तो उनके रोएंदार शरीर पर धूप से निकली यूवी किरणें घातक बन गई। हवा के साथ उड़ने वाले जीवों की सूंघने की क्षमता भी गर्मी के कारण कम हो जाती है, जिससे भी वह अपना भोजन तलाशने में काफी परेशान होते हैं। ये दिशाभ्रम का भी शिकार हुए और इस तरह से भोजन की कमी उनके लिए प्राणघातक बन गई है। केवल हवा में उड़ने वाले जीव ही परेशान हैं, ऐसा नहीं है। धरती के भीतर रहने वाले कीड़े यथा चीटियां, केंचुए आदि भी एकाएक गर्म हुई धरती के कारण उस प्रक्रिया से नहीं गुजर पाए, जिससे धरती भुरभुरी होती है। गर्मी से फूल जल्दी नष्ट हुए, कच्चे अनाज के दानों से मिलने वाले पोषण में भयंकर कमी से दोनों ही प्रकार के जीवों पर मुसीबत आन पड़ी।

यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि कीड़े और जीव मनुष्य जीवन को संतुलित करने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं। माना जाता है कि जिस तरह से हमारा जीवन चक्र है, उसी तरह से धरती पर कीटों का भी एक सुरक्षा चक्र है। इसी के कारण हमारी पृथ्वी के वृक्ष बचे हैं, पशु-पक्षी बचे हैं, जल बचा है, यहां तक की इंसान भी इनकी मेहरबानी से बचा हुआ है। इसे ऐसे समझें कि कीट उन कृषि के हानिकारक कीड़ों को समाप्त करते हैं, जो हमारी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। एडिफस, मीलीबग्स को रोकने के लिए यदि लेडी बग्स या लेडी बीटल है, तो ड्रैगन फ्लाई, उड़ने वाले उन कीड़ों का शिकार करती है, जो हवा में रहकर हमारे शरीर को हानि पहुंचा सकते हैं। आमतौर पर पेड़ों पर पत्तों-फलों को छेद करने वाले कीट तो नजर आते हैं पर वह कीट कभी सामान्य आंखों से नजर नहीं आते, जो वृक्षों के तनों के अंदर से जीवन प्रत्याशा को कम करने वाले कीटों या फिर उन फफूंदियों को खत्म करते हैं, जिनसे वृक्ष बचा रहता है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि वृक्ष हमारी श्वांस के लिए ऑक्सीजन देते हैं तो असंख्य वन्य जीवों के लिए भोजन की व्यवस्था इतनी शांति से करते हैं कि पता ही नहीं चलता। बंदर, गिलहरी, सांप, तोते, कबूतर, चिड़ियाएं, चूहों और भी न जाने कितने घरेलू-गैरघरेलू प्राइमेट्स वर्ग के स्तनधारी हैं, जो वृक्षों-छोटे पौधों के कारण ही लंबे समय तक जीवित ही नहीं रहते बल्कि मनुष्य को जीने के लिए सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराते हैं। दरअसल यूवी किरणों का स्रोत सूर्य ही है। यूवी किरणें स्किन के डीएनए को डैमेज करती हैं। यह उड ? वाले जीवों को अत्यधिक आकर्षित भी करती हैं। जब स्किन डैमेज हो रही हो तथा आंखों के फोटोरिसेप्टर भ्रमित हो जाएं, तो डिमांड के अनुसार न तो खाना मिलता है और न ही सुरक्षित आवास। इस तरह से यूवी किरणें मौत का पर्याय बन रही हैं, जो आने वाले मौसम और प्रकृति को संतुलित करने वाले जीवों के लिए खतरनाक हो सकती हैं।

मौसम विज्ञानी बताते हैं कि यूवी किरणों को नापने के लिए रेडियोमीटर या ऑप्टोमीटर के माध्यम से हम पता कर सकते हैं कि कितना खतरनाक स्तर है। माना जाता है कि यूवी की मात्रा 8 से 10 के बीच होनी चाहिए, इससे ऊपर जाने पर यह हर प्रकार के जीव के लिए खतरनाक है। अब जब मौसम विभाग आने वाले दिनों में लूं के साथ ही हीट स्ट्रोक की बात कर रहा है और पहाड़ों पर भी उसने लूं चलने की चेतावनी जारी की है, तो समझा जा सकता है कि यूवी का स्तर कहीं 14के से ऊपर नहीं पहुंच जाए। अत्यधिक एयर कंडीशनरों का प्रयोग ही नहीं हानिकारक गैसे छोड़ने वाले पदार्थ भी जमीन से करीब 45 किलोमीटर की दूरी पर ओजोन परत को अगर हानि पहुंचाएंगे तो तय है कि ओजोन परत से रुकने वाली यूवी किरणें हमारे लिए एक नई मुसीबत बन जाएंगी।

## सोशल मीडिया

यूपी, देश का राजनीतिक इतिहास इस बात का गवाह है कि जब-जब और जहां-जहां बीएसपी मजबूत हुई तब-तब सर्वसमाज, दलितों, ओबीसी, अल्पसंख्यकों का भला हुआ। मायावती.



जलपाईगुड़ी के लोगों के प्यार और ईमानदारी ने आज मुझे फिर इंप्रेस किया है, उन्होंने हमेशा खुले दिल से स्वागत किया है। मैं लोगों के साथ समय बिताकर खुश हूं। ममता बनर्जी.



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिशानायके से पश्चिम एशिया के संकट पर चर्चा हुई। हमारे बातचीत का फोकस वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के संकट पर केन्द्रित रही। पीएम मोदी.



# महलों से निकाल सड़कों पर गजल ले आये दुष्यंत कुमार



साहित्य

गजल महबूबा के लबो-रुखसार और जुल्फों में अटकी हुई थी। दुष्यंत कुमार उसे न सिर्फ महलों से निकालकर सड़कों पर ले आये ताकि तानाशाह हुकूमतों के खिलाफ वह वंचित व शोषित मजदूरों, गरीबों की बुलंदो-बाला आवाज बन सके बल्कि अपनी इस कोशिश में उन्होंने हिंदी काव्य को गजल के रूप में एक नया तेवर बख्शा। हालांकि दुष्यंत कुमार से पहले भी संत कबीर दास, भारतेन्दु हरीशचंद्र आदि की गजलें हिंदी साहित्य में मिलती हैं, लेकिन हिंदी साहित्य में गजल को एक स्थायी विधा बनाने का श्रेय दुष्यंत कुमार को ही जाता है। दुष्यंत कुमार ने गजल के मूल फॉर्मेट में तो कोई तब्दीली नहीं की, लेकिन उसके कंटेंट को आमजन के जज्बात की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया और जहां तक मुमकिन हो सका मीर तकी मीर की तरह चाय की दुकानों व मोहल्लों की चौपालों पर बोली जाने वाली रोजमर्रा की भाषा का गजल में प्रयोग किया, भले ही उन्हें 'शहर' को 'नगर' के वजन पर बांधना पड़ा। निदा फाजली ने कहा, दुष्यंत की गजल उनके युग की नई पीढ़ी के गुस्से और नाराजगी से सजी बनी है। यह गुस्सा और नाराजगी उस अन्याय और राजनीति के कुकर्मों के खिलाफ नये तेवरों की आवाज थी, जो समाज में मध्यम वर्गीय झूठेपन की जगह पिछड़े वर्ग की मेहनत और दया की नुमाइन्दगी करती है। इस नये तेवर ने गजल को नया मोड़ दिया और भारत के काव्य संसार पर दुष्यंत कुमार छा गये। उनके प्रभाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक अनुमान के मुताबिक आज हिंदी के लगभग 80 प्रतिशत कवि गजल कह रहे हैं; अक्सर उन्हीं बातों को दोहरा रहे हैं, जो दुष्यंत कह चुके हैं। शायर कभी मरता नहीं है, अपनी रचनाओं के माध्यम से हमेशा जिंदा रहता है, इसलिए यही कहना मुनासिब होगा कि दुष्यंत कुमार के शरीर को (30 दिसम्बर 1975) हमसे बिछड़े हुए पचास बरस हो गये हैं। अब देखना यह है कि आधी शताब्दी में उनसे प्रभावित कवियों ने उनके विचारों को कितना आगे बढ़ाते हुए हिंदी गजल की सुंदरता में कितना इजाफा किया है। दुष्यंत की जमीन में कहने वाले सभी कवियों का उल्लेख करना तो यहां संभव नहीं है, जाहिर है जगह के अभाव में, लेकिन लिफाफा देखकर भी मजमून का अंदाजा लगाया जा सकता है। दुष्यंत का मकसद 'सिर्फ. हंगामा खड़ा करना' नहीं था, उनकी कोशिश सूरत बदलने की थी, लेकिन हालात बदलते कहां हैं। इसलिए महरूमी के जिस एहसास से दुष्यंत दो-चार हो रहे थे, उसी से उनसे प्रभावित कवि भी जूझ रहे हैं। दुष्यंत ने लिखा- 'हालात-ए-जिस्म, सूरते-जां और भी खराब/चारों तरफ खराबियां और भी खराब। पाबंद हो रही है रवायत से रोशनी/चिमनी में घुट रहा है धुआं और भी खराब।' इसी ख्याल को मासूम गाजियाबादी इस तरह से व्यक्त करते हैं- 'तेरी बस्ती में सब महफूज हैं मैं मान तो लेता/मगर दर-दर पे आतिश का निशां कुछ और कहता है। सबा से ताजगी, गुंचों से रौनक, गुल से बू गायब/चमन का हाल कुछ है बागबां कुछ और कहता है।' दुष्यंत के विद्रोही तेवर जितने सियासी पाखंड के लिए तीव्र थे उतने ही धार्मिक पाखंड के लिए भी थे और वह इस संदर्भ में चाहते थे कि- 'मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही/हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए'। डॉ. रामगोपाल भारतीय, जो एकलव्य की तरह दुष्यंत को अपना गुरु मानते हैं और उन पर लिखी अनेक पुस्तकों का संकलन कर चुके हैं, विचारों की इस आग को इस तरह से जलाये हुए हैं- 'जब किसी मुफलिस ने हक मांगा शिवाला चल दिए/छीनकर मजलूम के मुंह का निवाला चल दिए। नास्तिक थे कल तलक जो मंदिर-औ-मस्जिद से दूर/रहनुमा बनके गले में डाल माला चल दिए।' इस धर्म की राजनीति पर तीखा प्रहार करते हुए तेजपाल सिंह तेज कहते हैं- 'घर के आगे मस्जिद मेरे, घर के पीछे मंदिर है/लेकिन मेरे घर की छत से गायब आज कबूतर है। आने-जाने वाले मेरे घर की ईंटें गिनते हैं/राजनीति के खूनी पंजे लिखते मिरा मुकद्दर हैं।'

यशपाल की चर्चित कहानी 'पर्दा' गरीबी और झूठी प्रतिष्ठा पर करारी चोट अवश्य करती है, लेकिन अधिकांश लोग अपने अभावों को छुपाने का प्रयास करते ही हैं, जिसे दुष्यंत ने अपने एक शेर में इस तरह व्यक्त किया था- 'अब किसी को भी नजर आती नहीं कोई दरार/घर की हर दीवार पर चिपके हैं इतने इश्तहार।' इस ख्याल को अधिक प्रभावी अंदाज में ओंकार नाथ गुलशन इस प्रकार बयान करते हैं- इस नये दौर के लोगों को दिखाने के लिए/दर्द पर डाल दो मुस्कान का परदा कोई।

**एस.ए. चौधरी.**

# मनुष्य के गुण

विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

# एक गधे की वापसी!

व्यंग्यलोक

गधा चला गया था, मैंने राहत की सांस ली। चलो मूर्ख गया। लेकिन गधा वापस आ गया। मैंने अपने समानधर्माओं को बताया भी कि गया हुआ गधा फिर वापस आ गया है, तो वे बहुत खुश हुए कि अब उन्हें चांस आसानी से मिल जायेगा। वे नहीं चाहते कि कोई समझदार आकर उनके अधकचरेपन को नकारे। इसलिए उन्होंने खुशियों के दीप जलाये। समानधर्मा भरोसी लाल उलटा मुझे चिढ़ाने आये कि अच्छा हुआ वह आ गया। लो, वह तो लौट आया है। मैंने उनसे कहा-भाई इसका वापस लौटना शुभ नहीं है। भरोसी लाल बोले-फिर हम क्या करेंगे? हमें तो ऐसा ही चाहिए। भाई साहित्य में गधों की आवश्यकता किसी काल में रहने का उल्लेख कहीं भी नहीं मिलता। ऐसा करो इसे सिर पर बिठालो।

मैंने कहा तो भरोसी लाल बोले- हमारा गधा, हम कुछ भी करें। अब साहित्य की दुनिया में हम होंगे और हमारा गधा। पता है गधे की महत्ता। बोझ ढोता है और अत्यंत निरीह होता है। इसलिए हम उसके खिलाफ कुछ नहीं सुनेंगे। मुझे लगा मेरे चारों ओर गधे इकट्ठे हो गये हैं और वे सब एक साथ रेंक रहे हैं। भरोसी लाल बोले - उन्हीं के बल पर आज मैं सम्पादक बना हूँ। श्याम सुन्दर जी को सेमिनार को ठेका दिया गया है, वरना पहले वाला तो घाघ था। हमें घास ही नहीं डालता था। यार भरोसी लाल, तुम्हारी घास के लिए संस्था का नाशा क्यों करा रहे हो। मुझसे किसी तरह के सहयोग की आपेक्षा मत करना। कल गधे ने दुलत्ती मार दी तो रूआंसे होकर मेरे पास रोना मत। मैंने कहा तो वे बोले - अरे आप से सहयोग करने को कहा किसने है? अब तो हमारी अपनी पूरी जमात है। आप जैसा सुजान चाहिए भी नहीं। उसे अपना वक्त निकालना है और हमें अपने उल्लू सीधे करने है। इसलिए गधे की वापसी का हम स्वागत करते हैं। हमारे मधुबन में वह लीद भी करेगा तो हम उसे फेकेंगे नहीं। जाओ अपनी बंसी अकेले बजाओ। हमारे साथ 'एक ढूंढों हजार मिलते हैं, वाली भीड़ है। मैं उदास हूँ गधे की वापसी से, लेकिन कर कुछ भी नहीं सकता। ऊपर से थोपा हुआ है। गधे के समर्थक तालियां इतनी जोरों से बजा रहे हैं कि कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा। गधों की इस भीड़ में मैं अकेला हूं। लेकिन कुछ कर भी नहीं सकता हूं, ऊपर का थोपा हुआ गधा है, न चाहते हुए भी उसके वापस लौटने को ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकारना होगा। क्योंकि चमत्कार को नमस्कार की हमारी परंपरा जो है।



पूरन सरमा

## विचार

जो जीवों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति हिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

मनुष्य का आचरण ही बताता है कि वह कुलीन है अथवा अकुलीन, शूरवीर है अथवा भीरू, पवित्र है अथवा अपवित्र।
–बाल्मीकि.

आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है।
–प्रेमचंद.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।
–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

किसी निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाए, तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।
–तिरुवल्लुअर.

## आप की बात

### सड़कों पर ब्लैक स्पॉट

देश में रोड इंजीनियरिंग इतनी खराब है कि सड़कों में कई-कई जगहों पर ब्लेक स्पॉट होते हैं। ब्लैक स्पॉट उन्हें कहा जाता है जहां दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। यह दरअसल बताता है कि देश में दुर्घटना रोकने के लिए रोड इंजीनियरिंग सुधारने की जरूरत है। हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं।

देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### व्यवसायिक प्रशिक्षण

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं।

**देवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## एसपी ने सुनी जनफरियाद



बहराइच। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

टिकैतनगर, बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र के लतपुरवा निवासी राम बाबू की भेलसर-टिकैतनगर मार्ग पर सड़क हादसे में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी हादसे में एक अन्य साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक राम बाबू का शव लगभग 1 बजे गांव पहुंचा। जिससे पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया।

## मुख्यमंत्री का आगमन आज

बहराइच। मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का 25 मार्च 2026 को जनपद बहराइच का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मुख्यमंत्री जी लगभग 11:00 बजे तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत ग्राम सेमरहना हेलीपैड पहुँचकर जनपद बहराइच के आपदा प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों को आवास एवं भूमि आवंटन पत्र वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी डीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मुख्यमंत्री का लगभग 01 घण्टे का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## कोल्ड स्टोरेजों को चुस्त दुरुस्त रखने की मांग

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उद्यान अधिकारी अयोध्या को पत्र सौंप कर जनपद के सभी कोल्ड स्टोरेजों को ठीक-ठाक रखने की मांग किया गया है। ज्ञातब्य है कि जनपद प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज की फिटनेस गलत होने के कारण अमोनिया गैस टैंक फटने से ध्वस्त हुई दीवाल के कारण काफी जनधन की हानि हुई है। प्रयागराज की घटना की पुनरावृत्ति जनपद अयोध्या में ना हो। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन ने जिला उद्यान अधिकारी को पत्र देकर सचेत करते हुए सभी कोल्ड स्टोरेजों को चुस्त दुरुस्त रखने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने मांग किया है कि प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज को फिटनेस देने वाले अभियंता /अधिकारियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए मृतकों के आश्रितों को कम से कम 25 लाख रुपए और घायलों को 10 लाख रुपए देने की मांग की है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास वर्मा ने जिला उद्यान अधिकारी को सचेत करते हुए चेतावनी दी है कि यदि अयोध्या में प्रयागराज की घटना होती है तो उद्यान विभाग के अधिकारी की जिम्मेदारी होगी। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास वर्मा, मंडल सचिव भोला सिंह टाइगर, जिला सचिव कामता प्रसाद वर्मा, जिला महासचिव युवा मोर्चा विवेक पटेल, भूपेंद्र दुबे एडवोकेट मौजूद रहे।

# मशीनों से धुले जा रहे घाट, मंदिरों के बाहर बिछेगी मैट

### रामनवमी पर्व को भव्य बनाने की नगर निगम ने की तैयारियां, 68 अस्थायी और 09 स्थायी निःशुल्क चेंजिंग रूम स्थापित

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** रामनवमी पर्व को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार के निर्देशन में नगर निगम ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अयोध्या का दौरा कर रामनवमी की तैयारियों की समीक्षा की और श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा तथा भीड़ प्रबंधन पर सख्त निर्देश दिए। उनके व्यक्तिगत पर्यवेक्षण में अयोध्या धाम को स्वच्छ, सुंदर और श्रद्धालु-अनुकूल बनाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा रामनवमी के दृष्टिगत समस्त सरयू तट पर जेटिंग मशीनों के माध्यम से नियमित घाटों की धुलाई की जा रही है, ताकि श्रद्धालु निर्विघ्न स्नान कर सकें। नागेश्वर नाथ मंदिर के आसपास और हनुमानगढ़ी मंदिर की सीढ़ियों पर बालू का छिड़काव तथा प्लास्टिक की जालीदार मैट बिछाई जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को फिसलन से बचाव हो और सुविधापूर्वक दर्शन-पूजन संभव हो। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख मार्गों और क्षेत्रों में मैट बिछाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा नागेश्वर नाथ मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर तथा समस्त मठ-मंदिरों के आसपास उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मेला क्षेत्रों में स्वीपिंग मशीनों से नियमित सफाई हो रही है। सरयू स्नान के बाद महिलाओं के कपड़े बदलने हेतु घाट क्षेत्रों में 68 अस्थाई और 09 स्थाई निःशुल्क चेंजिंग रूम स्थापित किए गए हैं। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने पर अस्थाई रूमों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। सरयू के सभी घाटों पर अस्थाई निःशुल्क बायो टॉयलेट लगाए गए हैं। अधिक भीड़ वाले स्थानों पर मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए नगर निगम क्षेत्र में 81 वाटर कूलर (अयोध्या धाम में 47, फैजाबाद में 31) और 25 वाटर कियोस्क (अयोध्या धाम में 18, फैजाबाद में 7) स्थापित किए गए हैं। इनके माध्यम से 24 गुणे 7 निःशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा। मेला क्षेत्रों में आवारा गौवंशों और छुट्टा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, धर्मशालाएं, रेस्तरां, होमस्टे तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर 24 घंटे उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था है। फुटपाथों पर अतिक्रमण हटाने के लिए प्रवर्तन दल सक्रिय है, ताकि श्रद्धालु निर्बाध पैदल चल सकें। समस्त मेला क्षेत्रों में 24 गुणे 7 सफाई के लिए पर्याप्त कर्मी तैनात हैं। निगम अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संत तुलसीदास घाट, सरयू स्नान घाट, विभिन्न अंडरपासों आदि प्रमुख स्थलों पर रामनवमी के दौरान विशेष प्रकाश की व्यवस्था की गई है। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशन और समीक्षा के कारण अयोध्या इन व्यवस्थाओं से न केवल स्वच्छ और सुंदर बनी हुई है, बल्कि लाखों श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के रामनवमी का पर्व मना सकेंगे। योगी सरकार का प्रयास है कि राम की नगरी हर पर्व पर भव्य, सुरक्षित और श्रद्धालु-अनुकूल बनी रहे।

## कार्यकर्ताओं की सक्रियता से संगठन होगा मजबूत



अयोध्या। भाजपा जिला कार्य समिति के गठन के बाद मंगलवार को जिला कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर का निर्देश नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिया गया। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता से ही पार्टी मजबूत होती है। उन्होंने अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण जनपद में संगठन को और सशक्त बनाने की जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों पर बताते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर योजनाओं और विचारधारा को आमजन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि अभी विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों का गठन होना है, जिसमें कार्यकताओं को उनकी योग्यता और दक्षता के आधार पर जिम्मेदारी दी जाएगी। बीकापुर विधायक अमित सिंह चैहान ने कहा कि आगामी चुनाव में अनुभवी मार्गदर्शकों और ऊजार्वान युवाओं की साझा भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर 2027 विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने संगठन की रीति-नीति के अनुरूप सक्रिय रहने और जनता के बीच पहुंच बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय बादल, विधायक अमित सिंह चैहान, विधायक चंद्रभानु पासवान, नवनियुक्त जिला महामंत्री राघवेंद्र पाण्डेय, अशोक कसौधन, शिवानंद सिंह, कष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, राममोहन भारती, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, लालचंद चैरासिया, सुमन पासवान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के दुकानदारों व प्रशासन के मध्य हुई वार्ता विफल

अयोध्या। सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के परिसर में स्थित दुकानदारों और प्रशासन के मध्य हुई वार्ता एक बार फिर से विफल रही, दुकानदारों से वार्ता के लिए पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट संजीव कुमार उपाध्याय द्वारा कहा गया कि भविष्य में अगर कहीं पर दुकान उपलब्ध होती हैं तो पहली वरीयता आप लोगों को दी जाएगी, नगर मजिस्ट्रेट द्वारा यह भी कहा गया कि सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के प्रबंध तंत्र और दुकानदारों के मध्य हुए समझौते में 4 साल ही बचे हैं, 4 साल बाद वैसे भी दुकानदारों को कानूनी रूप से दुकान को खाली करना होगा, इस पर दुकानदारों की ओर से कहा गया कि वर्ष 2000 में पगड़ी के रूप में 80000 रुपए सीतापुर नेत्र चिकित्सालय रिफंड में दिया गया था इसी के साथ-साथ प्रत्येक मावे किराया भी देते हैं दुकान 30 साल के लिए लीज एग्रीमेंट पर दी गई थी और 30 वर्ष पश्चात उसका रीन्यूअल करने की बात भी कही गई थी किंतु अब प्रशासन अपनी शर्तों से पीछे हट रहा है, पूर्व के सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा और बिना पुनर्वास के आश्वासन के ही सबको बलपूर्वक बाहर करने का पहले ही नोटिस थमा चुका है वही हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडे ने कहा कि उनके द्वारा प्रारंभ से ही दुकानदारों के पक्ष में संघर्ष किया जा रहा है, इस संबंध में उनके द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र भेज कर संपूर्ण दस्तावेज संलग्न कर स्थिति से अवगत कराया गया था किंतु शासन की ओर से भी इस विषय में कोई भी गंभीर प्रयास नहीं किए गए, वही श्री पांडेय द्वारा जन सूचना के अंतर्गत प्रशासन से मांगी गई रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से वर्णन है कि दुकानदारों के पुनर्वास हेतु प्रयास किया जा रहा है जिससे दुकानदारों को अन्य कहीं यथा संभव समायोजित किया जा सके किंतु दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से प्रशासन दुकानदारों को कहीं भी समायोजित करने के प्रति गंभीर नहीं है।

## जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण




बहराइच। जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया राय के साथ जिला कारागार बहराइच का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने महिला एवं बाल बैरक, बैरक संख्या 10 ए,बी व सी सहित अन्य बैरकों, कारागार अस्पताल व पाकशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कारागार की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान करागार अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर माधुरी तिवारी व रंजीत सिंह, चिकित्सक डॉ. अनिल वर्मा व अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही पर डीएम नाराज

### डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति के साथ की समीक्षा बैठक



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने बताया कि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। जिसका दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित होगा। यह अभियान दो चरणों में संपन्न होगा। सभी संबंधित विभागों अभियान प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक बैठकों का आयोजन कर कार्ययोजना तैयार कर समय से स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराएं तथा प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने 100 डेज टीबी खोजी कार्यक्रम के अंतर्गत वर्नेबल वर्गों में चिन्हित सक्रिय मरीजों का त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद में कहीं भी जीरो सेशन की स्थिति नहीं होनी चाहिए। रूटीन इम्यूनाइजेशन हर हाल में 90 प्रतिशत से ऊपर रखा जाए। लक्ष्य से कम प्रगति वाले ब्लॉकों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रसव केवल स्वास्थ्य संस्थानों में ही कराया जाए। डिलीवरी प्वाइंट्स को सक्रिय करते हुए आवश्यकतानुसार नए केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिये। वीएचएनडी सत्रों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने एमओआईसी टिकैतनगर का वेतन बाधित करने एवं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारीगण, सीएचसी अधीक्षक, बीपीएम, बीसीपीएम, आयुष्मान अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति का प्रतीक बना उत्थान ऑडिटोरियम

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 18 से 26 मार्च 2026 तक होने वाले 09 दिवसीय समारोह अन्तर्गत मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित भव्य शक्ति संवाद का मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल तथा मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कार शुभारम्भ किया। शक्ति संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एम.एल.सी. डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि मिशन शक्ति का लक्ष्य समाज की प्रत्येक महिला को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने महिलाओं का आहवान किया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध मुखर होकर अपनी आवाज उठाएं। उन्होंने प्रदेश में महिला व बालिका उत्थान के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी अनेकों योजनाएं संचालित करने के लिए मा. मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठान का आहवान किया।



इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व वन स्टाप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। हब की जेंडर स्पेशलिस्ट नीलम शुक्ला, एमटीएस दुर्गेश मिश्रा, लक्ष्मीकांत शुक्ला द्वारा मौजूद महिलाओं को प्रदेश सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं, जैसे कन्या सुमंगला योजना व निराश्रित महिला पेंशन तथा हेल्पलाइन नम्बरों 1090, 112, 181, 1076 के प्रभावी उपयोग इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा और आंगनवाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से महिलाओं को संगठित कर शक्ति संवाद के उद्देश्यों से भी जोड़ा गया।

## टीबी मुक्त हुईं जिले की 59 ग्राम पंचायतें

### 13 पंचायतें दूसरी बार हुईं सम्मानित, ग्राम मुखिया हुए सम्मानित

बहराइच। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए वर्ष 2026 में 59 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है। इनमें से 13 ग्राम पंचायतें दूसरी बार टीबी मुक्त हुईं, जिनके ग्राम प्रधानों को गांधी की रजत प्रतिमा से सम्मानित किया गया, जबकि पहली बार टीबी मुक्त घोषित पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कांस्य प्रतिमा प्रदान की गई।



इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रज्ञा त्रिपाठी और मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने ग्राम प्रधानों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया। नवाबगंज ब्लॉक की भगतपुर गुलरिया ग्राम पंचायत की महिला प्रधान पूजा पाण्डेय भी पहली बार टीबी मुक्त घोषित पंचायतों में शामिल रहीं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि यदि कोई ग्राम पंचायत तीसरी बार टीबी मुक्त घोषित होती है, तो संबंधित ग्राम प्रधान को गोल्ड प्रतिमा से सम्मानित किया जाएगा। समारोह के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी, व्यापार मंडल और न्यू भारत हॉस्पिटल ने 20 टीबी उपचाररत बच्चों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट प्रदान की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि जिले में चल रहे 100 दिवसीय विशेष टीबी रोगी खोजो अभियान के तहत अब तक 7 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें 10,038 टीबी मरीज चिन्हित किए गए हैं। साथ ही निक्षय मित्रों द्वारा 9,138 मरीजों को पोषण सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी टीबी का प्रमुख लक्षण हो सकता है। भ्रांतियों के कारण मरीजों को चावल या ठंडी तासीर वाली चीजों से परहेज कराया जाता है, जबकि ऐसा आवश्यक नहीं है। टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार लेना चाहिए और परहेज केवल तंबाकू, धूम्रपान और शराब से करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दवाएं डॉक्टर की सलाह के अनुसार एक साथ नियमित रूप से लेना उपचार की सफलता के लिए जरूरी है।

## प्राइवेट डॉक्टर एसोसिएशन ने किया होली और ईद मिलन समारोह



बाराबंकी। जनपद में प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा होली एवं ईद मिलन समारोह का शुभारम्भ श्री महावीर जैन विद्यालय में एसोसिएशन संरक्षक डा0 महावीर जैन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप मे एडवांस्ड कार्डियोलॉजी सोसाइटी के सचिव नवीन सेठ को अंगवस्त्र व बूके देकर स्वागत किया गया। समारोह मे बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसके उपरान्त विशिष्ट अतिथि श्री सेठ द्वारा विद्यालय के बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वीरेंद्र श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ0 धर्मेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष डॉ0 रेहान जहीर, डॉ0 सईदुर रहमान, डॉक्टर शशी जायसवाल, शशांक जायसवाल, डा0 फुरकान मौजूद रहे।

## सिविल जज सीनियर डिवीजन ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



बाराबंकी। सिविल जज सी0डि0 व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिवानी रावत ने जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिविल जज सी0डि0 ने निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सुविधाओं की समीक्षा की। जेल परिसर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का गहनता से जायजा लेते हुये उन्होने कहा कि जेल प्रशासन को निर्देशित करते हुये कहा कि बंदियों को विधिक सहायता प्रदान किये जाने के लिए और अधिक प्रभावी कार्यवाही किये जाने की आवश्यता है। विधिक सेवाओं को सुदृढ़ बनाते हुए इसे जन-सुलभ बनाया जाए। ताकि जेल में निरुद्ध बंदियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। तथा पीएलवी के रूप में नामित किए गए इन बंदियों द्वारा किए गए कार्यों का समय-समय पर सत्यापन कराया जाए।

## पदयात्रा निकाल छात्रों को दिया देश की एकता और अखंडता का संदेश




जैदूपुर, बाराबंकी। खुशहालपुर स्थित सहयोगी आर0वी0पी0जी कालेज परिसर मे शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबन्धक इं0 अरुण कुमार वमार्ने शहीदो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। पदयात्रा के जरिए युवाओं को देश के अमर शहीदों के बलिदान से रूबरू कराया गया और उनमें राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की गई। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारों के साथ युवाओं ने समाज को देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग चार्ट प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता पौधरोपण भी कराया गया। विजयी छात्र-छात्राओ को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस ने चलाया विशेष वाहन चेंकिंग अभियान



फतेहपुर। जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ने दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट, कारों में बिना सीटबेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। साथ ही बिना फिटनेस, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों और हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को भी हटवाया गया। फतेहपुर में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया गया, सैकड़ों वाहनों पर जुमार्ना वसूलाफतेहपुर, सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से फतेहपुर पुलिस ने व्यापक यातायात अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के सख्त निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात उ0नि0 लाल जी सविता के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने सक्रियता से कार्रवाई की। अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट पहने सवारों, चारपहिया वाहनों में सीटबेल्ट न लगाने वालों, गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालान काटे गए। इसके अलावा बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र वाले, बिना नंबर प्लेट लगे वाहनों को सीज कर लिया गया। हाईवे पर अवैध रूप से खड़े ट्रक, बसों व अन्य वाहनों को भी हटवाकर यातायात प्रवाह सुगम बनाया गया। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, अभियान में 350 से अधिक वाहनों पर कुल 2.5 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला गया, जबकि 25 वाहन सीज किए गए।

## जनगणना प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण



फतेहपुर। जिला प्रशिक्षण एवं शिक्षण संस्थान डायट में चल रहे तीनदिवसीय जनगणना प्रशिक्षण शिविर काजिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मास्टर ट्रेनरों द्वारा दी जा रही ट्रेनिंग को गौर से बैठकर देखा और सुना। डीएम ने मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिए कि जनगणना की बारीकियों, विशेष रूप से फील्ड में कार्य करने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनरों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रगणक घर-घर जाकर सही तरीके से डेटा संग्रह कर सकें। जनगणना के प्रथम चरण पर फोकसजनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना पर केंद्रित होगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गजट अधिसूचना जारी कर इसकी तिथियां निर्धारित की गई हैं। प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण एवं गणना के दौरान पूछे जाने वाले कुल 34 प्रश्नों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। ये प्रश्न प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर दर्ज किए जाएंगे, जिससे सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

## संक्षेप

### एशियन पेंट्स डैम्प प्रूफ का नया कैंपेन लॉन्च

नयी दिल्ली। भारतीय घरों को हर साल दो कठोर मौसमों का सामना करना पड़ता है। एशियन पेंट्स डैम्प प्रूफ अपने नए कैंपेन से एक महत्वपूर्ण बात पर जोर देता है: सभी वॉटरप्रूफिंग एक जैसी नहीं होती। एशियन पेंट्स डैम्प प्रूफ पिछले 13 वर्षों से लोगों को पानी के रिसाव और खराब मौसम से अपने घरों की सुरक्षा करने में मदद कर रहा है। यह सॉल्यूशन एक मोटी वॉटरप्रूफिंग परत बनाता है जो दीवारों में पानी को प्रवेश करने से रोकता है और भारत की कठोर मौसम से लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है।

### कैनन इंडिया पहले स्थान पर रहते हुए 10 साल पूरे किये

नयी दिल्ली। कैनन इंडिया ने आज कलर, मोनो और ओवरऑल लेजर कॉपियर बेस्ड एम.एफ.पी सेगमेंट में लगातार नं. 1 स्थान पर रहते हुए 10 साल पूरे कर लिए। यह कैनन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे बिजनेस को सरल व प्रभावशाली बनाने वाले इनोवेशन पेश करके ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने की कंपनी की विरासत प्रदर्शित होती है। आईडीसी रिपोर्ट के अनुसार, कैनन इंडिया ने साल 2025 में 31.9 प्रतिशत मार्केट शेयर दर्ज करते हुए उपरोक्त सभी सेगमेंट्स में खुद को नं. 1 के रूप में स्थापित किया। यह उपलब्धि उद्यमों, सरकारी संस्थाओं, एम.एस.एम.ई और कॉपी शॉप मालिकों द्वारा हाई-क्वालिटी, प्रभावशाली और इंटीग्रेटेड प्रिंटिंग समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### वन प्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो की सेल हुई शुरू

बेंगलुरु। वन प्लस ने आज अपने लेटेस्ट वन प्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो की सेल शुरू की, जो किफायती मूल्य में बेहतरीन नॉइज कैंसेलेशन के साथ शानदार बेस प्रदान करते हैं। इन ईयरबड्स का मूल्य 3,999 रुपये है, पर स्पेशल लॉन्च मूल्य के अंतर्गत ये 3,799 रुपये में मिल रहे हैं। यह लॉन्च ऑफर सीमित समय के लिए लागू होगा। इन्हें वनप्लस.इन, वनप्लस स्टोर ऐप, वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा से खरीदा जा सकता है। वनप्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो वनप्लस नॉर्ड बड्स सीरीज में लेटेस्ट ईयरबड हैं। ये 55 डेसिबल तक के नॉइज कैंसेलेशन के साथ किसी भी बैकग्राउंड साउंड को ब्लॉक कर देते हैं। इनमें नए ड्राईवर हैं, जो वनप्लस नॉर्ड बड्स 3 प्रो के मुकाबले 100 प्रतिशत अधिक पॉवर प्रदान करते हैं। साथ ही रिच, डीप बेस और स्पष्ट वोकल्स के लिए इनमें टाईटेनियम कोटिंग भी है।

### आइकॉनिक व्हाइट ने पार किया 10 मिलियन केस की बिक्री का आंकड़ा

मुंबई। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड ने एक नया इतिहास रच दिया है। कंपनी की फ्लैगशिप ब्रांड 'आइकॉनिक व्हाइट' ने वित्त वर्ष 2026 में 1 करोड़ (10 मिलियन) केस की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। वित्त वर्ष खत्म होने से ठीक पहले मिली यह उपलब्धि इस ब्रांड की जबरदस्त रफ्तार को दशार्ती है, खासकर अधिक मुनाफे वाले 'प्रेस्टीज एंड एबव' सेगमेंट में।सितंबर 2022 में मेटावर्स के जरिए एक आधुनिक 'डिजिटल-फर्स्ट' लॉन्च के साथ शुरूआत करने वाली इस व्हिस्की ने पहले उत्तर और पूर्व भारत के चुनिंदा बाजारों में कदम रखा और फिर पूरे देश में अपनी पहचान बनाई। शुरूआती दौर यानी वित्त वर्ष 2023 में इसकी बिक्री 3.2 लाख (0.32 मिलियन) केस रही।अगले ही साल, वित्त वर्ष 2024 में ब्रांड की रफ्तार कई गुना बढ़ गई और बिक्री 22.7 लाख (2.27 मिलियन) केस तक पहुंच गई। इसी शानदार प्रदर्शन के चलते 'ड्रिंक्स इंटरनेशनल की मिलियनेयर्स क्लब रिपोर्ट 2024' में इसे साल 2023 के लिए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली मिलियनेयर स्पिरिट्स ब्रांड का खिताब मिला।

### चांदी का भाव में 9467 रुपये की गिरावट

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में चांदी की कीमत पर मंगलवार को लगातार 10वें सत्र में भारी बिकवाली का दबाव बना रहा और अस्थिरता एवं कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच यह 9,467 रुपये टूटकर 2.15 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। एमसीएक्स में चांदी के मई महीने में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 9,467 रुपये यानी 4.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,15,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

# सेंसेक्स में 1372 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1372 अंक उछल गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 400 अंक की बढ़त रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले की योजना को अस्थायी रूप से टाले जाने की घोषणा के बाद एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार बढ़त में रहे।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,372.06 अंक यानी 1.89 प्रतिशत चढ़कर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,793 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 399.75 अंक यानी 1.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,912.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन, इटर्नल, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, केवल पावर ग्रिड और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट आई। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की समयसीमा बढ़ा दी है। उन्होंने यह भी कहा कि वह ईरानी ऊर्जा स्थलों पर हमले पांच दिन के लिए टाल रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक उछाल देखने को मिला। पिछले सत्र की भारी बिकवाली के बाद बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यह उछाल मुख्य रूप से जोखिम धारणा में नरमी के कारण हुआ। अमेरिका-ईरान तनाव में संभावित कमी के शुरुआती संकेतों ने निवेशकों का कुछ भरोसा बहाल करने में मदद की है। उन्होंने यह भी कहा कि इस उछाल को संदर्भ में देखना भी जरूरी है। तेज गिरावट के बाद, इस तरह का उछाल असामान्य नहीं है। यह सौदे को पूरा करने के लिए लिवाली और निचले स्तर पर खरीदारी को दर्शाता है। निवेशक आमतौर पर इस तरह के उतार-चढ़ाव का उपयोग अपेक्षाकृत आकर्षक मूल्यों पर अच्छे शेयरों को खरीदने के लिए करते हैं...। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.56 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,22,78,312.77 करोड़ रुपये (4,500 अरब डॉलर) हो गई। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.77 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 2.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,968 शेयरों में तेजी रही जबकि 1295 में गिरावट आई।

# रुपया 35 पैसे टूटकर 93.88 प्रति डॉलर के नये रिकॉर्ड निचले स्तर पर



मुंबई। रुपया मंगलवार को 35 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 93.88 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर आ गया।

प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती और वैश्विक कच्चे तेल की उंची कीमतों के कारण निवेशकों में चिंता का माहौल रहने से घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी निवेशकों की निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.66 पर खुला और पूरे सत्र के दौरान इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा। अंत में यह 93.88 (अस्थायी) पर रहा, जो पिछले बंद स्तर से 35 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया पहली बार अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94 के स्तर को पार कर गया था, हालांकि बाद में यह 93.53 पर स्थिर बंद हुआ। लगातार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी से रुपये पर दबाव बना हुआ है। मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण उभरते बाजारों की मुद्राएं कमजोर बनी हुई हैं और इस महीने रुपये में लगभग 4.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। बुधवार के लिए रुपये का दायरा 93.65 से 94.25 के बीच रहने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि अमेरिका एक सम्मानित ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहा है और दावा किया कि इस्लामिक गणराज्य युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते को लेकर उत्सुक है। उन्होंने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दी गई समयसीमा भी बढ़ा दी और कहा कि उसे अतिरिक्त पांच दिन दिए गए हैं, अन्यथा उसके बिजली संयंत्रों पर हमले किए जा सकते हैं। हालांकि, ट्रंप के दावों से ईरान के इनकार और क्षेत्र में जारी तनाव ने अनिश्चितता को बढ़ा दिया, जिससे वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत बढ़कर 99.18 पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.45 प्रतिशत टूटकर 101.4 डॉलर प्रति बैरल पर था।

# आरबीआई ने बैंकिंग प्रणाली में 55837 करोड़ रुपये डाले

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग प्रणाली में तीन दिवसीय वैरिएबल रेट रेपो (वीआरआर) नीलामी के जरिये मंगलवार को 55,837 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली।

केंद्रीय बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह धनराशि 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दर पर डाली गई। यह राशि एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। बैंकिंग प्रणाली में 23 मार्च तक अनुमानित नकदी करीब 26,196.36 करोड़ रुपये आंकी गई है। केंद्रीय बैंक ने पिछले कुछ दिनों में विभिन्न अवधियों की वीआरआर नीलामी के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में 2,08,208 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है। इसके अलावा, जनवरी, 2026 से अब तक केंद्रीय बैंक ने सरकारी प्रतिभूतियों की खुले बाजार में खरीद के माध्यम से बैंकिंग प्रणली में 3.50 लाख करोड़ रुपये की स्थायी नकदी डाली है। भारतीय रिजर्व बैंक कृत्रिम मेधा और एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस का लाभ उठाकर ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और भुगतान परिवेश को मजबूत करने के लिए और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तथा भुगतान इंटेलिजेंस मंच विकसित कर रहा है।

# सोना 1200 चढ़कर 1.44 लाख रुपये पर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में चार दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसके भाव 1,200 रुपये बढ़कर 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। वहीं चांदी की कीमतें 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर बनी रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई थी।

कारोबारियों ने घरेलू सोने की कीमतों में आए इस उछाल का श्रेय वैश्विक जिंस बाजारों में आये सुधार और हाल ही में कीमतों में आई भारी गिरावट के बाद निचले स्तर पर हुई कुछ खरीदारी को दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना नौ सत्रों की गिरावट के बाद संभला और 16.96 डॉलर या 0.38 प्रतिशत बढ़कर 4,423.83 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। लगातार नौ दिन तक गिरने के बाद, हाजिर सोना विदेशी बाजारों में लगभग 4,420 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर कारोबार कर रहा है। ईरान युद्ध को लेकर सावधानी भरी उम्मीदें इसकी वजह हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमलों के खिलाफ पांच दिनों के संघर्षविराम की घोषणा की है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्षविराम की प्रभावशीलता को लेकर अभी संदेह बना हुआ है, जिसके चलते निवेशकों का रुख सतर्क बना हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि भू-राजनीतिक मोर्चे से मिल रहे मिले-जुले संकेतों के कारण निकट भविष्य में सर्राफा की कीमतें अस्थिर रहने की संभावना है।

# सेमीकंडक्टर नीति में कौशल विकास और तकनीकी नवाचार पर जोर

जयपुर। राजस्थान सरकार ने "राजस्थान सेमीकंडक्टर नीति-2026 पेश की है जिसका उद्देश्य राज्य में निवेश बढ़ाना तथा रोजगार, कौशल विकास और तकनीकी नवाचार को नई दिशा देना है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इसके अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था में आधुनिक तकनीक की रीढ़ बन चुके सेमीकंडक्टर उद्योग की महत्ता को समझते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सेमीकंडक्टर नीति-2026 जारी कर ऐतिहासिक पहल की गई है। इस नीति के जरिये न केवल प्रदेश में निवेश बढ़ेगा, बल्कि रोजगार, कौशल विकास और तकनीकी नवाचार को भी नई दिशा मिलेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह नीति राजस्थान को देश में वैश्विक सेमीकंडक्टर निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने तथा आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेम्बली एंड टेस्ट के साथ असेम्बली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग तथा सेंसर के क्षेत्रों में निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। यह नीति सेमीकंडक्टर के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही उच्च तकनीक पर आधारित रोजगार के नए अवसर सृजित भी करेगी। नीति के तहत सेमीकंडक्टर अनुसंधान, डिजाइन, उत्पादन, परीक्षण एवं पैकेजिंग जैसे सभी चरण शामिल किए गए हैं।

# दिल्ली सरकार ने पेश किया 103700 करोड़ रुपये का बजट



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें नवजात शिशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य संबंधी जांच, 1.3 लाख छात्राओं को मुफ्त साइकिल और मेधावी छात्रों के लिए लैपटॉप सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की गई।

साथ ही आपदा प्रबंधन के लिए आपात संचालन केंद्र के अलावा एक नई सेमीकंडक्टर नीति की भी घोषणा की गई। दिल्ली विधानसभा में दूसरी बार बजट पेश करते हुए वित्त मंत्रालय का प्रभार भी संभाल रही गुप्ता ने इसे हरित बजट करार दिया और बताया कि कुल आवंटन का 21 प्रतिशत पर्यावरण संरक्षण पहल के लिए रखा गया है। उन्होंने दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय के देश में तीसरे स्थान पर होने का उल्लेख किया और कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार के साथ राष्ट्रीय राजधानी तेजी से प्रगति कर रही है। सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 19,326 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो कुल बजट का 18 प्रतिशत है। इसके बाद स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 13,034 करोड़ रुपये, परिवहन के लिए 12,613 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिए 11,572 करोड़ रुपये, सामाजिक कल्याण के लिए 10,537 करोड़ रुपये और जलापूर्ति के लिए 9,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए कई कदमों की भी घोषणा की और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव से पहले जिस महिला समृद्धि योजना का वादा किया था वह जल्द लागू की जाएगी। इसके लिए 5,110 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए जल्द ही पंजीकरण मंच शुरू किया जाएगा। इस बीच, चार विधायकों के निलंबन के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने बजट प्रस्तुति का बहिष्कार किया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उनके फैसले की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने शहर में धूल-मुक्त सड़कों के विकास के लिए 1,352 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की। इसके तहत 750 किलोमीटर सड़कों की एंड-टू-एंड रिकार्पेटिंग (एक छोर से दूसरे छोर तक पूरी सतह को उखाड़कर या उसके ऊपर डामर की एक नई एवं मजबूत परत बिछाना) की जाएगी। किसी भी आपदा से निपटने के लिए सरकार आपात संचालन केंद्र स्थापित करेगी।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी, पीएनजी की कमी से जूझ रहा है एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग



नयी दिल्ली। उद्योग संगठन एल्युमिनियम एक्सट्रूजन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलईएमए) ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण एलपीजी तथा पीएनजी की आपूर्ति के गंभीर संकट से प्रभावित एल्युमिनियम एक्सट्रूजन उद्योग के लिए सरकार से राहत उपायों की मांग की है।

एल्युमिनियम एक्सट्रूज़न एक निर्माण प्रक्रिया है, जिसमें गर्म एल्युमिनियम मिश्र धातु को एक विशिष्ट आकार की डाई के माध्यम से दबाकर ट्यूब, छड़, फ्रेम आदि बनाए जाते हैं। एएलईएमए ने सरकार से ब्याज दरों में कटौती और ऋण भुगतान की अवधि में छूट (मोराटोरियम) जैसे त्वरित राहत उपाय लागू करने का आग्रह किया है। संघ ने सरकार को लिखे हालिया पत्र में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और घरों में आपूर्ति की जाने वाली पाइप वाली प्राकृतिक (पीएनजी) की आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित हुई है। ये दोनों ईंधन एल्युमिनियम एक्सट्रूजन विनिर्माण में गलाने, गर्म करने और एजिंग प्रक्रियाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। संघ के अनुसार, इसकी कमी और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आपूर्ति में प्राथमिकता तय किए जाने के कारण कई एक्सट्रूजन इकाइयों को बंद करना पड़ा है या उत्पादन 30 से 70 प्रतिशत तक घटाना पड़ा है। एएलईएमए देश की लगभग 450 एल्युमिनियम एक्सट्रूजन कंपनियों में से करीब 250 का प्रतिनिधित्व करता है जिनमें से लगभग 90 प्रतिशत सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) हैं। संघ का कहना है कि यदि समय पर हस्तक्षेप नहीं किया गया तो पूंजी-गहन यह क्षेत्र कार्यशील पूंजी कमी और कर्ज भुगतान में चूक की स्थिति में पहुंच सकता है।

## पेज एक का शेष

### युद्ध के

कहा कि अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फर्जी खबरें फैलाकर तेल बाजार और वैश्विक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। ईरान का कहना है कि जब तक उसकी शर्तें पूरी नहीं होतीं, तब तक बातचीत का कोई सवाल ही नहीं है। पश्चिम एशिया इस समय बेहद तनावपूर्ण दौर से गुजर रहा है। ईरान और अमेरिका-इस्राइल के बीच सीधा टकराव बढ़ गया है। इसमें दोनों तरफ से हमले और जवाबी कार्रवाई हो रही है। स्थिति इसलिए और खतरनाक हो गई है क्योंकि यह संघर्ष अब केवल सीमित सैन्य कार्रवाई तक नहीं रहा। इस्राइल और अमेरिका की ओर से ईरान के अंदर हमले किए जा रहे हैं। वहीं, ईरान भी खाड़ी क्षेत्र और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाने की चेतावनी दे रहा है। इससे पूरे पश्चिम एशिया में अस्थिरता फैल गई है और कई देश हाई अलर्ट पर हैं। इस तनाव का असर सिर्फ सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। खास तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चिंता बढ़ गई है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल गुजरता है।

### इजराइल और

साथ वार्ताओं के बारे में दिए गए ब्योरे को लेकर विवाद बना हुआ है, क्योंकि ईरान ने किसी भी तरह की वार्ता होने से इनकार किया है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलिबफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिका के साथ कोई वार्ता नहीं हुई है। उन्होंने कहा, फर्जी खबरों का इस्तेमाल वित्तीय और तेल बाजारों में हेरफेर करने के लिए किया जा रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका द्वारा युद्धविराम पर विचार करने के बावजूद ईरान और लेबनान पर इजराइल हमले जारी रखेगा। उन्होंने कहा, अभी और हमले होंगे। ईरान के विदेश मंत्री के कार्यालय ने बताया कि अब्बास अराघची ने इस सप्ताह अजरबैजान, मिस्र, ओमान, पाकिस्तान, रूस, दक्षिण कोरिया, तुर्किये और तुर्कमेनिस्तान के अपने समकक्षों से युद्ध के बारे में बात की। ईरान ने इजराइल और खाड़ी के पड़ोसी देशों पर हमला किया, वहीं इजराइल ने बेरूत पर हमला किया। ईरान ने मंगलवार तड़के इजराइल पर कई मिसाइलें दागीं, जिनमें से कुछ देश के उत्तरी हिस्से में गिरीं। तेल अवीव में 100 किलोग्राम आयुध ले जाने में सक्षम एक मिसाइल इजराइली रक्षा प्रणाली को भेदते हुए शहर के मध्य में एक सड़क पर जा गिरी। इससे पास की एक इमारत की खिड़कियां टूट गईं और धुआं उठने लगा।मिसाइल गिरने के कुछ मिनट बाद घटनास्थल पर पहुंचने के बाद बचाव कार्य में जुटे कर्मी योएल मोशे ने पत्रकारों को बताया, हमने तबाही, धुआं और अफरा-तफरी देखी। उन्होंने कहा कि चार लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। आश्रय स्थल से बाहर निकलते हुए अमीर हसीद ने कहा कि उन्हें लगा था कि स्थिति इससे कहीं अधिक भयावह होगी। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है जैसे आप एक (आसान) निशाना हैं, आप खुद पर या अपने बगल में किसी पर मिसाइलें गिरने का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले दिन में इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर बमबारी की। इजराइल ने इस हमले पर कहा कि वह ईरान से जुड़े आतंकवादी संगठन हिजबुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा था। लेबनान की राजधानी के दक्षिण-पूर्व में स्थित एक आवासीय अपार्टमेंट पर हुए हमले में लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कम से कम दो लोग मारे गए। कुवैत में, हवाई रक्षा प्रणाली के छर्रों से बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे कई घंटों तक आंशिक बिजली कटौती हुई। बहरीन में मिसाइल को लेकर अलर्ट सायरन बजे और सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने तेल समृद्ध पूर्वी प्रांत को निशाना बना रहे 19 ईरानी ड्रोन को नष्ट कर दिया। ट्रंप के इस दावे के बाद कि उनकी सरकार युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत कर रही है, तेल की कीमतें कुछ समय के लिए 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर गईं। लेकिन यह राहत अल्पकालिक रही, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत सुबह के कारोबार में फिर से 104 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई, जो 28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू होने के बाद से 40 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी को दर्शाता है।

### ईरान पर

ईरान की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने कहा, मैंने पीट को फोन किया, मैंने जनरल केन को फोन किया। मैंने अपने कई लोगों को फोन किया और कहा, चलिए बात करते हैं। पश्चिम एशिया में हमारे सामने एक अहम मुद्दा है। ईरान नाम का देश 47 वर्षों से आतंकवाद का प्रसार करता रहा है और वह परमाणु हथियार के बेहद करीब है। या तो हम यूं ही आगे बढ़ते रह सकते हैं या फिर पश्चिम एशिया की ओर कदम बढ़ाकर एक बड़ी समस्या का समाधान कर सकते हैं। देश में इस मुद्दे को लेकर आलोचना का सामना कर रहे ट्रंप ने हेगसेथ की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए कहा, "पीट, मुझे लगता है कि आपने सबसे पहले कहा कि हमें कदम उठाना चाहिए, क्योंकि उन्हें परमाणु हथियार हासिल करने नहीं दिया जा सकता।इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा था कि उन्होंने ईरान को फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित रणनीतिक जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दी गई समयसीमा बढ़ा दी है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर संभावित हमले को पांच दिन के लिए टाल दिया गया है। बिना विवरण साझा किए अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव कै पूर्ण समाधानै के लिए अमेरिका व ईरान के बीचै सार्थक बातचीतै हुई है। हालांकि, ईरान ने ट्रंप के दावों को खारिज करते हुए इन्हैं फर्जी खबरै बताया। ईरान की ओर से सोशल मीडिया पर कहा गया, अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। फर्जी खबरें फैला कर वित्तीय और तेल बाजारों को प्रभावित करने और उस दलदल से निकलने के लिए किया जा रहा है जिसमें अमेरिका और इजराइल फंसे हैं।

### अपराधियों

कि सरकार एमओयू के बाद तेजी से ग्राउंडब्रेकिंग, निवेश से जुड़े छोटे-छोटे मुद्दों के त्वरित समाधान और उद्योगों के लिए बेहतर माहौल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्यमियों का विश्वास ही विकास की असली ताकत है और उस पर खरा उतरते हुए उत्तर प्रदेश को निवेश, रोजगार और औद्योगिक प्रगति का अग्रणी केंद्र बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों का विश्वास ही प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है और इसी विश्वास को मजबूत करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश में मार्केट-रेडी और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स उपलब्ध है, यहां बड़ी संख्या में कुशल और युवा मानव संसाधन मौजूद है। भारत का ही नहीं, दुनिया का सबसे अच्छा डेमोग्राफिक डिविडेंड यूपी के पास है। साथ ही यहां विशाल एवं मजबूत कंज्यूमर बेस भी उपलब्ध है, जो निवेशकों के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से आह्वान किया कि वे प्रदेश में खुलकर निवेश करें और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाएं, क्योंकि यहां स्केलेबल बिजनेस के लिए आवश्यक सभी संभावनाएं और संसाधन उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं।

### बेटियों के संस्कार

हमारी परंपरा का ऐसा रूप है, जो हमें दया, करुणा और विनम्रता जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं और ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व जैसे अभियानों को गति देते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि हर बेटी को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारें बालिकाओं के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही हैं। प्रदेश में छात्रवृत्ति, छात्राओं को साइकिल वितरण, इंटरमीडिएट के बाद प्रोत्साहन राशि तथा सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा श्रमिक परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए विवाह अनुदान की व्यवस्था भी लागू है।

### गोरखपुर में

चारू चौधरी उपाध्यक्ष उप्र राज्य महिला आयोग ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में सदर सांसद व अभिनेता रवि किशन एवं महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव व पूर्व महापौर अंजू चौधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश सांधी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद राज्यसभा) ने कहा कि वैश्य समाज देश की आर्थिक और सामाजिक रीढ़ है। उन्होंने समाज की एकजुटता, शिक्षा और व्यापार में नवाचार पर विशेष जोर देते हुए युवाओं से आगे बढ़कर नेतृत्व करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि व उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने युवाओं को खेल और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने का संदेश दिया। वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर एस. हलवासिया ने कहा कि वैश्य ही विकास का पर्याय है। इस मौके पर चारू चौधरी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला, उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग मौजूद रहीं। भजन उत्सव में अंतरराष्ट्रीय भजन गायक अनीस सोनी ने अपने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। वैश्य समाज में अतुलनीय योगदान के लिए उज्ज्वला चौधरी, पूर्व महापौर सीताराम जायसवाल, अशोकजालान, अतुल सर्राफ, प्रो.संजीत कुमार गुप्ता, प्रो.आदेश अग्रवाल, डॉ. रामकुमार जायसवाल, डॉ. अवधेश अग्रवाल, डॉ. विमल कुमार मोदी, ज्योति प्रकाश मस्करा, चिरंजीव चौरसिया को वैश्य रत्न से सम्मानित किया गया। साथ ही गिरिजा शंकर जायसवाल, सुनील मोहन अग्रहरि एवं चन्द्र प्रकाश गुप्ता, रितेश अग्रहरि, गोविंद प्रसाद जायसवाल को सम्मेलन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनूप अग्रहरी व रीना जायसवाल द्विवेदी ने किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे अरविन्द विक्रम चौधरी ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। कार्यक्रम में एसके अग्रवाल, विष्णु अजीत सरिया, डॉ. शिवशरण दास, मदन लाल गुप्ता, अनूप किशोर अग्रवाल, आलोक चौरसिया, चन्द्र प्रकाश गुप्ता, सुनील बर्नवाल, नरेन्द्र जायसवाल, गणेश बर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, विमल अग्रहरि, हरिद्वार वर्मा, दिलीप मोदनवाल, त्रिभुवन वर्मा, जे.के. गुप्ता साहू, अशोक गुप्ता कसौधन, अनिल गुप्ता, प्रभुनाथ गुप्ता भोजवाल, गोपाल जायसवाल, सुनील केसरवानी, पदम अग्रवाल, सुनील अग्रहरि, निरंजन गुप्ता, सुनील गुप्ता, कृष्ण मुरारी लाल जायसवाल, सुशील बबलू अग्रहरि, संतोष गोयल, रविश भोजवाल, बैजनाथ रौनियार, बृजेन्द्र स्वरूप जायसवाल, अनूप अग्रहरी, अवधेश कुमार गुप्ता, तोतामणी गुप्ता, बालिस्टर प्रसाद गुप्ता, अनिल कुमार जायसवाल, सुभाषचन्द्र जायसवाल, सुरेश चन्द्र जायसवाल, अनिल गुप्ता, राजेश विक्रमी, नाथूराम गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अनीता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, रीना जायसवाल, रश्मि केसरवानी, विनीता जायसवाल, शकुंतला जायसवाल, निशि अग्रवाल, सीमा माहेश्वरी, सिंधु जायसवाल, सीता जायसवाल, मधु पोद्दार, अंजुला मोदनवाल, सविता जायसवाल, वंदना गुप्ता, रीता बरनवाल, शिखा गुप्ता, सुनैना गुप्ता, नीतू गुप्ता व कंचन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में वैश्य समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




# तीन महीने मेरी कप्तानी का सबसे कठिन दौर रहा : स्टोक्स



लंदन। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने पिछले तीन महीने को अपनी कप्तानी का सबसे कठिन दौर बताया लेकिन यह भी दोहराया कि वह कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ मिलकर टीम को फिर से तैयार करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की कि एशेज श्रृंखला 1.4 से हारने के बावजूद स्टोक्स, मैकुलम और प्रबंध निदेशक रॉब की पद पर बने रहेंगे। स्टोक्स ने अपनी, की और मैकुलम की तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए एक भावुक खुले पत्र में लिखा, इंग्लैंड का कप्तान बनना एक खिलाड़ी के लिये सबसे बड़ा सम्मान है और मैं इसे हलके में नहीं लेता। इसके अपने उतार चढाव हैं। यह आपको मुस्कुराने के मौके देता है तो रूलाता भी है। उन्होंने लिखा, कई बार लगता है कि आपके जीवन में बस यही चीज बची है। पिछले तीन महीने कप्तानी के मेरे सफर का सबसे कठिन दौर रहा। इसने कई तरह से मेरी परीक्षा ली और मुझे यकीन है कि हर कप्तान के जीवन में ऐसा दौर आता है। उन्होंने कहा कि वह मैकुलम और की के साथ मिलकर फिर टीम तैयार करेंगे। उन्होंने कहा, बाज, रॉब और मेरे भीतर टीम को आगे ले जाने की इच्छा और जुनून है। हम अपना सब कुछ झोंक देंगे। हमें पता है कि हमने गलतियां की है लेकिन अब उनसे सबक लेकर आगे बढेंगे। सफलता से ज्यादा आप असफलता से सीखते हैं। स्टोक्स ने अपनी, की और मैकुलम की तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए एक भावुक खुले पत्र में लिखा, इंग्लैंड का कप्तान बनना एक खिलाड़ी के लिये सबसे बड़ा सम्मान है।

# लैंगर को उम्मीद, इस बार कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे ऋषभ पंत



लखनऊ । लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर को उम्मीद है कि ज षभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और उन्होंने कहा कि यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज एक क्रिकेटर के रूप में तब और भी बेजोड़ बन जाता है जब खेलते समय उनके चेहरे पर मुस्कान होती है।

एलएसजी ने पिछले साल पंत को 27 करोड़ रुपये की मोटी कीमत पर खरीदा था, जिससे वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन आईपीएल 2025 में पंत और एलएसजी के लिए खुश होने का कोई खास कारण नहीं था, क्योंकि उनकी टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। लैंगर ने कहा कि हालांकि पंत पिछले साल अपना प्रभाव छोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे तथा इस दौरान उनके साथ बिताए गए समय से फ्रेंचाइजी और कोचिंग स्टाफ को उनके बारे में और अधिक समझने में मदद मिली। लैंगर ने जियोहॉटस्टार से कहा, अगर हम ज षभ को हंसते-मुस्कुराते और मस्ती करते हुए देखते हैं, तो वह एक शानदार कप्तान साबित होगा। यही हमने पिछले साल सीखा था। वह एक नई फ्रेंचाइजी में शामिल हुआ था और अपना प्रभाव छोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा था।

उन्होंने कहा, लेकिन इस बार हम ज षभ को पहले से अधिक सहज देख रहे हैं। वह अब खिलाड़ियों को अच्छी तरह से जानता है और हम उसका पूरा समर्थन करते हैं। उसके चेहरे पर मुस्कान है और वह खूब मस्ती कर रहा है।

जब वह क्रिकेट खेलता है तो उससे अधिक रोमांचक खिलाड़ी कोई दूसरा नहीं होता है। ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श, उनके दक्षिण अफ्रीकी समकक्ष एडन मारक्रम और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन की मौजूदगी में एलएसजी की बल्लेबाजी काफी मजबूत है। इसके बावजूद टीम पिछले साल अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। लैंगर ने कहा कि टीम ने नीलामी में इसकी भरपाई कर दी है। उन्होंने कहा, हमारे लिए नीलामी बहुत अच्छी रही और यहीं से शुरुआत होती है। पिछले साल हमारी टीम का आधार बहुत मजबूत था। मुझे लगता है कि पिछले साल हमारी बल्लेबाजी प्रतियोगिता में नंबर एक थी। (लेकिन) हम उसका फायदा नहीं उठा पाए। लैंगर ने कहा, लेकिन इस साल हमने अपनी टीम में कुछ नए खिलाड़ी शामिल किए हैं।

कुछ खिलाड़ियों का चयन काफी मुश्किल होगा। लेकिन अगर हमारी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सुधार जारी रहता है, तो हमारे पास एक बहुत अच्छी टीम होगी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि टीम में सभी युवा गेंदबाजों के लिए मोहम्मद शमी की उपस्थिति बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा, मोहम्मद शमी बता रहे थे कि सभी युवा खिलाड़ी उनकी बात को ध्यान से सुनते हैं। वह काफी अनुभवी गेंदबाज हैं।

## संक्षेप

### युकी और वीनस मियामी ओपन के पहले दौर में हारे

मियामी। भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस मियामी ओपन के पहले दौर में जॉन पैट्रिक स्मिथ और सैंडर्स एरेंड्स से हारकर बाहर हो गए। युकी और वीनस को अंतिम 32 के मुकाबले में आस्ट्रेलिया के स्मिथ और नीदरलैंड के एरेंड्स ने एक घंटे 52 मिनट में 4 .6, 7 .5, 15 .13 से हराया। इन दोनों जोड़ियों के बीच यह पहला ही मुकाबला था। युकी इस महीने की शुरूआत में आंद्रे गोरानसन के साथ इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

### आकाशदीप व एडवर्ड्स की जगह दुबे व पेन विकल्प

नयी दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल से पहले चोटिल आकाश दीप और जैक एडवर्ड्स की जगह सौरभ दुबे और डेविड पेन को शामिल किया है। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं। वह बेंगलुरू में उत्कृष्टता केंद्र में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे। आईपीएल मीडिया बयान में कहा गया, बायें हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ केकेआर में आकाश की जगह लेंगे। वह 30 लाख रूपये में केकेआर से जुड़ेंगे। विदर्भ के 28 वर्ष के सौरभ ने अभी आईपीएल में पदार्पण नहीं किया है। वह पहले एसआरएच का हिस्सा थे। इस बीच इंग्लैंड के तेज गेंदबाज पेन को एसआरएच ने जैक एडवर्डस की जगह लिया है जो पैर की चोट के कारण बाहर हैं। उन्हें पहले एसआरएच ने तीन करोड़ रूपये में खरीदा था। वह डेढ करोड़ रूपये में एसआरएच से जुड़ेंगे।

### भगदड़ में मारे गए लोगों की याद में अभ्यास में 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे आरसीबी खिलाड़ी

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 सीटें खाली रखने की योजना भी बनाई है। आरसीबी ने पिछले साल पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए चार जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, मैच वाले दिन खिलाड़ी अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। मैच के दौरान वे अपनी जर्सी नंबर में ही नजर आएंगे। अभ्यास के दौरान सभी खिलाड़ियों की पीठ पर जर्सी नंबर 11 लिखा होगा। उन्होंने कहा इसके अलावा उस दिन वे अपनी बांह पर काले रंग की पट्टी भी पहनेंगे। हम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 स्थायी सीटें बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। ये उन 11 प्रशंसकों के लिए हैं जो हमेशा हमारे साथ रहेंगे। मौजूदा चैंपियन टीम 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां अपना पहला मैच खेलेगी, जो इस मैदान पर खेले जाने वाले उनके पांच घरेलू मैचों में से पहला मैच होगा।

# मंधाना अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

## टी-20 : हरमनप्रीत अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंची

एजेंसी



दुबई। भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को यहां जारी नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं।

ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं, जबकि न्यूजीलैंड की स्टार सोफी डिवाइन के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों ने उन्हें सूची में दो स्थान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंचने में मदद की। रवांडा की 15 वर्षीय फैनी उटागुशिमानिंदे टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने पदार्पण मैच में (घाना के खिलाफ) शतक लगाने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी बनी। यही नहीं वह पुरुष और महिला क्रिकेट में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शतक लगाने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बनी। इससे उन्होंने 66वें स्थान पर रैंकिंग में प्रवेश किया है। वहीं दूसरी ओर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स को अमेरिका स्थित कल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम (समूह) को 1.63 अरब डॉलर (लगभग 15,290 करोड़ रुपये) में बेचे जाने की तैयारी है। इस कंसोर्टियम में वॉलमार्ट परिवार से जुड़े रॉब वॉल्टन और फोर्ड परिवार से जुड़े हैम्प परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। एरिज़ोना स्थित टेक उद्यमी कल सोमानी ने इन्ट्राएज, ट्यो डॉट एआई और एकेडेमियन जैसी कंपनियों की स्थापना की है। इस बोली में टाइम्स इंटरनेट के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम, आदित्य बिड़ला समूह और आर्सेलरमित्तल के सीईओ आदित्य मित्तल के नेतृत्व वाला मित्तल परिवार भी दावेदारों में शामिल थे।

यह सौदा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी के अधीन होगा और 2026 आईपीएल सत्र के बाद प्रभावी होगा। वर्तमान में ब्रिटिश-भारतीय कारोबारी मनोज बादले के पास टीम में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस मामले की जानकारी रखने वाले विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई से कहा, कल सोमानी पहले से ही फ्रेंचाइज़ी में निवेशक हैं। इस सौदे पर बीसीसीआई की मंजूरी के बाद जल्द ही हस्ताक्षर किया जाएगा। 1.63 अरब डॉलर की कीमत दर्शाती है कि आईपीएल एक ब्रांड के रूप में कितना आगे बढ़ चुका है। एक अन्य सूत्र ने 2021 में आरपीएसजी समूह द्वारा एलएसजी की 7000 करोड़ रुपये से कुछ अधिक में हुई बिक्री से तुलना करते हुए कहा, अगर आप आईपीएल में हाल ही में शामिल हुई लखनऊसुपर जायंट्स की बिक्री को देखें, तो यह उससे कहीं अधिक है। यह लीग की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि अगले चार से पांच दिनों में इस समझौते की घोषणा कर दी जाएगी। आईपीएल की एक और प्रमुख फ्रेंचाइजी, मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, भी बिक्री के लिए उपलब्ध है और इस सौदे का मूल्य दो अरब डॉलर (लगभग 18,749 करोड़ रुपये) से अधिक होने की संभावना है।

# खेलो इंडिया जनजातीय खेलों में लगभग 1300 खिलाड़ी लेंगे भाग

KHELO INDIA TRIBAL GAMES 2026 CHHATTISGARH

भारत के जनजातीय खेल! छत्तीसगढ़ मा सुंदर मेल!

रायपुर। देशभर के लगभग 1300 खिलाड़ी बुधवार से शुरू हो रहे खेलो इंडिया जनजातीय खेलों (ट्राइबल गेम्स) में 106 स्वर्ण पदकों के लिए नौ स्पर्धाओं में दमखम दिखाने के लिए तैयार हैं। इन खेलों का आयोजन छत्तीसगढ़ के तीन स्थलों (रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा) में होगा। ओडिशा ने 125 खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ा दल भेजा है, जबकि मेजबान छत्तीसगढ़ (121), झारखंड (107) और असम (106) की भी मजबूत भागीदारी रहेगी। इस प्रतियोगिता में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में पदक दांव पर होंगे, जबकि पारंपरिक खेलों में मल्लखंब और कबड्डी का आयोजन प्रदर्शनी खेल के रूप में होगा।

आयोजन में खिलाड़ियों, कोच और अधिकारियों सहित लगभग 3800 प्रतिभागी शामिल होंगे। यह खेल तीन अप्रैल तक चलेंगे। जनजातीय समुदाय से आने वाले पूर्व दिग्गज हॉकी खिलाड़ी और हॉकी इंडिया के वर्तमान प्रमुख दिलीप तिर्की ने साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, मेरे लिए और हम सभी के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि यह चैंपियनशिप देश में पहली बार शुरू हो रही है। यह जनजाति समुदाय के युवाओं और खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने, खेल जगत में आगे बढ़ने और देश के लिए खेलने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य भारत को एक खेल राष्ट्र बनाना है। वह चाहते हैं कि सभी युवा खेलों से जुड़ें और कोई न कोई खेल खेलें। एथलेटिक्स में सबसे अधिक 34 स्वर्ण पदक होंगे, जबकि तैराकी (24), कुश्ती (18), भारोत्तोलन (16) और तीरंदाजी (10) में भी दहाई संख्या में पदक दांव पर रहेंगे। हॉकी और फुटबॉल की टीम स्पर्धाएं रायपुर में आयोजित होंगी, एथलेटिक्स का आयोजन जगदलपुर में और कुश्ती सरगुजा में कराई जाएगी।

तिर्की ने कहा, खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी चाहते हैं कि खेलों के माध्यम से हमारे एथलीट, विशेषकर जनजाति समुदाय के एथलीट, बेहतर करियर बना सकें, अपना जीवन बेहतर कर सकें और देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हर आदिवासी बच्चे का एक सपना होता है। उन्होंने कहा, मैं स्वयं एक जनजाति परिवार से आता हूं और खेलों, विशेष रूप से हॉकी के माध्यम से ही मैं आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं। मेरा मानना है कि इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी बच्चों का भविष्य उज्ज्वल है। इससे पहले भी कई जनजातीय समुदाय के एथलीट देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और हमारे आदिवासी समाज में आदर्श बन चुके हैं। 100 और 200 मीटर फर्राटा दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अनिमेष कुजूर ने भी इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, देश के कई क्षेत्रों में खेलों की पहुंच सीमित है, ऐसे में यह आयोजन जनजातीय समुदाय के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का बड़ा अवसर है। सभी प्रतिभागी राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा आयोजित चयन ट्रायल्स के माध्यम से चयनित किए गए हैं और उनके प्रदर्शन पर साई द्वारा नियुक्त कोच नजर रखेंगे।

तिर्की ने कहा, खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया भी चाहते हैं कि खेलों के माध्यम से हमारे एथलीट, विशेषकर जनजाति समुदाय के एथलीट, बेहतर करियर बना सकें, अपना जीवन बेहतर कर सकें और देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हर आदिवासी बच्चे का एक सपना होता है।

# शॉटगन विश्व कप के लिए तैयार हैं भारतीय निशानेबाज



एजेंसी

टैंगियेर (मोरक्को)। इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए निशानेबाज भौनीश मेंदिरत्ता पेरिस ओलंपिक की निराशा को भुलाकर आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारतीय टीम का नेतृत्व करते हुए इस साल की शानदार शुरुआत करने की कोशिश करेंगे। ट्रैप निशानेबाज भौनीश ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का पहला कोटा हासिल किया था, लेकिन वह ट्रायल्स में चूक गए थे। वह टैंजियर में शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, क्योंकि 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाइंग चक्र इस साल शुरू हो रहा है।

विश्व कप के लिए भारत पुरुष और महिला दोनों वर्गों में ट्रैप और स्कीट के लिए 12 सदस्यीय टीम और दो ट्रैप मिश्रित टीमें भी भेज रहा है, जिनकी मदद के लिए विदेशी कोच, फिजियोथेरेपिस्ट और मनोवैज्ञानिक भी साथ में होंगे। भारत के शीर्ष ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को हालांकि टीम में जगह नहीं मिल पाई है।

### राष्ट्रीय इंडोर चैंपियनशिप खिलाड़ियों व अधिकारियों को सीखने का शानदार मौका

भुवनेश्वर। देश में पहली बार आयोजित राष्ट्रीय इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप उद्घाटन सत्र के शुरुआती दिन खिलाड़ियों और अधिकारियों को नये माहौल के अनुरूप खुद को ढालना पड़ा जिसमें गोला फेंक (शॉटपुट) के युवा खिलाड़ी ओमकार प्रसाद नंदा ने पुराने घिसे हुए जूतों का सहारा लिया जबकि धाविका सी प्रियंका ने घुमावदार ट्रैक से सामंजस्य बिठाने के लिए अपने अनुभव का इस्तेमाल किया। ओडिशा के नंदा उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें इस अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम में पहले से अभ्यास का मौका मिला था। वह इसी परिसर के आवासीय हॉस्टल में रहते हैं। लगभग दो सप्ताह से यहां अभ्यास कर रहे नंदा ने लकड़ी के बने थ्रोइंग सर्कल पर फिसलन की आशंका को लेकर सतर्कता बरती।

# आईपीएल कप्तानों की बैठक में आचार संहिता पर होगी चर्चा

एजेंसी



मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण की तैयारियों के मद्देनज़र भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) बुधवार को यहां सभी फ्रेंचाइज़ी कप्तानों की अहम बैठक आयोजित करने जा रहा है। इस बैठक में इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट नियम और आचार संहिता जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी।

बीसीसीआई के साथ कप्तानों की यह बैठक एक परंपरा रही है, जिसमें नियमों और उनके क्रियान्वयन को लेकर खिलाड़ियों को जानकारी दी जाती है। इस बार बैठक को भारत के पूर्व खिलाड़ी जावागल श्रीनाथ और नितिन मेनन संबोधित करेंगे, जो क्रमशः मैच रेफरी और अंपायर पैनल के प्रमुख हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई से बताया, इस वर्ष नियमों में कोई नया बदलाव नहीं है।

चूंकि कुछ कप्तान और कोच नए हैं, इसलिए उन्हें मौजूदा नियमों की जानकारी देना आवश्यक है। बैठक में जिन अहम मुद्दों पर चर्चा होगी, उनमें प्रति ओवर दो बाउंसर की अनुमति, बल्ले के आकार की जांच, गेंद के खो जाने या खेलने योज्ञ न रहने पर उसके प्रतिस्थापन, रिटायर्ड आउट नियम और लार के उपयोग जैसे बिंदु शामिल हैं। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सितंबर 2022 से गेंद को चमकाने के लिए लार के उपयोग पर प्रतिबंध लागू है, जिसे आईपीएल ने 2025 सत्र से पहले हटा दिया था।

वहीं, 2025 की कप्तानों की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे, जिनमें 10 कप्तानों की सहमति के बाद लार के उपयोग की अनुमति प्रमुख थी।

### सफलता का अहंकार नहीं पाल रहे : बोबाट

बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने मंगलवार को खिलाड़ियों से अपील की कि वे बीते सत्र में मिली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पहली ट्रॉफी के बाद अहंकार से बचें और नए सत्र में विनम्रता बनाए रखें। आरसीबी ने 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। बोबाट ने सत्र-पूर्व प्रेस वार्ता में कहा, यह एक नया अभियान है। पिछले साल हम 17 साल के बोझ के साथ नहीं थे, और इस साल हमें एक साल की सफलता के अहंकार के साथ भी नहीं चलना है। हमें विनम्रता के साथ शुरुआत करनी होगी।

### सैफ अंडर20 चैम्पियनशिप भारतीय टीम पहुंची मालदीव

माले। भारत की अंडर 20 पुरूष फुटबॉल टीम सैफ चैम्पियनशिप में भाग लेने यहां पहुंच गई है और पहले मैच में बृहस्पतिवार को पाकिस्तान से खेलेगी। इस मैच के बाद ग्रुप बी में भारतीय टीम का सामना 28 मार्च को बांग्लादेश से होगा। दोनों मैच नेशनल स्टेडियम में खेले जायेंगे। ग्रुप ए में मालदीव, श्रीलंका, नेपाल और भूटान की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जो एक अप्रैल को होगा। फाइनल तीन अप्रैल को खेला जायेगा। भारत के अंडर 20 मुख्य कोच महेश गवली ने कहा, यह काफी अहम और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है। सभी टीमें काफी प्रतिस्पर्धी है और हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

भारतीय टीम :

गोलकीपर : अल्साबित एसटी, प्रणव सुंदरमन, सूरज सिंह

डिफेंडर : बूंगसोन सिंह टी, जोडरिक अब्रांचेस, करीश सोराम, मालेमगांबा सिंह थोकचोम, मोहम्मद कैफ, रोशन सिंह थांगजाम, उशाम सिंह, याइफारेम्बा चिंगाखाम।

# भारतीय टीम का सेमीफाइनल मुकाबला कीनिया से

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय महिला फुटबॉल टीम अगले महीने फीफा अंतरराष्ट्रीय महिला मैच विंडो के दौरान नैरोबी में फीफा सीरीज 2026 के सेमीफाइनल में मेजबान कीनिया का सामना करेगी, जबकि एक अन्य सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना मलावी से होगा। दोनों मैच 11 अप्रैल को खेले जाएंगे।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक विज्ञप्ति में कहा, सेमीफाइनल की विजेता और हारने वाली टीमें 15 अप्रैल को फाइनल और तीसरे स्थान के प्ले-ऑफ में भिड़ेंगी। फीफा रैंकिंग में भारत चारों टीम में दूसरे स्थान पर है। भारतीय टीम अभी 67वें स्थान पर है और प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों में केवल ऑस्ट्रेलिया (15वें) से पीछे है, जबकि अफ्रीकी टीमें कीनिया और मलावी क्रमशः 133वें और 153वें स्थान पर हैं। फीफा सीरीज एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री टूर्नामेंट है।

# थॉमस कप की अगुवाई करेंगे लक्ष्य सेन

एजेंसी



नयी दिल्ली। ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट में उपविजेता रहे लक्ष्य सेन अगले महीने होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे जबकि पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और उभरती हुई स्टार उन्नति हुड्डा उबर कप में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम के खिलाड़ियों को काफी हद तक बरकरार रखा है। उसने 24 अप्रैल से तीन मई तक डेनमार्क के होर्सेंस में होने वाली प्रतियोगिता के लिए सेन, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी को टीम में बनाए रखा है।

युवा शटलर आयुष शेट्टी को सीनियर स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद पहली बार टीम में जगह मिली है। पुरुष टीम में 2022 की खिताब विजेता टीम के सदस्य एमआर अर्जुन की भी वापसी हुई है, जिन्होंने चोट से उबरकर नए खिलाड़ी हरिहरन अमसाकरुनन के साथ युगल टीम में जगह बनाई है। 2022 की युगल टीम के सदस्य ध्रुव कपिला भी टीम का हिस्सा हैं जबकि किरण जॉर्ज एकल में अतिरिक्त मजबूती प्रदान करेंगे। उबर कप में 2019 की विश्व चैंपियन सिंधु, शीर्ष युगल जोड़ी गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली के साथ मिलकर भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगी। भारतीय टीम पिछली बार सेमीफाइनल तक पहुंची थी और उसका लक्ष्य इस बार अपने इस प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्नति हुडा के साथ देविका सिहाग, इशारानी बरुआ और किशोरी तन्वी शर्मा जैसी युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी टीम में शामिल है। भारतीय बैडमिंटन संघ ने एक विज्ञप्ति में कहा, टीम का चयन 10 मार्च तक की बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग के आधार पर किया गया है, जिसमें शीर्ष पांच एकल खिलाड़ी और शीर्ष दो युगल जोड़ियां शामिल हैं। टीम संयोजन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है।

# टीएमसी को फिर नहीं मिला समय

## प्रतिनिधि मंडल निराश, राष्ट्रपति भवन ने दिया समयाभाव का वास्ता

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति भवन ने तृणमूल कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने का समय मांगे जाने के अनुरोध को समयाभाव का हवाला देकर फिर ठुकरा दिया है, जिसके चलते पार्टी ने दो अप्रैल से पहले उनसे भेंट करने के लिए पुनः अनुरोध किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, तृणमूल ने सबसे पहले नौ मार्च को राष्ट्रपति को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल सरकार की कल्याणकारी पहलों के बारे में राष्ट्रपति को जानकारी देने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल को मुलाकात का समय देने का अनुरोध किया था।

पार्टी ने कहा था कि इन पहलों का उद्देश्य समावेशी विकास है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति भवन ने 11 मार्च को समयाभाव का हवाला देते हुए यह अनुरोध अस्वीकार कर दिया। उसी दिन, तृणमूल कांग्रेस ने 16 एवं 20 मार्च के बीच मुर्मू से मिलने का समय मांगने के लिए एक नया पत्र भेजा। पार्टी ने 16 मार्च को पत्र लिखकर उसे अपने अनुरोध की याद दिलायी। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, 22 मार्च को राष्ट्रपति भवन ने कहा कि समयाभाव के कारण अनुरोध को पूरा नहीं किया जा सकता है, जिसके बाद बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को मुर्मू को फिर से पत्र लिखकर 24 मार्च एवं दो अप्रैल के बीच मिलने का समय मांगा है। ये घटनाक्रम इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति की पश्चिम बंगाल की यात्रा के दौरान हुए उस विवाद के बाद सामने आए हैं, जहां उन्होंने (मुर्मू ने) आदिवासी सम्मेलन के प्रबंधन और प्रोटोकॉल से जुड़े मुद्दों को लेकर राज्य प्रशासन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया था। यह विवाद तब शुरू हुआ जब सात मार्च को मुर्मू ने बंगाल सरकार के उस फैसले पर सवाल उठाया जिसमें संथाल समुदाय के सम्मेलन के आयोजन स्थल को बदल दिया गया था। इस सम्मेलन में राष्ट्रपति शामिल हुई थीं।

मुर्मू ने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या प्रशासन को उम्मीद थी कि कोई भी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाएगा। उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि उनकी यात्रा के दौरान न तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और न ही राज्य के कोई मंत्री मौजूद थे। पलटवार करते हुए बनर्जी ने राष्ट्रपति पर भाजपा के इशारे पर बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने मणिपुर और छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के खिलाफ कथित अत्याचारों पर मुर्मू की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। भाजपा ने राष्ट्रपति का अपमानै करने के लिए तृणमूल सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे शर्मनाक और अप्रत्याशितै करार देते हुए कहा कि पार्टी ने सभी हदें पार कर दी हैं।

# प्रधानमंत्री का वक्तव्य भ्रम पैदा करने की कवायद थी : खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट पर राज्यसभा में जो वक्तव्य दिया, वो भ्रम पैदा करने की कवायद थी और उससे जवाब मिलने के बजाय नए सवाल खड़े हो गए। राज्यसभा में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में छिड़े वर्तमान संघर्ष के कारण उत्पन्न स्थिति से निबटने के लिए अधिकार संपन्न सात नये समूहों का गठन किया गया है, जो एलपीजी, आवश्यक सेवाओं एवं वस्तुओं की आपूर्ति एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य विषयों की नियमित आकलन कर सुझाव देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर राज्यसभा में वक्तव्य देते हुए कहा कि तीन सप्ताह से अधिक समय हो चुका है तथा इस युद्ध ने विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, राज्यसभा में प्रधानमंत्री मोदी का 20 मिनट का बयान, ज्यादा से ज्यादा भ्रम पैदा करने की एक कवायद थी। उन्होंने कहा, हम तीन मूलभूत प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर चाहते हैं। सबसे पहले, अपने असंगत और अस्थिर कूटनीतिक रुख के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता के संतुलन को बदल दिया है।

प्रधानमंत्री इस स्पष्ट बदलाव के बारे में संसद और राष्ट्र को विश्वास में लेने में क्यों विफल रहे, और भारत की रणनीतिक स्वायत्तता बहाल करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगभग 37-40 भारतीय ध्वज वाले जहाज, जिनमें लगभग 1,100 नाविक हैं, होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं, जिनका माल लगभग 10,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्तिगत रूप से दो बार ईरानी राष्ट्रपति से बात करने और विदेश मंत्री द्वारा अपने ईरानी समकक्ष के साथ कई बार बातचीत करने के बावजूद, भारत अपने स्वयं के जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने में विफल क्यों रहा है?

## संक्षेप

### रसोई गैस की किल्लत से परेशान देश : कांग्रेस

जयपुर। कांग्रेस की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत में रसोई गैस (एलपीजी) की किल्लत हो गई है और देश भर में लोग परेशान हैं। डोटासरा ने यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी संगठनों, विभाग व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व संयोजकों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा, देशभर में गैस की किल्लत से लोग परेशान है, जिसका कारण केन्द्र सरकार की गलत विदेश नीति है। डोटासरा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा उठाई गई चिंताओं का जिक्र करते हुए कहा कि राहुल ने पहले ही सरकार से इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करने का आग्रह किया था। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के अनुसार, केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने शुरू में इन चिंताओं को खारिज कर दिया लेकिन बाद में लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में संकट और एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत के कारण होने वाली परेशानी की बात कही। डोटासरा ने कहा, यह भारत सरकार की गलत विदेश नीति का ही परिणाम है कि रसोई गैस की कमी के कारण ना सिर्फ आम उपभोक्ता परेशान है।

# दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से बजट पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पुलिस के मुताबिक, विधानसभा परिसर की तलाशी के बाद अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और तलाशी अब भी जारी है।

पुलिस को सुबह सात बजकर 28 मिनट पर विधानसभा को बम की धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ और इसके बाद सुबह सात बजकर 49 मिनट पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को भी एक ईमेल भेजा गया। बम की धमकी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सुरक्षा बल ने तलाश शुरू की। हमने परिसर के अंदर और आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बांठिया ने एक बयान में कहा कि विधानसभा में बम निरोधक दल सहित विभिन्न एजेंसियों द्वारा जांच की गई।

अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। ईमेल में कथित तौर पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित कई उच्च पदस्थ गणमान्य हस्तियों का जिक्र था।

# पीएम मोदी सरकार में विदेश नीति जगहंसाई का विषय बनी : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की विदेश नीति को अपनी निजी विदेश नीति बना लिया है तथा यह जगहंसाई का विषय बन गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर कमजोर होने का आरोप फिर लगाया और कहा कि वह वही करेंगे जो अमेरिका और इजराइल कहेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, हमारी विदेश नीति प्रधानमंत्री की निजी विदेश नीति है। आप इसका नतीजा देख सकते हैं। जगहंसाई हो रही है। हर कोई इसे जगहंसाई मानता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जानते हैं कि मोदी क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते हैं। राहुल गांधी का कहना था, अगर प्रधानमंत्री कमजोर हैं तो विदेश नीति कमजोर है। उन्होंने दावा किया, प्रधानमंत्री ने गैरप्रासंगिक भाषण दिया। वह भारत के प्रधानमंत्री हैं, यह दिखना चाहिए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री को विदेश नीति को लेकर समझ नहीं हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि आने वाले समय में एलपीजी, पेट्रोल को लेकर समस्या आएगी। राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री ने कोविड के बारे में बात की।

# साबित हो गया कि आयोग को कौन चला रहा : ममता

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के पत्र पर कथित तौर पर भाजपा की मुहर लगी होने के बाद यह बात संदेह से परे साबित हो गई है कि कौन सी पार्टी पर्दे के पीछे से आयोग को चला रही है। निर्वाचन आयोग के मार्च 2019 के एक पत्र पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केरल इकाई की मुहर लगी पाई जाने के बाद सोमवार को राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। बनर्जी ने चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने के लिए उत्तरी बंगाल के बागडोगरा रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा निर्वाचन आयोग की अधिसूचना पर भाजपा की मुहर लगी होने से यह स्पष्ट हो गया है कि पर्दे के पीछे से आयोग को कौन चला रहा है। पोल खुल चुकी है।

उन्होंने अपने दावों को सही साबित करने के लिए इस विवाद पर एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर दिखाई। मुख्यमंत्री ने आयोग का जिक्र किए बिना कहा, पर्दे के पीछे से अपने खेल खेलने की कोई जरूरत नहीं है। खुलकर सामने आएं और हमसे आमने-सामने मुकाबला करें। बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा नंदीग्राम के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) का तबादला भवानीपुर में करने के कदम से राजनीतिक साजिश की बू आ रही है। उन्होंने परोक्ष रूप से दावा किया कि बीडीओ भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी हैं।

भवानीपुर सीट पर बनर्जी और अधिकारी का मुकाबला होगा। उन्होंने कहा, सोमवार को निर्वाचन आयोग ने राज्य के 73 निर्वाचन अधिकारियों का तबादला कर दिया। इससे पहले, उन्होंने बंगाल के लगभग 70 शीर्ष आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया, जिनमें मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और कोलकाता के मुख्य सचिव शामिल थे। अब हमें पता चल गया है कि इसके पीछे किस पार्टी की भूमिका है।

# परमाणु शक्ति संपन्न देश स्थापित करने का संकल्प : किम

एजेंसी



सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि वह अपने देश को स्थायी रूप से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और सबसे बड़े दुश्मन दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने सोमवार को संसद में अपने भाषण में पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका विरोधी भावनाओं के उभार के बीच उसके खिलाफ संयुक्त मोर्चे में उत्तर कोरिया और मजबूत भूमिका निभाएगा। हालांकि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि उनके दुश्मन चाहे टकराव का विकल्प चुनें या फिर शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का, लेकिन वह किसी भी विकल्प का जवाब देने के लिए तैयार हैं। किम का यह बयान पिछले महीने सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के सम्मेलन में दिए गए उस बयान से मिलता जुलता है, जिसमें उन्होंने दक्षिण कोरिया पर जमकर निशाना साधा था लेकिन ट्रंप प्रशासन के साथ वार्ता के लिए दरवाजे खुले होने की बात कही थी और वाशिंगटन से आग्रह किया था कि वह वार्ता के लिए पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण की अपनी मांग छोड़ दे। सरकारी मीडिया ने बताया कि संसद के दो दिवसीय सत्र के दौरान सोमवार को संविधान संशोधन विधेयक पारित कर दिया गया, लेकिन बदलावों का विवरण नहीं दिया।

# सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल जुटा सकते हैं 8 लाख करोड़ : गडकरी

मुंबई। राजमार्ग क्षेत्र में खर्च की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सड़क परियोजनाओं के लिए हर साल आठ लाख करोड़ रुपये तक जुटा सकती है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण से राजमार्ग निर्माण का बहुत महत्व है और इस पर अधिक खर्च करने से देश की आर्थिक वृद्धि को गति मिल सकती है। बुनियादी ढांचे पर खर्च किया गया एक रुपया, अर्थव्यवस्था में तीन रुपये के बराबर की गतिविधियां पैदा करती हैं। एनएचएआई द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इन्फ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट की बीएसई पर सूचीबद्धता के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, हमारी समस्या यह है कि हम खर्च करने में असमर्थ हैं। हमारे खर्च करने की गति बहुत धीमी है।

उन्होंने कहा कि सरकार राजमार्ग क्षेत्र की मजबूत परिसंपत्तियों के आधार पर बाजार से हर साल पांच लाख करोड़ रुपये जुटा सकती है, इसके अलावा 3.2 लाख करोड़ रुपये का बजटीय सहयोग भी मिलता है।

## इंटरटेनमेंट...

# ‘धुरंधर 2’ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 800 करोड़ के पार




**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज यानी धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने रिलीज के पांचवें दिन यानी सोमवार को भारत में 65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने दुनियाभर में 800 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और फिल्म छावा और पीके के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन 519.12 करोड़ रुपए और ग्रॉस कलेक्शन 619.76 करोड़ रुपए हो गया है। बता दें कि

> **पांचवें दिन भारत में ?65 करोड़ कमाए, छावा-पीके के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ा**

ग्रॉस कलेक्शन टिकट से हुई कुल कमाई होती है, जबकि नेट कलेक्शन टैक्स के बाद बची कमाई होती है। ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 210 करोड़ रुपए की कमाई की, जिससे इसका कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 829.76 करोड़ रुपए हो गया। 5 दिनों की कमाई के मामले में यह फिल्म दूसरे स्थान पर है। इससे आगे 'पुष्पा 2' है, जिसने 881.26 करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च को रिलीज हुई, जबकि इसके पेड प्रीव्यू शो एक दिन पहले 18 मार्च को हुए थे। पांचवें दिन फिल्म के हिंदी वर्जन ने 60 करोड़ रुपए की सबसे ज्यादा कमाई की। वहीं, तेलुगु में 3.50 करोड़ रुपए, तमिल में 1.20 करोड़ रुपए, कन्नड़ और मलयालम में 0.15-0.15 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ। धुरंधर 2 अब बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपए के आंकड़े की ओर तेजी से बढ़ रही है। इसने कई बड़ी भारतीय फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। सोमवार को 800 करोड़ रुपए पार करके, फिल्म ने छावा (807 करोड़ रुपए) और पीके (769 करोड़ रुपए) को भी पीछे छोड़ दिया। फिल्म स्त्री 2 (880 करोड़ रुपए) और कांतारा चैप्टर वन (870 करोड़ रुपए) के लाइफटाइम कलेक्शन से थोड़ी ही पीछे है। उम्मीद है कि मंगलवार तक यह इन फिल्मों के कलेक्शन को पीछे छोड़कर 900 करोड़ रुपए पार कर लेगी।

धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म ने दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए की कमाई की। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। वहीं, 894.49 करोड़ रुपए की कमाई के साथ ही यह हिंदी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। विदेशी बाजारों में भी फिल्म धुरंधर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। खासतौर पर अमेरिका और कनाडा में फिल्म ने 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ‘बाहुबली 2’ का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया।

### रजनीकांत ने धुरंधर 2 की तारीफ की

**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत ने फिल्म धुरंधर 2 की तारीफ की और इसे मस्ट वॉच फिल्म बताया। इसके बाद फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने रजनीकांत की तारीफ पर रिएक्ट करते हुए इसे अपने करियर का खास और इमोशनल मोमेंट बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सोमवार को रजनीकांत ने धुरंधर 2 की तारीफ करते हुए लिखा, ‘क्या फिल्म है’ धुरंधर 2। आदित्य धर बॉक्स ऑफिस के बाप हैं! रणवीर और पूरी कास्ट व क्रू को बहुत-बहुत बधाई।

हर भारतीय के लिए यह फिल्म देखना जरूरी है। जय हिंद। रजनीकांत की तारीफ पर प्रतिक्रिया देते हुए आदित्य धर ने लिखा, ह्यसर, हम सब एंटरटेनमेंट को सिर्फ आपके एक ही बेंचमार्क से मापते हुए बड़े हुए हैं।

### पैन इंडिया फिल्म में पवन सिंह की एंट्री

**मुंबई।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की अपकमिंग पैन-इंडिया फिल्म ‘डकैतः एक प्रेम कथा’ में शामिल किया गया है। मेकर्स ने आधिकारिक पोस्टर के जरिए यह जानकारी दी। पवन सिंह फिल्म के गाने में अपनी आवाज देंगे। फिल्म के मेकर्स ने सोमवार को आधिकारिक पोस्टर जारी कर पवन सिंह की एंट्री कंफर्म की। पोस्टर के साथ बताया गया कि पवन सिंह फिल्म के हिंदी वर्जन में एक डांस नंबर गाएंगे। मेकर्स के अनुसार, फिल्म का गाना ‘टच बेबी, 28 मार्च को रिलीज किया जाएगा। पोस्टर में दर्शकों को धमाकेदार गाने के लिए तैयार रहने को कहा गया है।


# ‘दृश्यम 3’ की रिलीज टली अब 21 मई को आयेगी मूवी




मुंबई। मलयालम एक्टर मोहनलाल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' की रिलीज डेट बदल गई है। जीतू जोसेफ के निर्देशन में बनी यह फिल्म अब 2 अप्रैल की जगह 21 मई, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सोमवार शाम खुद मोहनलाल ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की। खास बात यह है कि 21 मई को मोहनलाल का 66वां जन्मदिन भी है, ऐसे में मेकर्स ने इस दिन को फिल्म की रिलीज के लिए चुना है।

हिंदी में दृश्यम फिल्म को अजय देवगन के साथ इसी नाम से रीमेक किया गया है, हालांकि इस बार मोहनलाल की फिल्म को ही हिंदी में रिलीज किया जाएगा। मोहनलाल ने (पहले ट्विटर) पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'अतीत कभी चुप नहीं रहता वह बस इंतजार करता है। जॉर्जकुट्टी आ रहा है, 21 मई, 2026 को।' दरअसल, फिल्म की रिलीज में देरी की चर्चा पिछले कुछ समय से चल रही थी। हालांकि फिल्म की शूटिंग पिछले साल दिसंबर में ही पूरी हो चुकी थी, लेकिन अब इसे सुपरस्टार के बर्थडे पर रिलीज कर यादगार बनाने की तैयारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की रिलीज टलने के पीछे खाड़ी देशों में चल रहा युद्ध और तनाव भी एक बड़ा कारण हो सकता है। मेकर्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज को लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। इसके अलावा, हाल के दिनों में यश की फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज भी जून तक के लिए टल चुकी है।

फिल्म 'दृश्यम' फ्रेंचाइज की शुरूआत साल 2013 में हुई थी, जो मलयालम सिनेमा के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इसका दूसरा पार्ट 2021 में आया था। हिंदी में इस फिल्म को अजय देवगन के साथ इसी नाम से रीमेक किया गया है, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि, इस बार 'दृश्यम 3' में एक बड़ा ट्विस्ट है। डायरेक्टर जीतू जोसेफ ने साफ किया है कि वे इस बार फिल्म को सीधे 5 भाषाओं में पैन-इंडिया रिलीज करेंगे, यानी मोहनलाल वाली 'दृश्यम 3' हिंदी में भी रिलीज होगी।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com